आषाढ़ कृष्ण पक्ष दशमी 07:19
उपरांत एकादशी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 21 जून 2025
वर्ष 5, अंक 120, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

2024 में बच्चों के खिलाफ अभूतपूर्व स्तर पर पहुंची हिंसा 14

सरकार ने स्वास्थ्य समस्याओं पर दिया ध्यान 12

एक्सिओम-4 मिशन के लिए प्रक्षेपण फिर टला

नई दिल्ली, एजेंसी

- कई बार टलने के बाद रविवार को किया गया था निर्धारित

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) ले जाने वाले एक्सिओम-4 मिशन के लिए रविवार को निर्धारित प्रक्षेपण स्थगित करते हुए कहा कि हाल में रूसी खंड में मरम्मत कार्यों के बाद कक्षीय प्रयोगशाला के संचालन का आकलन करने के लिए उसे अतिरिक्त समय की आवश्यकता है।

स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट के बूस्टर में रिसाव, प्रक्षेपण पथ में खराब मौसम और ज्वेज्दा सर्विस मॉड्यूल के सबसे पीछे वाले भाग में रिसाव के कारण कई बार टाले जाने के बाद एक्सिओम-4 मिशन के तहत प्रक्षेपण 22 जून को करने का लक्ष्य रखा गया था।

एक्सिओम स्पेस ने एक बयान में कहा कि नासा (नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन) ने रविवार यानी 22 जून की निर्धारित तारीख पर प्रक्षेपण नहीं करने का निर्णय लिया है तथा प्रक्षेपण की नई तारीख आगामी दिनों में तय की जाएगी।

देश को तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने में बिहार की होगी बड़ी भूमिका: मोदी

सिवान (बिहार), एजेंसी

- सिवान में 5,900 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का किया लोकार्पण
- राजद पर निशाना, कहा- बिहार दलितों के आदर्श का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत के विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरने में बिहार की बड़ी भूमिका होगी। दुनिया भारत की प्रगति से बहुत प्रभावित है। वे देख रहे हैं कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन रहा है। इसमें बिहार निश्चित रूप से बड़ी भूमिका निभाएगा।

प्रधानमंत्री ने सिवान में 5,900 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की शुरुआत करने और वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के बाद लगभग 45 मिनट के संबोधन में आगामी विधानसभा चुनावों में राजद नीत विपक्ष द्वारा बिहार के आर्थिक संसाधनों पर फिर से कब्जा करने के प्रयासों के प्रति लोगों को आगाह किया। बाबा साहब भीम राव आंबेडकर का कथित रूप से अपमान करने के लिए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की आलोचना की और कहा कि बिहार के लोग दलितों के इस आदर्श का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। सिवान पहुंचे मोदी ने कहा कि आंबेडकर वंशवाद के खिलाफ थे, लेकिन उन्हें (राजद और उसके सहयोगियों को) यह पसंद नहीं है। इसलिए उन्होंने अपने पैरों के पास उनकी तस्वीर रख ली है। ऐसा इसलिए है क्योंकि वे दलितों का तिरस्कार करते हैं। इसके विपरीत, मोदी बाबासाहेब को अपने दिल में रखता है और उनकी तस्वीर को अपने सीने से लगाकर रखना चाहता है। मोदी ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद का नाम लिए बगैर कहा कि 70 वर्षीय बीमार व्यक्ति के पैरों के पास आंबेडकर का चित्र रखा गया था, जिसका विरोध राजग कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राजद-कांग्रेस के लोगों में वंचित जातियों, दलितों, ओबीसी के लोगों के प्रति कोई सम्मान नहीं है। वे खुद को बाबासाहेब आंबेडकर से ऊपर समझते हैं।

लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री मोदी, साथ में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

ओडिशा में की 18,600 करोड़ के 105 प्रोजेक्ट की शुरुआत

भुवनेश्वर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को ओडिशा की अपनी यात्रा के दौरान 18,600 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 105 विकास परियोजनाओं की शुरूआत की, ओडिशा दृष्टि दस्तावेज का अनावरण किया और नई ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। लखपति दीदी सहित कई लोगों को सम्मानित भी किया। जून 2024 में राज्य में भाजपा नीत सरकार बनने के बाद से छठी बार ओडिशा आए मोदी ने यहां जनता मैदान में सरकार के एक साल पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह में परियोजनाओं की शुरुआत की, तिरंगा यात्रा में शामिल हुए, रोड शो किया।

एक नजर

तटरक्षक बल ने पांच घुसपैठियों को पकड़ा

विशाखापत्तनम। भारतीय तटरक्षक बल ने आंध्रप्रदेश में एक जहाज में अवैध रूप से सवार होकर घुसपैठ वाले पांच लोगों को काकीनाड़ा तट से गिरफ्तार किया है। तटरक्षक बल ने शुक्रवार को बताया कि घुसपैठिए कथित तौर पर मछली पकड़ने वाली नाव से आए थे और काकीनाडा के पास वकालपुडी लाइट हाउस से करीब 2.5 समुद्री मील दूर सहायक जहाज एमवी जीएच पाथफाइंडर में घुस गए थे। उन्होंने बताया कि जहाज के नाविकों ने काकीनाडा स्थित तटरक्षक स्टेशन से सहायता मांगने के लिए एक संदेश भेजा। स्टेशन ने अपनी नियमित गश्ती इंटरसेप्टर नाव को भेजा गया। तटरक्षक बल को आते देख घुसपैठियों ने अपनी नाव से भागने की कोशिश की लेकिन उन्हें पकड़ लिया गया।

मदुरै के मंदिर तोड़ने पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के मदुरै में विस्तारा रेजीडेंसी अपार्टमेंट परिसर में बिना अनुमति के बनाए गए मंदिर को तोड़ने पर शुक्रवार को रोक लगा दी और मदुरै निगम को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति उज्जल भुयान और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने विस्तारा वेलफेयर एसोसिएशन की याचिका पर यह अंतरिम आदेश पारित किया। याचिका में मंदिर को गिराने का निर्देश देने वाले मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई थी।

सरकार की नीतियां दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने के लिए : मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एनआईईपीवीडी में किया बच्चों को संबोधित

- दृष्टिबाधित बच्चों का शुभकामना गीत सुनकर भावुक हुईं राष्ट्रपति

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को दृष्टिबाधित बच्चों का शुभकामना गीत सुनकर भावुक हो गईं। उनकी आंखों में उस समय आंसू आ गए, जब दृष्टिबाधित बच्चों के एक समूह ने उनके 67वें जन्मदिन पर उन्हें शुभकामनाएं देने के लिए गीत गाया।

यहां राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान (एनआईईपीवीडी) के भ्रमण के दौरान बच्चों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि जब उन्होंने इतना सुंदर गीत गाया तो वह भावुक हो गईं। राष्ट्रपति ने कहा, मेरी आंखों से आंसू रोके नहीं रुका। मुझे लगता है कि वे गले से नहीं अपने हृदय से गा रहे थे। जैसे सरस्वती उनके गले में बैठकर गा रही थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि, बच्चों के समूह की गायन प्रतिभा ने उनके इस विचार को पुष्ट किया कि दिव्यांगता के साथ पैदा होने वाले बच्चों में कुछ विशेष क्षमताएं होती हैं। राष्ट्रपति ने बच्चों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि उनकी सफलता निश्चित है। कहा कि सरकार की नीतियां दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने और उन्हें आगे बढ़ने के समान अवसर प्रदान करने के लिए बनाई गई हैं। राष्ट्रपति ने दिव्यांग बच्चों को सशक्त बनाने के लिए समर्पण के साथ काम करने हेतु संस्थान से जुड़े सभी लोगों की भी सराहना की। कहा कि भारत का इतिहास दयालुता और समावेशिता के उदाहरणों से भरा पड़ा है। उन्होंने बच्चों से शिक्षा के माध्यम से सशक्त होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने को कहा। कहा कि, किसी देश या समाज की प्रगति का आंकलन इस बात से लगाया जा सकता है कि उस समाज में लोग दिव्यांगजनों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं।

इस अवसर पर राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक एक मजबूत भारत के सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और आप राष्ट्र निर्माण की इस यात्रा का अभिन्न अंग हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रपति के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। कहा कि राष्ट्रपति का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। बहुत ही साधारण पृष्ठभूमि से आने के बावजूद वह उच्च पदों पर पहुंचीं और हमेशा वंचित वर्गों के उत्थान के लिए काम किया।

देहरादून में कैफेटेरिया और स्मृति चिन्ह केंद्र का उद्घाटन करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, साथ में राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

राष्ट्रपति निकेतन और तपोवन का लोकार्पण

देहरादून। राजधानी देहरादून में शुक्रवार को राजपुर रोड स्थित राष्ट्रपति तपोवन और राष्ट्रपति निकेतन को जनता के लिए खोल दिया गया। अपने तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरे के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति निकेतन में जन सुविधाओं जैसे आगंतुक सुविधा केंद्र, कैफेटेरिया और सोवेनियर की दुकान का लोकार्पण किया। साथ ही, राष्ट्रपति निकेतन में राष्ट्रपति उद्यान की भी आधारशिला रखी। इस अवसर पर राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर राष्ट्रपति ने कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और समान भागीदारी के लिए प्रयास कर रही है।

हमारी सनातन संस्कृति का मूल स्तंभ है योग : धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग हमारी प्राचीन विरासत का बहुमूल्य उपहार है जो मनुष्य की मानसिक व शारीरिक शक्ति में वृद्धि और आध्यात्मिक ऊर्जा बढ़ाने में सहायता करता है। नियमित योग अभ्यास तनाव कम करने, जीवन को संतुलित बनाए रखने तथा असंभव लक्ष्य को पाने में विशेष भूमिका निभाता है।

उन्होंने कहा कि, योग भारत की प्राचीनतम और समृद्ध परम्परा की एक पहचान है। पूरी मनुष्यता को हमारे ऋषि-मुनियों की यह महत्वपूर्ण देन है। योग साधना के द्वारा हम शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि योग के द्वारा आज दुनिया में हमारी विशिष्ट पहचान बनी है।

योग के लिये दुनिया भारत की ओर देख रही है। योग ने देश व दुनिया को स्वस्थता का भी संदेश दिया है। योग ने मनुष्य की सुख शान्ति की राह प्रशस्त की है। महान ऋषि पतंजलि ने योग के माध्यम से लोगों को जीने की राह दिखाई है। योग से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं।

केंद्र सरकार कराएगी प्रवेश परीक्षाओं की निष्पक्षता की जांच

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने गठित की 9 सदस्यीय समिति
- कोचिंग पर छात्रों की निर्भरता की भी होगी पड़ताल

कोचिंग संस्थानों और 'डमी स्कूलों' के बढ़ते चलन के साथ-साथ प्रवेश परीक्षाओं की प्रभावशीलता और निष्पक्षता की जांच के लिए शिक्षा मंत्रालय ने नौ सदस्यीय समिति गठित की है। अधिकारियों ने बताया कि उच्च शिक्षा सचिव विनीत जोशी की अध्यक्षता वाली समिति उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिए कोचिंग सेंटरों पर छात्रों की निर्भरता कम करने के उपाय सुझाएगा।

शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि समिति मौजूदा स्कूल शिक्षा प्रणाली में मौजूद उन खामियों की जांच करेगी, जिनके कारण छात्र कोचिंग सेंटरों पर निर्भर हो जाते हैं। विशेष रूप से यह समिति इस बात पर गौर करेगी कि किस तरह रटने की प्रवृत्ति हावी है और आलोचनात्मक सोच, तार्किक विवेक, विश्लेषणात्मक क्षमता और नवाचार पर सीमित ध्यान दिया जा रहा है।



पता लगाएंगे डमी स्कूलों के उभरने के कारण

अधिकारी ने कहा कि 'डमी स्कूलों' के उभरने के पीछे के कारणों की जांच की जाएगी और समिति औपचारिक स्कूली शिक्षा की कीमत पर पूर्णकालिक कोचिंग को प्रोत्साहित करने में उनकी भूमिका का अध्ययन करेगी तथा उन्हें कम करने के उपाय सुझाएगी। समिति स्कूल शिक्षा प्रणाली के संदर्भ में प्रतियोगी प्रवेश परीक्षाओं की प्रभावशीलता और निष्पक्षता तथा कोचिंग उद्योग के विकास पर उनके प्रभाव का अध्ययन करेगी।

उत्तरकाशी में मकान की दीवार ढही, चार की मौत

उत्तरकाशी में दीवार ढहने से क्षतिग्रस्त हुआ घर।

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- ओडाटा गांव के मोरा तोक स्थित गुर्जर बस्ती में गुरुवार रात हादसा

अमृत विचार : उत्तरकाशी जिले में बड़ा हादसा हो गया। एक मकान की दीवार ढहने से 10 माह की मासूम समेत चार लोगों की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस व प्रशासन की टीम ने मलबा हटाकर शवों को निकाला। फिलहाल दीवार ढहने के कारणों की जांच की जा रही है। हादसा गुरुवार की देर रात हुआ।

जनपद उत्तरकाशी के राजस्व गांव ओडाटा के मोरा तोक स्थित गुर्जर बस्ती में गुरुवार की देर रात करीब दो बजे गुलाम हुसैन के घर की दीवार ढह गई। इससे घर में सो रहे गुलाम हुसैन (26) पुत्र अली अहमद, उनकी पत्नी रुकमा खातून (23), पुत्र आबिद (03) और 10 माह की पुत्री सलमा मलबे में दब गए। घटना की सूचना पड़ोसियों ने पुलिस को दी। पुलिस व प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और दबे हुए लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। तहसीलदार जेएस असवाल ने बताया कि पुलिस व एसडीआरएफ ने तुरंत बचाव कार्य शुरू कर दिया था। मलबा हटाकर घरवालों को निकाला गया लेकिन दुर्भाग्यवश उन्हें बचाया नहीं जा सका।

दीवार गिरने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है हालांकि पिछले दिनों हो रही बारिश से मकान को नुकसान होने की आशंका है।

संजीव कुमार ने संभाला महालेखाकार का चार्ज

देहरादून। भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा सेवा के 2009 बैच के अधिकारी संजीव कुमार ने मोहम्मद परवेज़ आलम, महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) से उत्तराखंड राज्य के नए महालेखाकार (लेखा परीक्षा) के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। संजीव कुमार ने आईआईटी मद्रास से एमटेक किया है। भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा सेवा में नियुक्ति से पूर्व वैज्ञानिक के रूप में इसरो में भी अपनी सेवाएं दी हैं।

ईडी ने बंगाल, दिल्ली में जब्त किए बैंक खाते और दस्तावेज

कोलकाता, एजेंसी

- ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी मामले में की कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी की जांच करते हुए पश्चिम बंगाल और दिल्ली में तलाशी अभियान चलाकर 12 करोड़ रुपये से अधिक के बैंक खाते और दस्तावेज जब्त किए।

ईडी के कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय ने ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी से संबंधित धन शोधन जांच के मामले में पश्चिम बंगाल और नई दिल्ली में सात स्थानों पर छापेमारी की, जहां भोले-भाले निवेशकों को उच्च रिटर्न के झूठे वादों के साथ पैसा निवेश करने के लिए गुमराह किया गया। तलाशी के दौरान, इन गतिविधियों से जुड़े लगभग 203 बैंक खातों को बंद कर दिया गया और 12 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अचल संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज जब्त किए गए। ईडी ने कहा कि अब तक बंद किए गए 147 बैंक खातों में 4.5 करोड़ रुपये राशि जमा हैं। प्रमुख जांच एजेंसी ने रिकॉर्ड, मोबाइल फोन और लैपटॉप भी जब्त किए। एक परिसर से 4.5 लाख रुपये की नकदी भी जब्त की।

ईरान ने भारतीयों की निकासी को हवाई क्षेत्र प्रतिबंध हटाया

नई दिल्ली। ईरान ने मशहद से लगभग 1,000 भारतीय नागरिकों को निकालने के वास्ते तीन विशेष उड़ानों के लिए हवाई क्षेत्र प्रतिबंध हटा दिए हैं। ईरानी दूतावास में मिशन के उप प्रमुख मोहम्मद जावेद हुसैनी ने कहा कि जरूरत हुई तो भारतीयों को वापस लाने के लिए आने वाले दिनों में और अधिक उड़ानें संचालित की जा सकती हैं। ईरान की राजधानी तेहरान पर इजराइली हमलों के बाद भारतीयों को मशहद शहर ले जाया गया। निकासी उड़ानों का संचालन ईरानी एयरलाइन द्वारा किया जाएगा, जिसका प्रबंध भारत कर रहा है।

एसीबी की सिसोदिया से 3 घंटे तक पूछताछ

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली के सरकारी स्कूलों के कक्षा निर्माण में भ्रष्टाचार का मामला

दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से यहां सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण से संबंधित कथित भ्रष्टाचार के मामले में भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने शुक्रवार को तीन घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की।

एसीबी ने सरकारी स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण में कथित भ्रष्टाचार को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) नेताओं सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को तलब किया था। जैन 6 जून को एजेंसी के समक्ष पेश हुए थे। मामला दिल्ली के सरकारी स्कूलों में कक्षाओं और भवन का निर्माण अत्यधिक लागत में करने से संबंधित कथित अनियमितताओं से जुड़ा हुआ है। संयुक्त पुलिस आयुक्त (एसीबी), मधुर वर्मा ने कहा कि सिसोदिया पूर्वाह्न 11 बजे एजेंसी के समक्ष पेश हुए। वर्मा ने कहा कि सिसोदिया से पंच गवाह की मौजूदगी में पूछताछ की गई और उनके जवाब दर्ज किए गए। पूछताछ के बाद वह अपराह्न 2.30 बजे एसीबी कार्यालय से चले गए। दिल्ली सरकार के स्कूलों में 12,000 से अधिक कक्षाओं या अर्ध-स्थायी संरचनाओं के निर्माण में 2,000 करोड़ की वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के आधार पर 30 अप्रैल को एसीबी द्वारा एक प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद समन जारी किए गए।

300 से अधिक पासबुक व सरकारी फाइलें जब्त

नई दिल्ली। कक्षा निर्माण घोटाले के संदर्भ में ईडी ने शुक्रवार को कहा कि उसने मजदूरों के नाम पर खोले गए बैंक खातों (म्यूल) से जुड़ी 300 से अधिक पासबुक जब्त की हैं, जिनके जरिए पिछली आम आदमी पार्टी सरकार के दौरान कक्षा निर्माण 'घोटाले' से प्राप्त राशि की 'हेराफेरी' की गई थी। जांच एजेंसी ने इस सिलसिले में 18 जून को दिल्ली में 37 स्थानों पर तलाशी ली थी। जिसमें कई फाईलें भी जब्त की थी।

शहर बनेंगे ग्रीन सिटी, भवन निर्माण पर लागू होंगे हरित मानक

शहरी हरित नीति को कैबिनेट की मिली मंजूरी, स्मार्ट ग्रीन शहरों में बनेंगे वर्टिकल गार्डन, पार्क और मियावाकी फॉरेस्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शहरी निकायों में पर्यावरण संरक्षण के प्रयास होंगे तेज

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को शहरी हरित नीति को मंजूरी दे दी है। नगर विकास विभाग से प्रस्तावित इस नीति का मुख्य उद्देश्य राज्य में निरंतर और संपोषणीय विकास को बढ़ावा देना है। जिसके तहत शहरी निकायों में पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को आगे बढ़ाया जाएगा।

साथ ही ग्रीन सिटी मॉनिटरिंग प्रणाली को विकसित किया जाएगा, जो शहरों को उनकी हरित पहलों के आधार पर ग्रीन स्टार रैंकिग प्रदान करेगा। इस कड़ी में शहरों में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने को वर्टिकल और रूफटॉफ गार्डेन के अलावा मियावाकी जंगलों को भी विकसित किया जाना है। शहरी हरित नीति के तहत तीन-स्तरीय रणनीति अपनाई जाएगी, जिसमें शहर, मोहल्ला और भवन स्तर पर हरित पहलों को बढ़ावा दिया जाएगा। एक ओर शहरी क्षेत्र में मियावाकी पद्धति का उपयोग करते हुए तीव्र विकास वाले घने मिनी-वनों का निर्माण किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर ग्रीन बेल्ट, निम्न-उत्सर्जन क्षेत्र, स्पॉन्ज पार्क और शहरी हरित मेले आयोजित किए जाएंगे। मोहल्ला स्तर पर, पॉकिट पार्क, सामुदायिक बग़ीचे और पार्क गोद लेने की योजनाओं का विकास किया जाएगा। साथ ही नए निर्माणों के लिए हरित भवन मानकों को अनिवार्य किया जाएगा। शहरी हरित नीति को तीन चरणों में लागू किया जाएगा। पहले चरण में ये नीति 2025–2027 तक स्मार्ट शहरों और प्रमुख महानगरों पर ध्यान केंद्रित करेगी। दूसरे चरण में 2027–2030 तक उन शहरों को शामिल किया जाएगा जिनकी जनसंख्या एक लाख से अधिक है। जबकि तीसरे चरण में वर्ष 2030 के बाद ये नीति पूरे राज्य की नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में भी लागू की जाएगी।

कई योजनाओं से धनराशि एकत्रित की जाएगी

प्रदेश में शहरी हरित नीति के संचालन के लिए विभिन्न केंद्र और राज्य की योजनाओं के माध्यम से धनराशि एकत्रित करने का प्रावधान है। जिसमें अमृत 2.0, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम, केंद्रीय वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग शामिल हैं। शहरी स्थानीय निकाय अपनी आय, सीएसआर फंड और अन्य स्रोतों से भी सहायता प्राप्त की जा सकती है। शहरी हरित नीति के तहत सामुदायिक भागीदारी को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। जिसमें स्कूलों, कार्यालयों और संगठनों के माध्यम से वृक्षारोपण अभियान चलाए जाएंगे। रूफटॉफ और वर्टिकल गार्डन को प्रोत्साहित किया जाएगा।

शहरों को मिलेंगी ग्रीन सिटी की विविध रैकिंग

शहरी हरित नीति के तहत ग्रीन सिटी मॉनिटरिंग फ्रेमवर्क स्थापित करने का प्रावधान है। जिसके तहत शहरों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाएगा। इसमें शहरों को उनके ग्रीन कवर और हरित पहलों के आधार पर रैंक किया जाएगा। इसके तहत शहरों को ग्रीन सिटी, ग्रीन, ग्रीन और ग्रीन की रैंक प्रदान की जाएगी। प्रत्येक शहर की निगरानी स्थानीय, राज्य और तीसरे पक्ष की एजेंसियों द्वारा की जाएगी। सर्वाधिक रैंकिग प्राप्त करने वाले शहर अल्टीमेट ग्रीन सिटी का पुरूस्कार प्राप्त करेंगे।

उत्तराखण्ड शासन | देवभूमि रजत उत्सव

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

21 जून, 2025 (शनिवार)

थीमः "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग"

विश्व के कल्याण के लिए
देवभूमि में योग का उत्सव

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम

दिनांकः 21 जून, 2025, समयः प्रातः 07:00 बजे

स्थानः भराड़ीसैंण (गैरसैंण) विधानसभा परिसर, चमोली, उत्तराखण्ड

मुख्य अतिथि
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

गरिमामयी उपस्थिति

- 10 देशों के राजदूत और आमजनमानस सहित एक हजार से अधिक अतिथि योगाभ्यास कार्यक्रम में सम्मिलित
- सभी सरकारी कार्यालयों और स्वास्थ्य केंद्रों के कर्मियों की सक्रिय भागीदारी
- व्यापक और भव्य रूप से मनाया जा रहा है प्रदेशभर में योग का उत्सव
- वैश्विक मंच तक योग को जीवनशैली और वैश्विक चेतना बनाने का संकल्प
- सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया ने योग के चमत्कार को माना है

"योग भारत की प्राचीन और अमूल्य विरासत है। नियमित योग अभ्यास से तन मजबूत, मन शांत और आत्मा निर्मल होती है। योग को केवल एक आसन न समझें, इसे अपनी सोच और व्यवहार का अभिन्न अंग बनाएं। निरोगी शरीर और संतुलित जीवन के लिए योग एक अमिट उपहार है। आइए, 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की इस वैश्विक पहल को आगे बढ़ाएं। योग का वरदान, देश-दुनिया के जन-जन तक पहुंचाएं।"

आप सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

आज का मौसम

आसमान में बादलों के साथ बारिश होने की संभावना रहेगी।

32.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.13 | सूर्यास्त 19.14

एक नजर

आज से नए कनेक्शन शुरू वॉशिंग सेंटरों को भी अनुमति

हल्द्वानी : भीषण गर्मी और जल संकट के चलते लगाए गए प्रतिबंधों के बीच जल संस्थान ने घरेलू और कमर्शियल पानी के नए कनेक्शन देने की प्रक्रिया फिर से शुरू कर दी है। साथ ही वॉशिंग सेंटर और भवन निर्माण कार्यों में टैंकरों से पानी के उपयोग पर लगी रोक भी हटा दी गई है। अब जब हालात सामान्य होने लगे हैं, तो जिलाधिकारी के निर्देश पर जल संस्थान ने यह अहम कदम उठाया है। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता आरएस लौशाली ने बताया कि अब नए भवन निर्माण शुरू करने वाले लोग और वॉशिंग सेंटर संचालक बिना किसी अड़चन के अपना कार्य दोबारा आरंभ कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रतिबंध हटने से आमजन को बड़ी राहत मिलेगी, और जल आपूर्ति अब सामान्य गति से संचालित हो रही है।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने स्वास्थ्य कारणों से छोड़ा पद

हल्द्वानी : वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए पद छोड़ दिया गया है। अब वह अपने मूल पद जिला सर्विलांस अधिकारी का दायित्व देखेंगे। उल्लेखनीय है कि डॉ. कांडपाल पहले नगर स्वास्थ्य अधिकारी थे और बाद में पदोन्नत करके वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी बनाए गए। हालांकि स्वास्थ्य सही नहीं रहने की वजह से उनको पद का निर्वहन करने में दिक्कत आ रही थी। बताया कि वह अपने मूल पद पर ही सेवा देंगे। उनकी तैनाती अब सीएमओ कार्यालय नैनीताल में रहेगी। उनकी जगह डॉ. जितेश ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी का कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

22 जून को एथलेटिक्स व बैटरी टेस्ट प्रतियोगिता

हल्द्वानी : अनुसूचित जाति वर्ग के प्रतिभावान खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 22 जून को स्पोर्ट्स स्टेडियम में एथलेटिक्स एवं बैटरी टेस्ट ओपन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता जिला खेल कार्यालय की और से स्पेशल कम्पोनेंट प्लान के अंतर्गत आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन सुबह 10 बजे होगा। इसमें भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को अपने साथ जाति प्रमाण पत्र एवं जन्म तिथि प्रमाण पत्र की फोटोकॉपी अनिवार्य रूप से लानी होगी। निर्धारित दस्तावेजों के बिना खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में शामिल नहीं किया जाएगा। जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत ने खिलाड़ियों से समय पर पहुंचने और आवश्यक दस्तावेज साथ लाने की अपील की है।

सांसद अजय भट्ट, विधायक डॉ. मोहन बिष्ट ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, हर शुक्रवार को होगी संचालित

लालकुआं से प्रयागराज के लिए ट्रेन सेवा हुई शुरू

संवाददाता, लालकुआं/हल्द्वानी

अमृत विचार : कुमाऊं वासियों के लिए खुशखबरी है। रेलवे ने लालकुआं से प्रयागराज के लिए ट्रेन की सेवा शुरू कर दी है। फिलहाल यह ट्रेन साप्ताहिक है और प्रत्येक शुक्रवार को चलेगी। यदि यात्री मिलते हैं तो फेरे बढ़ाए जाने पर विचार किया जा सकता है।

सांसद अजय भट्ट, लालकुआं विधायक डॉ. मोहन बिष्ट ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह ट्रेन प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को दोपहर 2:50 बजे लालकुआं से प्रयागराज को रवाना होगी। वहीं, गुरुवार की सुबह 11:30 बजे प्रयागराज से लालकुआं के लिए चलेगी। यह ट्रेन बरेली, कासगंज, फर्रुखाबाद, कानपुर होते हुए प्रयागराज पहुंचेगी। इस ट्रेन के संचालन से प्रयागराज दर्शन के लिए जाने वाले लोगों को सुविधा होगी। साथ ही प्रयागराज एवं उत्तर प्रदेश के अन्य स्थानों से आने वाले लोगों को कुमाऊं के धार्मिक स्थलों के दर्शन और पर्यटन स्थलों तक पहुँचने में सुविधा प्राप्त होगी।

लालकुआं -प्रयागराज ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सांसद अजय भट्ट साथ में विधायक मोहन सिंह बिष्ट। ● अमृत विचार

उन्होंने बताया कि अभी यह ट्रेन ऑन डिमांड चलाई गई है। यदि इस ट्रेन को यात्री मिलते हैं तो भविष्य में इसका स्थायी संचालन किया जाएगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, अध्यक्ष नगर पालिका सुरेन्द्र सिंह लोटनी, रंजन बर्गली, भुवन जोशी, अरुण जोशी, राज सेतिया, धन सिंह बिष्ट, बॉबी सम्भल, ओम पाल कश्यप, पवन चौहान, हेमंत नरूला, संजय अरोड़ा मौजूद रहे।

सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर ग्रामीण लामबंद

संवाददाता, हल्द्वानी

● ओखलकांडा वासियों ने धारी एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार : धारी ब्लॉक में शहीद इंद्र सिंह बर्गली मोटर मार्ग के डामरीकरण की मांग को लेकर लोगों ने धरना-प्रदर्शन कर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। चेतावनी दी कि यदि जल्द डामरीकरण नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन होगा।

ओखलकांडा वासियों ने शुक्रवार को धारी उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कहा कि ओखलकांडा तल्ला से मल्ला तक शहीद इंद्र सिंह बर्गली मोटर मार्ग लगभग ढाई किमी तक बदहाल है। कई वर्षों से नाली, डामरीकरण व मरम्मत नहीं होने से सड़क की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। यह सड़क प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज व अन्य ग्राम पंचायतों को जोड़ती है। इस सड़क की मरम्मत को लेकर कई बार लोनिवि से शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

गुस्साए लोगों ने धरना प्रदर्शन किया और चेतावनी दी कि यदि सड़क की जल्द मरम्मत नहीं की गई तो उग्र आंदोलन होगा। इस दौरान प्रकाश नैनवाल, वीरेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह बोहरा, पानदेव भट्ट, हरीश चंद्र सिंह, ज्योति बिष्ट, नीमा देवी, राधा, दुर्गा पलड़िया, किशन सिंह, महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

मानवीय संवेदनाओं के विरुद्ध है प्रशासन का आदेश: सुमित हृदयेश

आवास विकास कॉलोनी में अतिक्रमण घोषित करने पर प्रशासन के खिलाफ महापंचायत, विधायक ने न्याय की लड़ाई में हरसंभव साथ देने का आश्वासन दिया

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: आवास विकास कॉलोनी में प्रशासन द्वारा अतिक्रमण घोषित कर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू किए जाने के विरोध में शुक्रवार को पंचेश्वर मंदिर पार्क में महापंचायत हुई। क्षेत्रीय विधायक सुमित हृदयेश ने प्रभावित परिवारों को न्याय की लड़ाई में हरसंभव साथ देने का आश्वासन दिया।

विधायक हृदयेश ने कहा कि यह आदेश न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं के भी विरुद्ध है। हम इस लड़ाई को सड़क से लेकर सदन और आवश्यकता पड़ने पर न्यायालय तक भी ले जाएंगे। महापंचायत में बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और युवा शामिल हुए। विधायक ने मौके पर मौजूद नागरिकों को भरोसा दिलाया कि वे उनके साथ पूरी मजबूती से खड़े हैं और किसी को भी बेघर नहीं होने दिया जाएगा। कहा हम सबको एकजुट रहकर इस अन्याय के विरुद्ध आवाज़ उठानी होगी। विकास के नाम पर गरीबों के घर उजाड़ने की राजनीति अब नहीं चलने दी जाएगी। महापंचायत में क्षेत्र के वरिष्ठजन, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी उपस्थित रहे। इस दौरान गुरीप्रीत सिंह प्रिंस, हर्षित भट्ट, भुवन पांडेय, मोहन सिंह भंडारी, खीमानंद पांडेय, हेमंत चुफाल, सुरेश किरौला, योगेंद्र श्रीवास्तव, केएन जोशी, भीम सिंह बोरा, कमल सिंह कराकोटी, रेवती देवी, भावना बिष्ट, नंदी देवी, नंदनी गोस्वामी, सीमा कोठारी, गंगा कराकोटी, तारा कन्याल, विनीता वर्मा, अनिता रावत, दुर्गा देवी, कीर्ति सिंह रावत रहे।

महापंचायत में बोलते विधायक सुमित हृदयेश।

दमुवाढूंगा में रकसिया नाले का निरीक्षण करतीं नगर आयुक्त ऋचा सिंह। ● अमृत विचार

रकसिया, कलसिया व देवखड़ी नालों के किनारे बसे लोगों को हटने के निर्देश

हल्द्वानी : मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए रकसिया, कलसिया और देवखड़ी नाले के पास नालों के किनारे बसे लोगों को जगह खाली करने के लिए कहा गया है। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने शुक्रवार को रकसिया नाले का निरीक्षण किया। इस दौरान पाया कि क्षेत्र में अवैध निर्माण भी किए जा रहे हैं। जिसे नगर आयुक्त के निर्देश पर रोक दिया गया है। उन्होंने नाले के पास बसे झुग्गीवासियों और स्थायी निर्माण कर रहे लोगों को जल्द वहां से हटने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ही लोगों ने अपनी झुग्गियां खाली नहीं की तो मजबूरन नगर निगम को अतिक्रमण हटाने के लिए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करनी होगी। नगर आयुक्त के निर्देश पर शुक्रवार को क्षेत्र में मुनादी भी कराई गई। जिसमें स्थानीय लोगों को मानसून के दौरान आपात स्थिति को ध्यान में रखते हुए नाले, रौले और नदी के किनारे बनाए अस्थायी आवास खाली करने को कहा गया। उल्लेखनीय है कि हर साल रकसिया, कलसिया और देवखड़ी नाले के उफान में आने से यहां झुग्गियों और अवैध रूप से बने घरों में जान-माल का नुकसान होता है। निगम के अनुसार क्षेत्र में राजस्व भूमि पर अतिक्रमण काबिज कर एक दर्जन से अधिक झुग्गियां बसाई गई हैं। साथ ही क्षेत्र में कुछ घर अवैध रूप से बनाए गए हैं। इन घरों को स्टांप पर खरीदा गया है। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने लोगों से निर्माण संबंधित दस्तावेज मांगे तो कुछ लोगों ने अपने स्टांप दिखाए। उन्होंने लोगों से बारिश के दौरान नदी-नालों को पार नहीं करने की अपील भी की।

43 वर्गफीट की जगह 200 वर्गफीट में फैली मिली दुकान

संवाददाता, हल्द्वानी

● शिकायत के बाद नगर आयुक्त ने दिए कार्रवाई के निर्देश

अमृत विचार: शहर में एक ओर जहां नगर निगम अतिक्रमण के खिलाफ सख्ती से अभियान चला रहा है, जिसके तहत हर तरह के अस्थायी व स्थायी निर्माण को ध्वस्त किया जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर खुद नगर निगम की दुकानों पर अवैध कब्जे और निर्माण के मामले सामने आ रहे हैं। ताजा मामला हीरानगर स्थित जेल रोड चौराहे का है, जहां नगर निगम की दुकान संख्या 32 ए में भारी अतिक्रमण का खुलासा हुआ है।

पूजा अरोड़ा के नाम दर्ज इस दुकान का मूल क्षेत्रफल 43 वर्गफीट है, जिसके एवज में दुकानदार की ओर से नगर निगम को सालाना 3483 रुपये किराए का भुगतान किया जा रहा है। लेकिन जांच में पाया गया कि अतिक्रमण कर दुकान का क्षेत्रफल करीब 200 वर्गफीट कर लिया गया है। यही नहीं, दुकान के बगल में एक अवैध सीढ़ी बनाकर उसे दोमंजिले में पहुंचा दिया गया है।

नगर आयुक्त ऋचा सिंह को इस अवैध निर्माण की शिकायत मिलने पर तत्काल नगर निगम के सहायक अभियंता नवल नौटियाल को जांच सौंपी। रिपोर्ट में शिकायत को सही पाया गया, जिसके बाद नगर आयुक्त ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के निर्देश दे दिए हैं। उल्लेखनीय है कि जेल रोड चौराहे के पास नगर निगम की कुल पांच दुकानें (संख्या 29, 30, 31, 32 और 32 ए) हैं, जिनमें 32 ए दुकान में यह अवैध निर्माण सामने आया है। इस तरह के मामलों से न केवल आम जनता को असुविधा हो रही है, बल्कि नगर निगम को भी राजस्व की चपत भी लग रही है।

जेल रोड चौराहे पर बनी नगर निगम की दुकानें। ● अमृत विचार

नवाड़ खेड़ा में अवैध प्लॉटिंग की रोक को उपनिबंधक को लिखा पत्र

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

● जिला विकास प्राधिकरण ने लिखा पत्र

● अवैध ढंग से प्लॉटिंग को रेरा के प्रावधानों का उल्लंघन बताया

अमृत विचार : जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण ने नवाड़ खेड़ा में अवैध ढंग से विकसित हो रही आवासीय कॉलोनी पर शिकंजा कसने के मकसद से उपनिबंधक को पत्र लिखकर कहा है कि रजिस्ट्री से पूर्व ध्यान दिया जाए कि रेरा के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं हो।

जिला विकास प्राधिकरण के संयुक्त सचिव एपी बाजपेयी ने उपनिबंधक को पत्र लिखकर कहा कि गौलापार के नवाड़ खेड़ा में खाता संख्या 00150 के खसरा नंबर 387 मि. रकबा 0.107 हेक्टेयर भूमि माया कन्याल पत्नी चंचल सिंह कन्याल के नाम से दर्ज है। इस भूमि पर भूस्वामी की ओर से अवैध ढंग से प्लॉटिंग कर आवासीय कॉलोनी विकसित की जा रही है जो कि स्पष्ट तौर पर रेरा के प्रावधानों का उल्लंघन है। प्राधिकरण ने चालानी कार्यवाही की है, इसी के साथ ही प्राधिकरण से नक्शा स्वीकृत नहीं होने पर उक्त भूमि की खरीद फरोख्त भी विधि विरुद्ध है।

उन्होंने इस खसरे की भूमि की खरीद फरोख्त में रेरा के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं हो, यह ध्यान रखने को कहा है। इसी के साथ ही तहसील प्रशासन को भी कार्यवाही के लिए लिखा गया है।

बिजली का बिल दिखाता पीड़ित परिवार। ● अमृत विचार

23 लाख के बिजली का बिल देखकर उड़े होश

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: स्मार्ट मीटर लगाने के अभियान के बीच शहर के डहरिया क्षेत्र में दो उपभोक्ताओं को लाखों का बिजली बिल मिलने से हड़कंप मच गया। डहरिया स्थित सीएमटी कॉलोनी के उपभोक्ता को जहां 23 लाख 12 हजार रुपये का बिल मिला, वहीं दूसरे उपभोक्ता के पास 2 लाख 62 हजार रुपये का बिल पहुंचा। हैरत की बात यह है कि जिन उपभोक्ताओं को ये बिल मिले हैं, उनका मासिक बिजली खर्च आमतौर पर एक से डेढ़ हजार रुपये के बीच रहता है। ऐसे में अचानक लाखों का बिल आना किसी झटके से कम नहीं है।

सीएमटी कॉलोनी निवासी एक परिवार ने बताया कि वर्षों से उनका मासिक बिजली बिल 1500 रुपये से अधिक कभी नहीं आया, लेकिन इस बार मिले 23 लाख रुपये के बिल से वे हैरान हैं। उसी कॉलोनी में रहने वाले भवानी राम को भी पांच माह पहले लगे स्मार्ट मीटर से 2.62 लाख का बिल मिला है। जबकि उनके घर का मासिक बिजली का खर्च 1200 से अधिक कभी नहीं रहा। यूपीसीएल ग्रामीण के ईई बेगराज सिंह ने बताया कि भवानी राम के मामले में तकनीकी गड़बड़ी सामने आई थी। बिल को संशोधित कर वास्तविक खपत के अनुसार किया गया है। उन्होंने 23 लाख रुपये के बिल का मामला संज्ञान में न होने की बात कही। कहा कि उपभोक्ता को मिला मैसेज फर्जी लग रहा है, उसमें छेड़छाड़ हो सकती है। ऐसा पाया गया तो संबंधित के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

स्थायी समाधान हो

दोनों उपभोक्ताओं ने मांग की है कि स्मार्ट मीटरों की तकनीकी खामियों को जल्द दूर किया जाए और मीटर बदलते समय उपभोक्ताओं को पूरी जानकारी दी जाए। साथ ही हर बिल के साथ उसकी रीडिंग की फोटो या प्रमाण साझा किया जाए, जिससे पारदर्शिता बनी रहे। उपभोक्ता भवानी राम का कहना है कि जब तक सिस्टम में पारदर्शिता और जवाबदेही नहीं आती, तब तक स्मार्ट मीटर जनता के लिए सिरदर्द बने रहेंगे।

शराब पीने और पिलाने पर 261 पर लगा जुर्माना

हल्द्वानी : गुरुवार को एसपी सिटी प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में हल्द्वानी क्षेत्र में और एसपी क्राइम, यातायात जगदीश चंद्र के नेतृत्व में नैनीताल में ऑपरेशन रोमियो चलाया गया। सभी थाना व चौकी प्रभारियों ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों, होटल-ढाबों में शराब पीने पिलाने वाले 261 अराजक तत्वों का पुलिस एक्ट के अंतर्गत चालान किया गया और 27500 रुपये जुर्माना वसूला गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 367 चालकों के विरुद्ध कार्रवाई हुई और 109500 रुपये का जुर्माना वसूला गया। 16 लोगों के विरुद्ध लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई की।

डॉक्टरों ने ट्रांसफर के आदेश को दिखा दिया ठेंगा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: चिकित्सा शिक्षा विभाग ने मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों के ट्रांसफर किए थे। इसमें 22 डॉक्टरों को 17 जून तक नए मेडिकल कॉलेज में ज्वाइनिंग करनी थी लेकिन गिनती के दो से तीन डॉक्टरों ने आदेश को माना है। बाकी के डॉक्टरों में कुछ मेडिकल अवकाश पर चले गए हैं तो कोई तबादला रोकने की कोशिश में है।

मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टरों की कमी पूरी करने को किए गए ट्रांसफर के 10 दिन गुजर जाने के बाद भी ज्यादातर डॉक्टरों ने विभाग के निर्देश को ठेंगा ही दिखा दिया है। राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी से एक डॉक्टर का तबादला किया गया। इन्होंने ज्वाइनिंग नहीं ली बल्कि खुद को देहरादून में अटैचमैट करवा लिया। सरकार को पहाड़ में काम करने वाले डॉक्टर नहीं मिल रहे हैं और जो मिले रहे हैं उनका तबादला किया जा रहा है। अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज के तीन डॉक्टरों की वहीं सेवा देने की इच्छा के बावजूद उनका ट्रांसफर कर दिया है। दून मेडिकल कॉलेज के एक डॉक्टर का हल्द्वानी ट्रांसफर किया गया। जबकि उक्त सीट पहले से भरी हैं। शासन ने एक डॉक्टर के ट्रांसफर का निर्णय टाल दिया है। अब दून के जिस डॉक्टर का ट्रांसफर हल्द्वानी किया गया था उसका ट्रांसफर भी रोक दिया गया है।

> जिन डॉक्टरों ने ट्रांसफर होने के बाद भी ज्वाइंन नहीं किया है, उन्होंने प्रत्यावेदन प्रस्तुत किया है। अगर कोई नियम नहीं मानेगा तो कार्यवाही की जाएगी। -**डॉ. अशुतोष सयाना,** निदेशक, चिकित्सा शिक्षा, उत्तराखंड

डॉक्टरों और कर्मियों के लिए अनिवार्य होगी बायोमेट्रिक उपस्थिति

हल्द्वानी : स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा विभाग में बिना अवकाश अनुपस्थित चिकित्सकों व अन्य मेडिकल कर्मिकों को लेकर विभाग सख्त हो गया है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि सीएचसी, पीएचसी, जिला अस्पताल, बेस अस्पताल और मेडिकल कॉलेज सभी जगह बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य होगी। कहा कि कई बार शिकायत मिली है कि चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टॉफ बिना अवकाश लिए गायब रहते हैं, जिससे अस्पतालों की व्यवस्था चरमरा जाती है सीएमओ और एसीएमओ के साथ ही जिला प्रशासन के अधिकारी भी स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर सकेंगे। निरीक्षण में अनुपस्थित कार्मिकों का वेतन काटने के साथ ही अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

शोध | बटरफ्लाई शोध संस्थान का ऑनलाइन संस्करण प्रकाशित, वर्तमान में हैं 1403 प्रजाति की तितलियां

भारत का दूसरा बटरफ्लाई कैटलॉग प्रकाशित

राकेश सनवाल, भीमताल

अमृत विचार: तितली जगत में रुचि रखने वाले और कीट पतंग के विषय विशेषज्ञों के लिए सुखद समाचार है कि नैनीताल जनपद के भीमताल नगर के बटरफ्लाई रिसर्च ट्रस्ट ने सिनॉप्टिक कैटलॉग ऑफ द बटरफ्लाईस ऑफ इंडिया के द्वितीय संस्कारण ऑनलाइन प्रकाशित कर दिया। हर भारतीय के लिए हर्ष का विषय है कि भारत से कोई भी तितली लुप्त नहीं हुई है, बल्कि प्रजातियों की संख्या बढ़ी हैं। प्रकाशित हुए इस संस्करण में भारतवर्ष में वर्तमान में 1403 प्रजाति तितली की होती हैं, ऐसा उल्लेख किया गया है।

बटरफ्लाई शोध संस्थान के निदेशक पीटर स्मैटाचैक बताते हैं कि 10 साल पहले 2015 में भारतवर्ष का पहला बटरफ्लाई कैटलॉग प्रकाशित किया गया था। जिसमें तितलियों की प्रजाति 1318 उल्लिखित थी। वर्तमान में 10 साल के गहन अध्ययन के बाद पता चला कि भारतवर्ष में वर्तमान में 1403 प्रजातियां हैं। वर्तमान में दूर-दराज के सर्वे लद्दाख अरुणाचल प्रदेश समेत कई अन्य प्रदेशों में अध्ययन किया गया है। जिससे पता चला कि दूर-दराज के क्षेत्र में कई ऐसी तितलियों की प्रजातियां भी हैं, जिनका उल्लेख नहीं किया गया था। उन्हें भी सम्मिलित किया गया है। वहीं, डीएनए टेस्टिंग के आधार पर कई तितलियों को एक प्रजाति का समझा जाता था कि एक ही है पर दोनों के डीएनए भिन्नता के कारण वह भी अलग-अलग निकली। जिसके चलते तितलियों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। पहले कैटलॉग के प्रकाशित होने के बाद लोगों ने जाना कि तितली इस प्रदेश में पाई जाती है, तो उन्होंने उसका आधार बनाकर अपने वहां भी तितलियों का अध्ययन प्रारंभ किया। वहां भी कई प्रकार की तितलियां निकल आईं। वर्तमान में इस कैटलॉग को जनता के लिए फ्री डाउनलोड किया गया है।



आठ वैज्ञानिकों के अध्ययन से प्रकाशित हुआ द्वितीय कैटलौग

आठ वैज्ञानिकों ने इस नई कैटलॉग को गहन अध्ययन के बाद प्रकाशित किया है। इन वैज्ञानिकों में 2 भारत, 2 जापान, 1 रूस, 1 चेक गणराज्य, 1 यूनाइटेड किंगडम और 1 नीदरलैंड के वैज्ञानिक शामिल हैं।

> पूर्व में प्रकाशित तितलियों के कैटलॉग को 34 हजार लोगों ने डाउनलोड किया था। इस बार भी इसको फ्री डाउनलोड रखा गया है। देश विदेश के कई विश्वविद्यालय में भी तितली पर शोध किया जाता है। उन शोधार्थियों के लिए यह द्वितीय कैटलॉग काफी मददगार रहेगा। यह कैटलॉग रिर्सच गेट पर है और फ्री डाउनलोड है। -**पीटर स्मैटाचैक,** निदेशक बटरफ्लाई शोध संस्थान

आईजी ने कुमाऊं में किए 101 दरोगाओं के तबादले

संवाददाता, हल्द्वानी

● नैनीताल जनपद से भी कई दरोगाओं को अन्य जिलों में भेजा

अमृत विचार: कुमाऊं आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने कुमाऊं मंडल में 101 दरागाओं को इधर से उधर किया है। नैनीताल जिले से भी कई दरागाओं को अन्य जिलों में भेजा गया है और साथ ही अन्य जिलों से कई दरागाओं का तबादला करके उन्हें नैनीताल जिले में भेजा गया है।

नैनीताल जिले से चंद्रशेखर कन्याल को बागेश्वर जिले में भेजा गया है। दिलीप कुमार, सुनीता कुंवर, जगत सिंह भंडारी, प्रियंका मौर्य और पंकज जोशी का चंपावत जिले में तबादला किया है। नैनीताल जिले में तैनात नीरज सिंह बल्दिया को बागेश्वर, गगनदीप को अल्मोड़ा भेजा गया है। इनके अलावा रजनी आर्य, विरेंद्र सिंह बिष्ट, बलबीर सिंह, प्रेमा कोरंगा, महेश चंद्र पंत, रविंद्र सिंह और सिमरन को पिथौरागढ़ जिले में भेजा गया है। इसके साथ ही कई दरोगा स्थानांतरण पर अब नैनीताल जिले में आएंगे। इनमें चंपावत जिले से हिमानी गहतोड़ी, सुष्मिता राना, लता बिष्ट, कुंदन सिंह बोरा, मंदाकिनी, तेज कुमार, ललित कुमार पांडे, मीना रावत को तबादला करके नैनीताल जिले में भेजा गया है। बागेश्वर जिले से खष्टी बिष्ट, खुशवंत सिंह और जीवन सिंह सामंत को नैनीताल जिले में भेजा है। पिथौरागढ़ जिले से आरती बाल्मिकी, मेघा शर्मा, प्रकाश चंद्र पांडे, प्रेमा पाटनी, सुरेश कुमार कंबोज और भुवन चंद्र गहतोड़ी को नैनीताल जिले में भेजा है।

हाईकोर्ट: शपथ पत्र के साथ मांगी रिपोर्ट

पशु चिकित्सकों के स्थानांतरण नियमावली को चुनौती देती याचिकाओं पर हुई सुनवाई

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: उत्तराखंड हाईकोर्ट ने पशु चिकित्सकों के स्थानांतरण नियमावली को चुनौती देती याचिकाओं पर सुनवाई की। मामलों की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ ने पशुपालन सचिव को निर्देश दिए हैं कि विभाग में जितने कर्मियों के स्थानांतरण के मामलों पर आपत्तियां आई हैं, उनकी जांच करके उसकी रिपोर्ट शपथ पत्र के साथ दो सप्ताह में अदालत में पेश करें।

शुक्रवार को हुई सुनवाई पर पशुपालन सचिव कोर्ट के आदेश पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए। कोर्ट ने उनसे सवाल किया कि किस आधार पर पशु चिकित्सकों का स्थानांतरण किया गया। स्थानांतरण नियमावली कुछ और कहती है, जबकि इसके विरुद्ध जाकर स्थानांतरण किए गए हैं। स्थानांतरण नियमावली के मुताबिक गंभीर बीमारी से ग्रस्त व 55 साल से अधिक उम्र के कर्मचारियों का स्थानांतरण

नहीं किया जा सकता। उनका भी स्थानांतरण किया गया, जबकि मामूली रोग से ग्रस्त कर्मचारियों का नहीं, जोकि शुगर, यूरिक एसिड व अन्य हल्की बीमारी से ग्रस्त थे। जिनका हाई ब्लड प्रेशर व बाईपास सर्जरी हुई है, उनका स्थानांतरण दुर्गम क्षेत्र में कर दिया। रोग से ग्रस्त कर्मियों से ट्रांसफर लिस्ट जारी होने पर राज्य मेडिकल बोर्ड का सर्टिफिकेट हर साल मांगा जाना चाहिए। ऐसे में तो दुर्गम क्षेत्र में कोई जाना नहीं चाहेगा। हर कोई बीमारी का बहाना लगाएगा। जिस पर कोर्ट ने कहा कि स्थानांतरण करते वक्त ऐसे कर्मचारियों की मेडिकल लिस्ट का अवलोकन किया जाए। कौन किस बीमारी से ग्रस्त है। राज्य मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट का अवलोकन किया जाए। मामले के अनुसार, कई पशु चिकित्सकों के द्वारा अपने स्थानांतरण आदेश को चुनौती देकर कहा गया कि उनका स्थानांतरण नियमों के विरुद्ध जाकर किया गया है, जबकि वे कई गंभीर बीमारी से ग्रस्त है। उन्होंने अपने सेवाकाल के दस वर्ष दुर्गम क्षेत्र में सेवा दी है। अभी भी उनका स्थानांतरण किया जा रहा है। नियमावली के तहत 55 साल की उम्र बीत जाने के बाद कर्मचारियों का स्थानांतरण नहीं किया जा सकता। विभाग ने मामूली रोग से ग्रस्त कर्मचारियों का स्थानांतरण रोक दिया, जबकि वे गंभीर रोग से ग्रस्त और दस साल की सेवा दुर्गम क्षेत्र में कर चुके हैं, इसलिए उनके स्थानांतरण पर रोक लगाई जाए।

अतिक्रमण पर रिपोर्ट मांगी

नैनीताल : उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हल्द्वानी में बार कारोबारियों द्वारा शराब नीति का उल्लंघन किए जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र की खंडपीठ ने राज्य सरकार से बार कारोबारी द्वारा किए गए अतिक्रमण की जांच कर एक सप्ताह में रिपोर्ट पेश करने को कहा है। मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट ने एक सप्ताह बाद की तिथि नियत की है।

पंचायत चुनाव पर हुई सुनवाई

नैनीताल : उत्तराखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए निर्धारित किए गए आरक्षण की रोटेशन प्रक्रिया को चुनौती देती याचिकाओं की सुनवाई की। सरकार से जवाब मांगते हुए सुनवाई की अगली तिथि सोमवार की नियत की है।

टोल उगाही पर रोक जारी रहेगी

नैनीताल : हाईकोर्ट ने मसूरी के प्रसिद्ध जार्ज एवरेस्ट एडवेंचर की लीज पर दी गई 142 एकड़ भूमि को लीजधारक कंपनी के द्वारा लीज की शर्तों का उल्लंघन करने व आम रास्ते से टोल टैक्स वसूले जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका की सुनवाई की। सुनवाई के बाद कोर्ट ने पूर्व में टोल उगाही पर लगी रोक को जारी रखते हुए अगली सुनवाई तक याचिकाकर्ता से शपथ पत्र पेश करने को कहा है।

डाक टिकट जारी करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु व साथ में मौजूद राज्यपाल गुरमीत सिंह।

राजभवन के 125 वर्ष पूरे, डाक टिकट जारी

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को देहरादून स्थित राष्ट्रपति निकेतन में हुए एक कार्यक्रम में नैनीताल के ऐतिहासिक राजभवन के 125 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष डाक टिकट जारी किया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने राष्ट्रपति का इस ऐतिहासिक धरोहर को राष्ट्रीय स्मृति में स्थान दिलाने के लिए आभार जताया। उन्होंने बताया कि नैनीताल का राजभवन ब्रिटिश काल की अद्भुत गौथिक स्थापत्य शैली का उत्कृष्ट नमूना जाता है। राजभवन की भव्य वास्तुकला, भू-संरचना तथा आसपास का प्राकृतिक सौंदर्य इस स्थल को विशिष्ट बनाता है। उन्होंने राष्ट्रपति को एक भारत-श्रेष्ठ भारत कॉफी टेबल बुक भी भेंट की। यह कॉफी टेबल बुक राजभवन में मनाए जाने वाले प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्य स्थापना दिवस पर आधारित है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, राज्यपाल सचिव रविनाथ रामन, चीफ पोस्टमास्टर जनरल शशि शालिनी मौजूद रहीं।

सार-संक्षेप

समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

नैनीताल : कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीएस रावत और सेतु आयोग उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी ने ताज होटल ग्रुप, टाटा स्ट्राइड, इंडियान होटल कार्पोरेशन, उच्च शिक्षा विभाग व स्किल डेवलेपमेंट विभाग के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। वर्तमान शिक्षा सत्र 2025-26 से हॉस्पिलिटी होटल व्यवसाय मैनेजमेंट से संबंधित शॉर्ट टर्म पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जाएंगे। प्रारंभिक चरण में इन पाठ्यक्रमों का संचालन हरमिटेज के होटल मैनेजमेंट स्थित विभाग में होगा। भविष्य में इसे भीमताल परिसर में वृहद स्तर पर संचालित किया जाएगा। सेतु आयोग के उपाध्यक्ष प्रो. राज शेखर जोशी ने बताया कि इस पाठ्यक्रम के विवि में प्रारंभ होने से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर प्रारंभ होंगे। इस अवसर ताज होटल ग्रुप की उपाध्यक्षा श्रीसा चंदना, स्किल डेवलेपमेंट निदेशक संजय खेतवाल, टाटा स्ट्राइड की आपरेशनल हेड शीला दीत्यसम्मादत, कुलपति प्रो. डीएस रावत, प्रो. अतुल जोशी आदि मौजूद रहे।

खेमपुर गेबुआ में कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

कलश यात्रा के साथ शुरू हुई भागवत कथा

रामनगर : ग्राम मदनपुर खेमपुर गैबुआ में श्रीमद् देवी भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने भागीदारी की। श्रीमद् ब्रह्मलीन जैहरी गिरी महाराज की प्रेरणा से आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा में व्यास पंडित सतीश लोहनी ने कहा कि भागवत कथा के श्रवण मात्र से आत्म शांति की प्राप्ति होती है। साथ ही मनुष्य के सभी पापों का नाश भी होता है। इस दौरान यजमान रेवाधर पांडे, विद्याधर पांडे, दयाकिशन सती, संजू पांडे, गोपाल बिष्ट, चंदन नेगी, नवीन भट्ट, किशन भाटिया, भारत नेगी, निर्मला कांडपाल, बशीधर कांडपाल, नवीन पांडे, मोहन नेगी, मोहन चंद्र नैनवाल, राजू जोशी, यमन नैनवाल, भुवन सती, धर्मदत्त सती, विपिन कांडपाल, कमलेश भट्ट, पवन सुयाल आदि मौजूद रहे।

सारिम हत्याकांड में सातवां आरोपी गिरफ्तार

रामनगर : ग्राम बेडाझाल निवासी सारिम की हत्या के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे सातवें आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हत्याकांड के मुख्य आरोपी सिकंदर सहित 6 लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि इस हत्याकांड में फरार चल रहे आरोपियों के घर पर लगातार दबिश दी जा रही थी, लेकिन आरोपी फरार चल रहे थे। गुरुवार की शाम मोहल्ला खताड़ी निवासी फरदीन खान को चोरपानी चौराहे से गिरफ्तार कर उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गई। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। बताया कि अभी तक 7 लोगों को जेल भेजा जा चुका है और फरार अन्य आरोपियों के घरों की कुर्की लेने के लिए न्यायालय में प्रार्थना-पत्र दिया गया है। न्यायालय से आदेश मिलने के बाद शीघ्र फरार आरोपियों के घर की कुर्की की जाएगी। पुलिस टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल, कांस्टेबल विपिन शर्मा व कांस्टेबल महबूब आलम शामिल रहे।

दिनदहाड़े चोरों ने खंगाला मकान

संवाददाता, कालाढूंगी

अमृत विचार: नगर के वार्ड नंबर दो स्थित एक मकान से चोरों ने दिनदहाड़े सोने व चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

वार्ड नं दो निवासी राजू वर्मा ने बताया कि बीते गुरुवार को वह अपनी बहन को लेने मुरादाबाद गए थे। उनकी माता राममूर्ति वर्मा व पत्नी शर्मिला वर्मा मकान में ताला लगाकर दुकान चले गए। देर शाम पड़ोसियों ने ताले टूटे होने की सूचना परिजनों को दी।

परिजन भी मौके पर पहुंच गए। यहां के हालात देखकर परिजनों के होश उड़ गए। चोरों ने अलमारी, बक्सा व अटैची तोड़ दी। चोर घर से मंगलसूत्र, चांदी की चेन, पायल, मोबाइल व बच्चों की गुल्लक भी चोरी करके ले गए। छत के रास्ते जीने से घर में घुसे चोरों ने बेखौफ होकर घर खंगाला। घर में घुसकर चोरों ने लाइट व पंखे भी चलाए। जिससे पड़ोसियों को भनक न लग सके। उधर इस संबंध में थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि जल्द ही इस घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

आत्महत्या की पोस्ट की शेयर, पुलिस ने बचाया

देहरादून : सोशल मीडिया पर आत्महत्या करने संबंधी पोस्ट शेयर करने पर हरिद्वार पुलिस ने एक व्यक्ति को बचाया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिह स्पेशल टास्क फोर्स उत्तराखंड और उनकी टीम की ओर से साइबर अपराध के अतिरिक्त सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में सूचना मिली कि एक व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया पर आत्महत्या करने के संबंध में एक पोस्ट की गई है। घटना थाना कोतवाली नगर जनपद हरिद्वार से संबंधित होने पर कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। इसके आधार पर थाना कोतवाली नगर पुलिस हरिद्वार ने व्यक्ति को आत्महत्या करने से बचाया। पूछताछ में उक्त व्यक्ति ने बताया उसकी पारिवारिक समस्या होने के कारण वह काफी परेशान है। इस कारण उसने इंस्ट्राग्राम पर आत्महत्या करने संबंधी पोस्ट शेयर की थी। बाद में उस व्यक्ति को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
डॉ० अंकिता हेल्थ केयर सेंटर
फिजियोथैरेपी, स्लिमिंग एण्ड फिटनेस
(सभी अत्याधुनिक मशीनों द्वारा इलाज की सुविधा उपलब्ध है)
दर्द से राहत पायें, फिज़ियोथैरेपी अपनायें
Specialist in Weight Loss Diet by Dietician (Mrs)Ritu Chandna
Cupping Dry Wet Dynamic
Dry Needling
Compression Therapy
Diet Chart/ Consult
Speech Therapy
DVT/Varicose Vein Pump
Laser Therapy
PEMF
Long Wave Therapy
Acupressure & Acupuncture
Yoga Timing :
Morning : 7am to 8am Evening : 4pm to 5pm
अन्य जगह इलाज करा चुके निराश रोगी अवश्य सम्पर्क करें -
Physiotherapy, Slimming & Fitness Centre
Dr. Ankita Chandna
Consultant Physiotherapist
(M.P.T. Ortho, M.I.A.P., M.S.C.S.)
Ex. Consultant Jain Neuro Hospital Delhi
Ex. "Govt. Base" Hospital, Almora
ADVANCED PHYSIOTHERAPY
P.E.M.F.
Near Bank of Baroda, Adarsh Nagar, Kaladhungi Road, Haldwani. M. 7017007366, 9193888935

गोवंश को निराश्रित छोड़ने वालों पर करें कार्रवाई: राजेंद्र

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: उत्तराखंड गो सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र अंथवाल ने शुक्रवार को नैनीताल क्लब में जनपद नैनीताल में गो कल्याण से जुड़ी गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने गोशाला स्थापना, संचालन समिति व जनपदीय पशु क्रूरता निवारण समिति से संबंधित कार्यों की प्रगति की जानकारी ली।

बैठक में पशु कल्याण बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत संस्थाएं, ग्राम गो सेवक योजना, गोशालाओं की स्थिति, निर्माणाधीन गोसदनों के लिए भूमि चिन्हिकरण, नवीन प्रस्तावों की स्वीकृति, गोवंश पंजीकरण एवं चालान आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि जनपद में जो व्यक्ति गोवंश को निराश्रित छोड़ते हैं,

समीक्षा बैठक लेते गो सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ .राजेंद्र अंथवाल। ● अमृत विचार

उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाए और नगर निकाय इसके लिए अर्थदंड की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने पशुपालकों से आग्रह किया कि वे अपने पशुओं का पंजीकरण अवश्य कराएं। कहा कि निर्माणाधीन गोशालाओं को शीघ्र पूर्ण किया जाए और सुरक्षित स्थानों पर ही गोशालाओं का निर्माण हो। सभी गोशाला में भूसा भंडारण की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. डीसी जोशी ने बताया कि वर्तमान में जनपद के गोसदनों में लगभग 3000 गोवंश शरणागत हैं तथा तीन गोशाला निर्माणाधीन हैं। पुलिस विभाग को निर्देशित करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि जनपद से बाहर जाने वाली संदिग्ध गाड़ियों की नियमित रूप से गहन जांच की जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनामिका, अपर जिलाधिकारी पीआर चौहान, एसडीएम नवाजिश खलीक व सीओ प्रमोद शाह आदि मौजूद रहे।

नगर पालिका को सौंपा जाए डीएसए मैदान

नैनीताल : देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ ने शुक्रवार को डीएम वंदना सिंह को ज्ञापन सौंपा। इसमें डीएसए खेल मैदान के संचालन को पुन: पालिका को सौंपने की मांग की गई है। कहा कि इस खेल मैदान से पालिका को अब तक अच्छी आर्थिक प्रतिपूर्ति मिलती रही है, जिससे कर्मचारियों के वेतन व पेंशन भुगतान में सहायता होती थी, लेकिन अब इसका संचालन खेल विभाग को सौंपे जाने के कारण पालिका की आय पर बड़ा असर पड़ सकता है, इसलिए खेल मैदान का संचालन पूर्ववत पालिका को ही सौंपा जाए। ज्ञापन देने वालों में संगठन के अध्यक्ष त्रिलोचन टांक, महासचिव सोनू सहदेव व उपसचिव विक्की सिलेलान आदि शामिल रहे।

फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में लक्षिता बोरा ने मारी बाजी

नैनीताल : विशप शॉ इंटर कॉलेज तल्लीताल नैनीताल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर आकर्षक और रचनात्मक प्रस्तुतियां दीं। प्रथम स्थान लक्षिता बोरा (कक्षा 6), द्वितीय स्थान सौम्या (कक्षा 5), तृतीय स्थान आराध्या (कक्षा 11) ने पाया, जबकि सांत्वना पुरस्कार प्रियांशी (कक्षा 4) को दिया गया। विद्यालय प्रशासन ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर विद्यालय की प्रबंधक नीलम दानी, प्रधानाचार्या वीना मैसी, सविता बिष्ट, रीता अधिकारी, पुष्पा पीटर, निरूपमा, ज्योति, मुकेश महरा, नीमा रावत, प्रियांका, कीर्ति यादव एवं मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

एरीज देवस्थल में भ्रमण करते देश-विदेश के वैज्ञानिक। ● अमृत विचार

ऑप्टिकल दूरबीन देखकर अभिभूत हुए वैज्ञानिक

नैनीताल : एरीज में आयोजित एफटीआईआर नामक अंतरराष्ट्रीय पांच दिवसीय सम्मेलन शुक्रवार को देवस्थल भ्रमण के साथ संपन्न हो गया है। एरीज की ऑप्टिकल दूरबीन देखकर देश विदेश के वैज्ञानिक अभिभूत हुए। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के आउटरीच प्रभारी मोहित जोशी ने बताया कि सम्मेलन के पांचवें दिन विभिन्न देशों के वैज्ञानिकों ने देवस्थल स्थित ऑप्टिकल दूरबीन 3.6 मीटर का अवलोकन किया। साथ ही 4 मीटर की लिक्विड दूरबीन भी देखी और इनकी उपयोगिता समझी। इन दूरबीनो से अभी तक हुए खोजों की जानकारी हासिल की। इसके बाद साइंस सेंटर का भ्रमण किया और वहां मौजूद 1.3 मीटर ऑप्टिकल दूरबीन की जानकारी ली। निदेशक डॉ. मनीष नाजा ने बताया कि सम्मेलन बेहद सफल रहा। सम्मेलन की रिपोर्ट तैयार कर केंद्र को भेजी जाएगी। देव स्थल विजिट करने वालों मे जापान के विज्ञानी डॉ. इसामु मोरिनो, विज्ञानी डॉ. मैथियास फ्रे डा जोहान मैलकट, डॉ. क्रिस्टोफ पेट्री, डॉ. बृजेश कुमार, बेल्जियम के डॉ. महेश कुमार शा, एरीज के वरिष्ठ विज्ञानी डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. उमेश दुमका, डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

अतिक्रमण हटाने का मुद्दा उठाया

कालाढूंगी: विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल व दुर्गा वाहिनी के सदस्यों ने थानाध्यक्ष विजय मेहता को ज्ञापन देकर बाजार से अतिक्रमण हटाने व रेहड़ी-फेरी लगाने वालों का सत्यापन कराए जाने की मांग की है। शुक्रवार को थाने पहुंचे सदस्यों ने थानाध्यक्ष विजय सिंह मेहता को बताया कि मुख्य बाजार में दुकानों के आगे अतिक्रमण होने से परेशानी बनी हुई है। बस अड्डे पर अव्यवस्थित तरीके से वाहन खड़े होने से जाम की स्थिति बनी रहती है। मेडिकल स्टोर पर नशे की सामग्री की बिक्री पर रोक लगाने, स्कूलों के खुलने व छुट्टी के समय पुलिस की गश्त बढ़ाने, विद्यालयों में विद्यार्थियों की काउंसिलिंग कराने व रेहड़ी-फेरी लगाने वालों का सत्यापन कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में मोहन सिराडी, गुड्डू चौहान, रवि दिगारी, पुष्कर खनायत, तारा चंद्र आदि शामिल रहे।

खनस्यूं में आयोजित हाफ मैराथन में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी। ● अमृत विचार

हिमांशु बर्गली ने जीती ओपन हाफ मैराथन

भीमताल : जिला खेल कार्यालय हल्द्वानी के तत्वावधान में ओलंपिक दिवस पर ओपन हाफ मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन खनस्यूं में किया गया। प्रतियोगिता में 50 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इसमें हिमांशु बर्गली प्रथम, दीप्ति ने द्वितीय, दीपक बोरा ने तृतीय व सुरेंद्र मेहता ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। तहसीलदार राजेंद्र सनवाल, थानाध्यक्ष विजयपाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजू बर्गली, पूर्व बीडीसी रवि गोस्वामी, संजय, जिला कीड़ा अधिकारी निर्मला पंत, सुरेश चंद पांडे, वॉलीबॉल कोचश्याम मनु भट्ट, महेश फर्तयाल, अंकुश रौतेला, किशोर पाल, मनीष और त्रिलोक सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

BARELLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
FACULTY OF PARAMEDICAL SCIENCES FOPS BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
- BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
- BRIT (Intake-80 Seats)
- BPT (Intake-40 Seats)
- B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
- BOTT (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
- MPT (Intake-20 Seats)
- MMLS (Intake-20 Seats)

Admission Open
Session 2025-26

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
- B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
- M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
- Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
- Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)

Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
- Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
- Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
- Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)

Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

48 घंटे में मानसून आने की संभावना

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: राज्य में मानसून की एंट्री होने वाली है। मानसून उत्तराखंड के पास पहुंच गया है और अगले 48 घंटे के भीतर राज्य में प्रवेश कर जाएगा। इसके साथ ही प्री-मानसून की बारिश की वजह से मौसम सुहावना हो गया है।

मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि अगले 48 घंटे के दौरान राज्य के अंदर मानसून प्रवेश कर जाएगा। अनुमान है कि रविवार की सुबह या रात तक मानसून राज्य में आ जाएगा। राज्य में मानसून आने की सामान्य तारीख 20 से 24 जून है। इस बार मानसून सामान्य तारीख पर ही आ रहा है। पिछले साल मानसून की सामान्य से ज्यादा बारिश हुई थी। इस बार मानसून की सामान्य बारिश होने का अनुमान है। जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय के मौसम विज्ञानी डॉ. आरके सिंह के अनुसार मानसून उत्तर प्रदेश में पहुंच चुका है। अब इसकी बारी उत्तराखंड में आने की है। इधर, हल्द्वानी में बादल छाए रहे और सुबह के समय बारिश भी हुई। अधिकतम तापमान 31.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार 26 जून तक बारिश जारी रहने का अनुमान है।

रिमझिम बारिश के बीच सैलानियों ने की सैर

नैनीताल : सरोवर नगरी में शुक्रवार का दिन रिमझिम बारिश के नाम रहा। पहले तेज फिर हल्की रिमझिम बारिश ने तापमान चढ़ने नहीं दिया। सैलानियों ने रिमझिम बरसात के साथ नगर की सैर की। ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन में नगर में सैलानियों की भीड़ उमड़ना जारी है। इस बीच यातायात भी लड़खड़ाता नजर आया। कई मार्गों में जाम लगने से दिक्कत का सामना करना पड़ा। सुबह के समय आसमान में बादल डेरा डाले रहे और कोहरा भी छाया हुआ था। जिस कारण तापमान नियंत्रित रहा और गर्मी का एहसास नहीं हुआ। अलबत्ता अपराह्न में कुछ देर के लिए तेज बारिश हुई। उसके बाद हल्की रिमझिम का दौर पूरे दिन चला, जो सैलानियों के भ्रमण में व्यवधान नहीं डाल सका। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 26 व न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। आद्रता अधिकतम 95 व न्यूनतम 50 प्रतिशत दर्ज की गई।

पिकअप को कार्यालय में खड़ा कर लगाया ताला, अंदर फंसे श्रद्धालु

रामनगर : नगर एवं इसके आसपास ओवरलोडिंग वाहनों पर शिकंजा कसने के लिए परिवहन विभाग का अभियान इन दिनों तेजी से चल रहा है। हालांकि शुक्रवार को इसी अभियान के तहत विभाग ने श्रद्धालुओं के पिकअप को अपने कार्यालय ओपन गैराज में खड़ा कर बाहर से तला लगा दिया। उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले से एक पिकअप में श्रद्धालु गिरिजा मंदिर दर्शन करने आए थे। परिवहन विभाग टीम ने वाहन को रोक लिया। चालक के पास कोई भी कागज नहीं थे। बाद में यात्रियों को गाड़ी समेत कार्यालय के ओपन गैराज मैदान में लाकर खड़ा कराया गया और उसके बाद मेन गेट का ताला लगा दिया। कर्मचारियों का कहना है कि वाहन में से यात्रियों को उतरने को कहा गया, लेकिन एक भी यात्री नहीं उतरा।

अंदर वाहन में मौजूद श्रद्धालु, बाहर लगा ताला।

एक घंटे तक यह मामला चलता रहा। मामला तूल पकड़ने पर आखिरकार विभाग को ताला खोलना पड़ा और यात्रियों को कार्यालय ओपन गैराज से बाहर निकाला गया। चालक से जुर्माना भी लिया गया। परिवहन विभाग के कर अधिकारी सचिन कुमार ने इसे कर्मचारियों की गलती बताया। मामले की जांच कर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

यूसीसी लागू होने से विवाह, तलाक संपत्ति कानून सबके लिए एक समान

एमबीपीजी कॉलेज में शुक्रवार को यूसीसी पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: एमबीपीजी कॉलेज में शुक्रवार को राजनीति विज्ञान विभाग और कॅरियर काउंसलिंग के संयुक्त तत्वावधान में समान नागरिक संहिता विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य और कार्यक्रम के संरक्षक डॉ. एनएस बनकोटी ने किया।

कार्यक्रम में प्राचार्य ने कहा कि प्रदेश में समान नागरिक संहिता के लागू होने से विवाह, तलाक और संपत्ति के कानून सभी के लिए समान होंगे। मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. आरएस भाकुनी, उपनिदेशक उच्च शिक्षा ने समान नागरिक संहिता विषय पर पीपीटी के माध्यम से व्याख्यान दिया। जिसमें उन्होंने यूसीसी के तहत विवाह पंजीकरण, तलाक, लिव इन रिलेशनशिप, बाल विवाह, वसीयत और उत्तराधिकार आदि पर विचार प्रस्तुत किए गए। यूसीसी कानून को अमल में लाने के लिए कॉलेज में विभागाध्यक्ष प्रो. अलका शर्मा ने बताया कि समान नागरिक संहिता असमानता को समाप्त करने वाला है। कहा कि उत्तराखंड इस कानून को लागू काने वाला देश का अग्रणी राज्य बना है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नवल किशोर लोहनी ने किया। यहां प्रो. बीआर पंत, प्रो. सीएस जोशी, प्रो. पंकज कुमार, प्रो. सीएस नेगी, प्रो. प्रेम प्रकाश, प्रो. कमला पंत आदि मौजूद रहे।

एमबीपीजी कॉलेज के सभागार में आयोजित एक दिवसीय गोष्ठी में मौजूद अतिथि।

यूथ भारती फाउंडेशन के शिविर में योग करते साधक। ● अमृत विचार

यूथ भारती फाउंडेशन के शिविर में लोगों ने किया योग

हल्द्वानी, अमृत विचार : यूथ भारती फाउंडेशन एवं दिव्य योग ने 11वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ थीम के तहत तीनपानी स्थित न्यू बाल संसार स्कूल में योग शिविर आयोजित किया। योगाचार्य दिव्या ने लोगों को विभिन्न योग आसन कराए। यूथ भारती के उत्तराखंड संयोजक डॉ. गौरव गुप्ता ने कहा कि योग जीवन के सभी पहलुओं के बीच संतुलन बनाने के साथ ही स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करता है। मीडिया प्रभारी अरविन्द मलिक ने कहा कि देशभर में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम के तहत इस वर्ष का आयोजन समग्र कल्याण और पर्यावरण सद्भाव को बढ़ावा देने में योग की महत्व भूमिका पर प्रकाश डालता है। योगाचार्य दिव्या उपाध्याय ने कहा कि यह शिविर स्थानीय लोगों में योग के महत्व और जागरूकता को बढ़ावा देगा। योग करने से तनाव मुक्ति होती है और मानसिक शांति मिलती है। प्रतिदिन योग करने से शरीर सभी बीमारियों से दूर रहता है। इस दौरान पंकज उपाध्याय, दीपक मेर, गौरव जोशी मौजूद रहे।

फसल बर्बाद कर रहे हाथी

संवाददाता, हल्दूचौड़

अमृत विचार: विधानसभा लालकुआं की ग्राम सभा गंगापुर कबड़वाल के भानदेव नवाड, कृष्णा नवाड व गंगापुर आदि गांवों में हाथियों का आतंक बना है। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों के आतंक से निजात दिलाए जाने की मांग की है।

ग्रामीणों के अनुसार, जंगली हाथी लगातार फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। रात्रि में वह पहरा दे रहे हैं। सोलर फेंसिंग वर्तमान में लकड़ी परिवहन करने वाले वाहनों द्वारा बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दी गई है। ऐसे में हाथियों का झुंड खेतों में फसलों को बर्बाद कर रहा है। इस संबंध में प्रभागीय वनाधिकारी तराई केंद्रीय वन प्रभाग यूसी तिवारी का कहना है कि हाथियों की रिहायशी इलाकों में घुसपैठ रोकने के लिए वर्तमान में विभाग के पास कोई बजट नहीं है। निगम के वाहनों द्वारा क्षतिग्रस्त सोलर फेंसिंग को ठीक कराने के लिए वह जल्द वन निगम के संबंधित लैंगिक प्रबंधक से वार्ता करेंगे।

15 जुलाई तक सभी कार्मिकों के अभिलेखों का करें डिजिटाइजेशन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: प्रदेश सरकार ने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि 15 जुलाई तक समस्त कार्मिकों की सेवा संबंधी दस्तावेजों का डिजिटाइजेशन हर हाल में पूरा किया जाए। इसमें सेवा पुस्तिका, व्यक्तिगत पत्रावली, पेंशन प्राधिकरण पत्र सहित अन्य जरूरी अभिलेखों को एचआरएमएस पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य किया गया है।

यह निर्देश कोषागार, पेंशन एवं हकदारी निदेशालय की ओर से सभी जिलों के मुख्य कोषाधिकारियों और आहरण-वितरण अधिकारियों को भेजे गए पत्र के माध्यम से जारी हुआ है। गौरतलब है कि 14 दिसंबर 2020 को भी इस संबंध में आदेश जारी किए गए थे, लेकिन अब तक कई विभागों और कार्मिकों ने डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया पूरी नहीं की है। इस प्रक्रिया के पूर्ण होते ही कर्मचारियों की ई-सेवा पुस्तिका तैयार की जाएगी, जिसमें सभी विवरण ऑनलाइन उपलब्ध होंगे। ई-जीपीएफ पासबुक भी बनाई जाएगी, जिससे भविष्य में पेंशन और अन्य लाभों की प्रक्रिया तेज और पारदर्शी हो सकेगी। सरकार ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि तय समय सीमा में कार्य न होने पर जवाबदेही तय की जाएगी।

बाल संस्कार शिविर का हुआ समापन

हल्द्वानी : भारत विकास परिषद काठगोदाम शाखा की ओर से शुक्रवार को दमुवाढूंगा स्थित जेडीएम पब्लिक स्कूल में बाल संस्कार शिविर लगाया गया। शिक्षिका ललिता ने बच्चों को योग के बारे में बताया। पारूल अग्रवाल ने बच्चों को संस्कार, गुड और बैड टच के बारे में बताया। इस दौरान प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. विनय खुल्लर, उपमा शेट्टी, राजेश अग्रवाल, नीलम शर्मा, नमिता जोशी, तनुजा जोशी, दीपक, अल्का माहेश्वरी रहे।

अधिवेशन आज

रामनगर: प्रदेश में कांग्रेस व भाजपा का विकल्प तलाशने के मकसद से विभिन्न संगठनों का अधिवेशन आज आयोजित होगा। यह अधिवेशन अग्रवाल सभा में चार बजे से शुरू होगा। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रधान महासचिव व राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी ने बताया कि दो दिन तक चलने वाले सम्मेलन की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।







एक नजर

सब्जी मंडी में लगे फड़ से तराजू-बांट चोरी

बाजपुर : सब्जी मंडी में लगे फड़ से फल के बाक्स एवं तराजू-बांट चोरी हो गए। पीड़िता ने कोतवाली में अज्ञात के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव बाजपुर निवासी आशा पत्नी कन्हैया लाल ने पुलिस को बताया कि वह सब्जी मंडी में फड़ लगाकर सब्जी एवं फल बेचती है। रोजाना की भांति गुरुवार की देर रात करीब आठ बजे फड़ को सामान समेत त्रिपाल से ढक कर घर चली गई। आरोप है कि शुक्रवार को फड़ पर पहुंची तो सामान बिखरा पड़ा था और सब्जी का बजन करने के लिए रखा तराजू, एक किलो के पांच बाट, सब्जी की क्रेट, खुमानी व आड़ू से भरे चार डिब्बे एवं कुछ पैसे गायब थे। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

पुलिस ने दस हजार लीटर लहन किया नष्ट

काशीपुर : कोतवाली पुलिस टीम ने छापा मार कर कच्ची शराब में प्रयुक्त होने वाला दस हजार लीटर लहन नष्ट कर दिया। बीते दिन कुण्डेश्वरी चौकी पुलिस टीम ने अवैध शराब की कसीदगी को रोकने के लिए रम्पुरा ग्रामीण क्षेत्र में छापेमारी की। इस दौरान टीम ने मौके से करीब दस हजार लीटर लहन नष्ट कर दिया। वहीं झाड़ियों में छुपाकर रखे गये लोहे के चार ड्रमों को कब्जे में लिया गया। साथ ही अन्य उपकरणों को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। टीम में उपनिरीक्षक सन्तोष देवरानी, कांस्टेबल दर्शन सिंह, पीआरडी नवीन कुमार शामिल रहे। एसएसआइ अनिल जोशी ने बताया कि मौके पर कोई भी भट्टी चालू नहीं पाई गई थी। मौके पर लहन रखने वालों के बारे में जानकारी की जा रही है।

जिले में 4870 अभ्यर्थी देंगे वन दरोगा की परीक्षा

परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए हैं 12 परीक्षा केंद्र, सुबह 11 बजे से एक बजे तक आयोजित होगी परीक्षा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : उत्तराखंड अधीनस्थ चयन सेवा आयोग की ओर से रविवार को सुबह 11 बजे से 1 बजे तक वन दरोगा की लिखित परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा को शांतिपूर्ण और पारदर्शिता से संपन्न कराने के लिए जनपद में 12 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। जिनमें 4870 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने डॉ. एपीजे कलाम सभागार में केंद्र व्यवस्थापकों, समन्वयकों व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि जनपद में सेंट पीटर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल किच्छा, आदर्श राजकीय बालिका विद्यालय पंतनगर, अमर इंटर कॉलेज रुद्रपुर, अटल उत्कर्ष राजकीय बालिका विद्यालय किच्छा, भंजूराम अमर इंटर कॉलेज रुद्रपुर, गोविंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रुद्रपुर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फाजलपुर महरौला रुद्रपुर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

इसके अलावा हिमालयन प्रोग्रेसिव स्कूल किच्छा, जनता इंटर कॉलेज रुद्रपुर, अटल उत्कर्ष एएनझा राजकीय इंटर कॉलेज रुद्रपुर, रुद्रपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी भगवानपुर रुद्रपुर, कृष्णा मर्चेंट एसोसिएशन इंटर कॉलेज (जनता इंटर कॉलेज) किच्छा परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा कार्य में कोई लापरवाही भी क्षम्य नहीं होगी। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिसकर्मी तैनात रहेगा। समस्त परीक्षा केंद्रों में धारा 163 लागू रहेगी।

अधिकारियों के साथ बैठक करते एडीएम पंकज उपाध्याय। ● अमृत विचार

ये अधिकारी रहे मौजूद

ओसी गौरव पांडेय, एसीएमओ डॉ.एसपी सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा, सेक्टर मजिस्ट्रेट अधिशासी अभियंता विद्युत उमाकांत चतुर्वेदी, विद्युत एसके तिवारी, लोनिवि अरुण कुमार, एसके अग्रवाल, पेयजल निगम सुनील जोशी, पीएन चौधरी, सुधीर कुमार, उप श्रमायुक्त केके गुप्ता, उप आयुक्त राज्यकर शशीकांत आर्य, डिप्टी उपायुक्त वीर सिंह, परिवहन कर अधिकारी आनंद प्रकाश गुप्ता, सहायक निदेशक डेयरी राजेंद्र सिंह चौहान समेत केंद्र व्यवस्थापक व समन्वयक आदि उपस्थित रहे।

किच्छा में निर्माण कार्य का लोकार्पण करते विधायक बेहड़ एवं उपस्थित क्षेत्रवासी।

कांग्रेस विधायक बेहड़ ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

किच्छा : कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने किच्छा विधानसभा अंतर्गत तमाम क्षेत्रों में विधायक निधि एवं अलग-अलग योजनाओं के माध्यम से करीब 25 लाख रुपये की लागत से निर्मित विकास कार्यों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में स्थानीय क्षेत्रवासियों ने फूल मालाएं पहनाकर विधायक बेहड़ का भव्य स्वागत किया। कांग्रेस विधायक बेहड़ ने ग्राम खुरपिया में 15 .25 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण, ग्राम नारायणपुर कोठा में विधायक निधि से 3 लाख की लागत से निर्मित सीसी सड़क निर्माण कार्य, ग्राम रामेश्वरपुर में 1 .27 लाख रुपए की लागत से सीसी सड़क निर्माण, ग्राम महाराजपुर स्थित काली मंदिर में 2 लाख रुपए तथा ग्राम भूड़ा गौरी स्थित मंदिर में 3 .04 लाख रुपए की लागत से किए गए सौंदर्यकरण कार्य का लोकार्पण किया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों ने विधायक बेहड़ को जनहित से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराते हुए समस्याओं का समाधान जल्द कराए जाने का आग्रह किया। मौके पर राजेश प्रताप सिंह, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, पूर्व ब्लाक प्रमुख अरुण शुक्ला, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, कांग्रेस जिला महामंत्री गुलशन सिंधी, मुन्ना तिवारी, ओमप्रकाश दुआ, देव बहादुर, विजय थापा, जगदीश जोशी, उर्मिला देवी, हरीश यादव, राजकुमार चिलाना, बलविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

दो तालाबों के सौंदर्यीकरण को दी स्वीकृति

- नगर में सड़क, नाली, विद्युतीकरण व अन्य विकास के बोर्ड की बैठक में पांच करोड़ के प्रस्ताव पारित कर सौंपे

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अमृत योजना के तहत नगर के वार्ड-पांच व छह में स्थित तालाबों के सौंदर्यीकरण के लिए 97 लाख स्वीकृत दी। मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृति मिलने पर अध्यक्ष व सभासदों ने आभार व्यक्त किया।

शुक्रवार को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पूर्व अध्यक्ष काबल सिंह विर्क ने बताया कि भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार मुलाकात की। मुख्यमंत्री धामी को पांच करोड़ के विकास कार्य प्रस्तावित किए। विर्क ने बताया कि मुख्यमंत्री धामी ने दिनेशपुर नगर पंचायत के विकास के लिए धन की कमी नहीं आने का आश्वासन दिया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष मनजीत कौर, सभासद राखाल मंडल, नित्यानंद मंडल, सविता बैरागी, शियुली मंडल, रीना गाईन, रेखा शील, सत्यजीत विश्वास, संजय सरकार ने मुख्यमंत्री आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री धामी से शिष्टाचार भेंट करते भाजपा पर्व जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पूर्व अध्यक्ष काबल सिंह विर्क। ● अमृत विचार

रुद्रपुर सिटी क्लब चुनाव : दाखिल हुए 10 नामांकन

- एक पर्चा हुआ खारिज, 22 को होगा मतदान
- पूर्व विधायक के भाई संजय ठुकराल ने भी ठोकी ताल

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : शहर के मुख्य रुद्रपुर सिटी क्लब कार्यकारिणी के निर्वाचन सदस्यों पर 10 नामांकन पत्र दाखिल किए गए, जबकि एक नामांकन पत्र खारिज कर दिया है। नाम वापसी का समय निकलने के बाद अब 22 जून को मतदान व मतगणना की प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

शुक्रवार की सुबह नौ बजे से चुनाव अधिकारी अधिवक्ता बरीत सिंह और सहायक चुनाव अधिकारी सीए अमित गंभीर की मौजूदगी में निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ हुई। जिसमें पूर्व विधायक के भाई संजय ठुकराल के अलावा 11 नामांकन पत्र दाखिल किए गए और दोपहर 12 बजे से एक बजे तक आपत्ति व प्रपत्रों की जांच हुई। जिसमें मनोज मदान का सदस्यता पर्चा जांच में खारिज कर दिया गया। इसके बाद मनीष कुमार गगनेजा, अनुज कुमार अग्रवाल, विजय कुमार अग्रवाल, केवल कृष्ण अरोरा, पंकज बांगा, नरेंद्र बंसल, सुखदेव सिंह, सुरेश कुमार ढींगरा और राजेश धींक का नामांकन सही पाया। इसके आधार पर अब आठ कार्यकारिणी मुख्य सदस्य निर्वाचित होंगे। चुनाव अधिकारी अधिवक्ता बरीत सिंह ने बताया कि 22 जून की सुबह नौ बजे से शाम चार बजे मतदान और पांच बजे परिणाम घोषित होंगे। इसके अलावा 23 जून को सिटी क्लब की कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष, उप सचिव, कोषाध्यक्ष और चार सदस्यों का निर्वाचन होगा। इसमें निर्वाचित आठ सदस्य ही वोटिंग करेंगे। बताया कि कुल मतदाताओं की संख्या 554 है, जबकि डीएम अध्यक्ष, एसएसपी और विधायक तिलकराज बेहड़ पदेन सदस्य हैं।

रुद्रपुर सिटी क्लब के मुख्य सदस्य के लिए निर्वाचन पत्र दाखिल करते पूर्व विधायक के भाई। ● अमृत विचार

सारा योजना के तहत तैयार की जाए कार्ययोजना

- बैठक में नहीं पहुंचे अधिकारियों पर जताई नाराजगी
- जलागम परिषद के उपाध्यक्ष कोरंगा ने की बैठक

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: राज्य स्तरीय जलागम परिषद के उपाध्यक्ष शंकर कोरंगा ने जनपद ऊधमसिंह नगर के तहत स्प्रिंग एंड रिवर रिजुवेनेशन अथॉरिटी (सारा) योजना क्रियान्वयन के संबंध में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों के उपस्थित न होने के कारण रोष व्यक्त किया। साथ ही आगामी बैठकों में सभी को उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

शुक्रवार को विकास भवन सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने सारा योजना के क्रियान्वयन के लिए संबंधित सभी विभागों को वृहद स्तर पर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। योजनाओं में जल संरक्षण के लिए तालाब, पौधरोपण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग टैंक और भूजल स्तर में सुधार के लिए रिचार्ज शाफ्ट आदि कार्यों को शामिल करने के लिए कहा। ग्राम सभा स्तर पर ग्रामीणों को पौधों का वितरण किया जाए एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं एवं कार्यक्रमों की वीडियोग्राफी भी की जाए।

उन्होंने कहा कि जल संरक्षण अभियान में जन-भागीदारी की जाए। साथ ही जल संरक्षण के साथ-साथ नदियों व नहरों में कूड़ा न डालने के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने अमृत सरोवरों एवं जनपद में स्थित तालाबों के पास पौधरोपण और सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा हरेला पर्व पर वृहद स्तर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं और उनके संरक्षण के कार्य भी किये जाएं।

राज्य स्तरीय जलागम परिषद के उपाध्यक्ष ने कहा कि सारा योजना के सकुशल क्रियान्वयन के लिए जनपद में कर्मचारियों की नियुक्तियां करने की कार्रवाई गतिमान है। जनपद में सारा योजना के तहत किये जाने वाले कार्यों की डीपीआर तैयार करने के लिए कंसलटेंट नियुक्त किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनपद में प्रवाहित नदियों व जलाशयों में जमी सिल्ट व गाद को निकाला जाए। वन्य क्षेत्रों में तालाबों, चाल-खाल आदि का निर्माण किया जाए जिससे जल संरक्षण को बढ़ावा मिल सके।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी डॉ.सुशील मोहन डोभाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, सदस्य सचिव व अधिशासी अभियंता सिंचाई भरत सिंह डांगी, आनंद सिंह नेगी, लघु सिंचाई सुशील कुमार, जल निगम सुनील कुमार, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी आदि मौजूद रहे।

अधिकारियों के साथ बैठक करते राज्य स्तरीय जलागम परिषद के उपाध्यक्ष शंकर कोरंगा। ● अमृत विचार

22 की शाम तक उत्तराखंड में दस्तक देगा मानसून

- उत्तर प्रदेश में मानसून हुआ सक्रिय, आज 10 मिलीमीटर बारिश होने की उम्मीद

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : तराई में शुक्रवार की सुबह 1.8 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है। मौसम वैज्ञानिकों ने शनिवार को भी 10 मिलीमीटर बारिश की संभावना जताई है। वहीं मानसून के उत्तर प्रदेश तक पहुंचने के कारण मौसम वैज्ञानिकों ने उत्तराखंड में 22 जून तक मानसून के दस्तक देने की संभावना जताई है। तराई में पिछले कई दिनों से लोग उमस भरी गर्मी से परेशान है। शुक्रवार की सुबह हल्की बारिश हुई। इसके बाद धूप निकल आयी। इससे लोगों को उमस भरी गर्मी से परेशानी हुई। जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि शुक्रवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 25.9 डिग्री सेल्सियस रहा। वातावरण में नमी की मात्रा 73 फीसदी रही, जबकि दक्षिण पूर्व से 7.8 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। शनिवार को 10 मिलीमीटर और रविवार को 20 मिलीमीटर तक बारिश होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में मानसून ने दस्तक दे दी है। इससे संभावना है कि 22 जून की शाम तक उत्तराखंड में भी मानसून दस्तक देगा।

कार्यालय नगरपालिका परिषद, नैनीताल

पत्रांक : 0709/X-6 **नोटिस** दिनांक : 14-07-23

1. श्रीमती लीला बोरा पानी स्व. श्री जीवन सिंह बोरा निवासी म० नं० 123 बाजार वार्ड आशीष होटल मल्लीताल नैनीताल।
2. मुक्ता पाण्डे पुत्री श्री भोला दत्त पाण्डे, निवासी नजदीक श्री खाटू श्याम मन्दिर बमोरी तल्ली, बन्दोबस्ती, हल्द्वानी, जिला नैनीताल।
3. श्री रोमित साह पुत्र श्री मोहन चन्द्र साह, निवासी 49-50 बड़ा बाजार मल्लीताल, नैनीताल। (मुख्तारेआम)

आपको नगर पालिका अधिनियम की धारा 147 की उपधारा (1), (2) व (3) अधीन एतद नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद, नैनीताल के भवन और भूमि सम्पत्ति मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में क्षेत्र सं० 11 भवन सं० 144 तल्लीताल नैनीताल स्थित भवन के फर्स्ट फ्लोर में स्थित एक फ्लैट जिसका क्षे० 39.23 वर्गमीटर सम्पत्ति के सम्बन्ध में निम्नलिखित संसोधन और परिवर्तन करने का निश्चय किया गया है।

उक्त सम्पत्ति की प्रविष्ट मूल्यांकन एवं कर निर्धारण सूची में की जाये तथा इस सम्पत्ति में आपका नाम स्वामी के रूप में अंकित किया जाए तथा इस सम्पत्ति का वार्षिक मूल्यांकन भवन कर व सफाई कर नियमानुसार निर्धारित किया जाना प्रस्तावित है।

पंजीकृत विक्रय लेखपत्र दिनांक 29.05.2023 की प्रमाणित प्रतियों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व अधिकार का अन्तरण हो जाने के कारण मूल्यांकन सूची में अंकित मुक्ता पाण्डे पुत्री श्री भोला दत्त पाण्डे, के स्थान पर अंतरित श्रीमती लीला बोरा पत्नी स्व. श्री जीवन सिंह बोरा का नाम अंकित किया जाना प्रस्तावित है।

अत. उपरोक्त प्रस्तावित संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण के सम्बन्ध में आपको कोई आपत्ति हो जो स्पष्ट तर्क संगत तथ्यों सहित अपनी आपत्ति लिखित रूप में स्वयं या अपने अभिकर्ता द्वारा इस नोटिस की तामील के दिनांक से एक माह के अंदर अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करें अन्यथा निर्धारित अवधि समाप्त होने वाले दिनांक के अगले दिन या उसके बाद संशोधन और परिवर्तन या मूल्य निर्धारण जैसी भी स्थिति हो का अधिप्रमाणिकरण कर दिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद नैनीताल

अमृत विचार हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

कार्यालय जिला प्रोवेशन अधिकारी / जिला बाल संरक्षण अधिकारी उधमसिंहनगर

पत्रांक : 101 म०क०/विज्ञप्ति/2025-26 दिनांक : 18 जून, 2025

विज्ञप्ति / शुभकामना संदेश

महिला कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड

जनपद में महिला कल्याण विभाग के अन्तर्गत मिशन वात्सल्य योजना के तहत संचालित चाइल्ड हेल्प लाईन 1098 चाईल्ड हेल्पलाईन 1098 (24×7) संचालित है जिसके अन्तर्गत आवश्यकता की श्रेणी के बच्चों एंव अपराध के शिकार बच्चों हेतु त्वरित एवं आवश्यक सहायता प्रदान की जाती है। चाईल्ड हेल्पलाईन 1098 के अन्तर्गत निम्न श्रेणी बच्चों को त्वरित सहायता दी जाती है।

1- गुमशुदा बच्चे
2- निराश्रित लावारिस बच्चे
3- घर से भागे हुए बच्चे
4- दिव्यांग बच्चे
5- गंभीर बीमारी से ग्रसित बच्चे
6- देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चे
7- बाल श्रम एवं कूड़ा बीनने वाले बच्चे

अन्य सुविधाएं - आपातकालीन स्थिति में पुलिस के साथ समन्वय, विधिक सहायता परामर्श सेवाऐं

यदि कोई बच्चा (0 से 18 वर्ष) खोया हुआ, अकेले घूमता हुआ, अनाथ, मुसीबत में फंसा हुआ बाल श्रम भिक्षावृत्ति या बाल विवाह होते हुए दिखाई दे तो वे 1098 पर सूचित कर सकते हैं।

अधिक जानकारी हेतु :-

1- कार्यालय जिला प्रोवेशन अधिकारी/बाल संरक्षण अधिकारी विकास भवन कक्ष संख्या 108 रूद्रपुर उधमसिंहनगर
2- चाईल्ड हेल्प लाईन 1098 राजकीय सम्प्रेक्षण गृह रूद्रपुर उधमसिंहनगर सम्पर्क सूत्र 9997804097 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला प्रोवेशन अधिकारी
उधसिंहनगर

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण)
79 हीरा नगर, निकट उत्थान मंच, हल्द्वानी (नैनीताल)
ई-मेल: erddh@yahoo.co.in, फोन नं०-(05946) 292040, फैक्स नं०-(05946) 298318

पत्रांक : 2165/वि०वि०ख०(ग्रा०) ह० दिनांक : 20-06-2025

आवश्यक जन-सूचना

क्षेत्र के समस्त सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि वर्तमान में खण्ड के अन्तर्गत सभी उपभोक्ताओं के परिसर में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य किया जा रहा है। जिसके क्रम में आपसे अनुरोध है कि स्मार्ट मीटर से सम्बन्धित किसी भी समस्या एवं जानकारी के लिये सम्बन्धित उपखण्ड कार्यालय अथवा खण्ड कार्यालय में सम्पर्क करने का कष्ट करें। साथ ही स्मार्ट मीटर के सम्बन्ध में किसी भी माध्यम से प्राप्त भ्रामक सूचना पर विश्वास ना करें, बल्कि उनकी सत्ययता की जॉच, सम्बन्धित कार्यालय से कर लें।

Customer Care Toll Free No. 1912
"Pay Electricity bill Online 24 X 7 from www.upcl.org"
"विद्युत बिलों के 24 X 7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएँ"
"विद्युत बिलों का भुगतान समय पर करें"
"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"
"बिजली बचाने हेतु एल०ई०डी० बल्ब का प्रयोग करें"

(अभि० बेगराज सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

अमृत विचार हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

स्थापना दिवस के अवसर पर हम सब मिलकर नगर के विकास का नया इतिहास रचने का संकल्प लेकर नगरवासियों की समस्यामुक्त जिन्दगी का हक दिलाने में प्रयासरत रहेंगे।

नागरिक बन्धुओं से विनम्र अपील

1. निकाय के समस्त करों एवं शुल्को का भुगतान समय से करें।
2. व्यावसायिक लाइसेन्स अनिवार्य रूप से बनवायें।
3. स्वरोजगार को अपनाकर आत्मनिर्भर बनें।
4. शहर को न करें मैला, सामान लाने के लिए घर से लायें थैला।
5. पॉलीथिन प्रतिबन्धित है, कृपया पॉलीथिन का इस्तेमाल न करें। (सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करें)।
6. घर का कचरा बाहर न फेंके। कचरा एकत्रित कर नगर पालिका के कूड़ा वाहन में ही डालें।
7. अपने घर एवं प्रतिष्ठान का सूखा कूड़ा, गीला कूड़ा, और परिसंकटमय कूड़ा अलग-अलग करके नगर पालिका के कूड़ा वाहन में डालें।
8. खुले में, सड़क पर, नाली/नाले/नगर आदि स्थानों पर कूड़ा फेंकना/थूकना तथा कूड़ा जलाना कानूनी अपराध है।
9. नगर के विकास एवं केन्द्र और राज्य सरकार की कार्य योजनाओं को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करते हुए यूजर चार्जेज इत्यादि का भुगतान समय से करें
10. अतिक्रमण प्रथा पर रोक लगाने हेतु न तो स्वयं अतिक्रमण करें न ही दूसरों को अतिक्रमण करने दें।
11. जल संचय जीवन संचय, नलों में टोंटी लगावें, जल को व्यर्थ न बहने दें।
12. पर्यावरण संन्तुलन हेतु अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें तथा वृक्षो को न काटे और न ही काटने दे।
13. जन्म एवं मृत्यु का पंजीयन अवश्य करायें।
14. समान नागरिक संहिता 2024 के अन्तर्गत आवश्यक रुप से पंजीकरण करायें।
15 सीवर का पानी खुले मे न बहाये।
16. बरसात में छत से निकलने वाले पानी के पाईप को नाली तक जोड़ें।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
रानीखेत चिलियानौला

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
रानीखेत चिलियानौला

कार्यालय नगर पालिका परिषद रानीखेत चिलियानौला

पत्रांक : 172/न०पा०/2025-26, दिनांक : 19 जून, 2025

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
PH. 05946-292618

सूचना

मेरा पुत्र मो० वसीम पुत्रवधू तरननुम मेरा व मेरे परिवार का कहना नहीं मानते हैं। आये दिन झगड़ा फिसाद तथा घर में गलत बोलता है। जिस पर पुत्रवधू तरननुम भी साथ देती है। इनके गलत आचरण के चलते मैं अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए भविष्य में इनके साथ मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नहीं रहेगा। -शाकुल नबी पुत्र मौहम्मद नवी, इस्लाम नगर वार्ड नंबर 6, गदरपुर (उधम सिंह नगर)।

एक नजर

घर में घुसे चोर सोने-चांदी के आभूषण उठा ले गए

बाजपुर : घर में घुसे चोर सोने-चांदी के आभूषण एवं कुछ जरूरी दस्तावेज चोरी कर ले गए। भवन स्वामी ने अज्ञात के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम नंदपुर नरकाटोपा निवासी बाबू राम ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब 9 बजे वह अपने काम पर चला गया और पत्नी रितु राशन का सामान लेने बाजार गई थी। आरोप है कि इसी बीच ताला तोड़कर अंदर घुसे चोर पत्नी के सोने-चांदी के आभूषण एवं माता की एफडी, जमीन के कागजात व कुछ अन्य जरूरी दस्तावेज चोरी करके ले गए। बाजार से पत्नी वापस लौटी तो घटना का पता चला। वहीं सूचना मिलने पर चीता मोबाइल पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई और घटना स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी हासिल की। पुलिस गांव में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों की तलाश कर रही है। वहीं पीड़ित ने अज्ञात के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मोबाइल पाकर खुशी की दिखी चमक, एसएसपी ने लौटाए मोबाइल, सीईआईआर पोर्टल से मिली सफलता

20 लाख के 150 से अधिक मोबाइल हुए बरामद

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: आधुनिकता की दौड़ में जहां मोबाइल अब इंसानी जिंदगी का अभिन्न अंग बन गया है। वहीं जब कोई मोबाइल खो जाता है तो मोबाइल को दोबारा पाना एक आम आदमी के लिए मुश्किल होता है। यही कारण है कि पुलिस ने 20 लाख कीमत के 150 से अधिक मोबाइल को बरामद किया और खोए मोबाइलों को उनके वास्तविक संचालक तक पहुंचाया। मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे पर खुशी की चमक देखने को मिली।

शुक्रवार को एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि जनपद पुलिस को खोए मोबाइल की बरामदगी में एक बड़ी सफलता मिली है।

खोए मोबाइल को वापस लौटाते एसएसपी मणिकांत मिश्रा। ● अमृत विचार

सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से 20 लाख कीमत के 150 से अधिक मोबाइल को बरामद किया और पुलिस कार्यालय बुलाकर उनके वास्तविक मोबाइल संचालकों को सौंप दिया है। बरामदगी में ज्यादातर मोबाइल खोए हुए हैं।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने मोबाइल गुमशुदगी की सभी शिकायतों को एकत्रित किया और संयुक्त टीम ने पोर्टल के माध्यम से मोबाइलों की तस्दीक करनी शुरू कर दी। साथ ही मोबाइल आईएमईआई नंबर से ट्रेस कर मोबाइलों को बरामद किया। इस कार्रवाई में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी और पुलिस को मोबाइल बरामदगी में बड़ी सफलता मिली है।

एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को दिए थे निर्देश

रुद्रपुर : एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि मासिक अपराध समीक्षा बैठक के अलावा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी थाना प्रभारियों को गुम मोबाइल फोन की तलाश करने और बरामद किए जाने का आदेश दिया था। जब पुलिस टीम ने सीईआईआर यानी केंद्रीय उपकरण पहचान रजिस्टर पोर्टल का प्रयोग किया और 150 से अधिक मोबाइल के आईएमईआई के माध्यम से लोकेशन निकाली तो ज्यादातर मोबाइल चालू स्थिति में बरामद किए गए और पुलिस ने जाकर बरामदगी की कार्रवाई प्रारंभ की।

जनता में जगी उम्मीद की किरण

रुद्रपुर : अक्सर देखा गया है कि मोबाइल खोने के बाद लोगों के दिमाग में यही रहता है कि अब उसका मोबाइल कभी बरामद नहीं हो पाएगा। मोबाइल संचालक महज शिकायती पत्र देकर अपनी संतुष्टि कर लेता था, लेकिन जिस प्रकार पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से अपना पहला कदम उठाया और बड़ी सफलता मिली। इसके बाद मोबाइल स्वामी को अपना खोया मोबाइल भी मिलने की उम्मीद जागी है।

स्कूटी-कार की भिड़ंत में युवक की गई जान

संवाददाता, रुद्रपुर

- देर रात्रि हल्द्वानी-रुद्रपुर हाईवे पर हुआ हादसा
- पहाड़गंज-भदईपुरा इलाके का था रहने वाला

अमृत विचार: विगत देर रात्रि हल्द्वानी-रुद्रपुर हाईवे पर कार एवं स्कूटी की भिड़ंत में रुद्रपुर पहाड़गंज-भदईपुरा के रहने वाले युवक की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

संदीप (फाइल फोटो)।

जानकारी के अनुसार पहाड़गंज-भदईपुरा निवासी 28 वर्षीय संदीप दानू गुरुवार की सुबह स्कूटी संख्या यूके-06 बीएम-2707 से हल्द्वानी किसी काम से गया था। देर रात्रि साढ़े दस बजे के करीब वापस घर लौट रहा था। जब हल्द्वानी-रुद्रपुर हाईवे स्थित पंचायत घर के समीप पहुंचा तो अचानक कार संख्या यूके-04 एम-6328 से भिड़ंत हो गई और स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल को आनन-फानन में सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं शुक्रवार की सुबह जब रुद्रपुर के पहाड़गंज व भदईपुरा इलाके में मृदुभाषी एवं सरल स्वभाव के संदीप दानू की मौत की खबर आई तो परिवार में कोहराम मच गया।

मशरूम प्लांट प्रकरण की जांच शुरू

प्रथम दृष्टया मानकों की अनदेखी हादसे की बड़ी वजह मानी जा रही, सेफ्टी ऑडिट होगा

फॉलोअप

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: ग्राम भव्वानगला में मशरूम प्लांट प्रकरण में प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। क्या मशरूम प्लांट में श्रमिकों की जान से खिलवाड़ हो रहा था और किस स्तर पर यह घोर लापरवाही हुई, इन तमाम बिंदुओं को ध्यान में रखकर प्रशासन जांच कर रहा है। इसके अलावा प्लांट का सेफ्टी आडिट भी करवाया जा रहा है। प्रथम दृष्टया मानकों की अनदेखी हादसे की बड़ी वजह मानी जा रही है।

केलाखेड़ा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम भव्वानगला में संचालित रवि नेहरा के मशरूम उत्पादन प्लांट में ग्राम टांडा डालचंद के 23 महिला-पुरुष श्रमिक काम कर रहे थे। इसी बीच 19 जून की देर सायं अचानक प्लांट में लगी जैविक खाद से भरे कट्टों की रैक दोनों तरफ से अंदर काम कर रहे श्रमिकों के ऊपर गिर गई थीं जिसमें 15 वर्षीय नाबालिग हिना की मृत्यु हो गई, जबकि प्लांट संचालक रवि नेहरा सहित 12-13 श्रमिक घायल हो गए थे। घटना से जनपदभर के अधिकारियों में हड़कंप मच गया था। वहीं डीएम नितिन सिंह भदोरिया ने इस मामले में मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दे दिए गए। पुलिस की ओर से प्रकरण की जांच शुरू कर दी गई है। जिसमें प्लांट का सेफ्टी आडिट भी करवाया जा रहा है।

सीओ विभव सैनी ने बताया कि इस मामले में अभी किसी की तरफ से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। फिर भी कुछ बिंदुओं के साथ प्रकरण की जांच करवाई जा रही है। जिसमें यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि किस स्तर से लापरवाही रही है, जो इस घटना के रूप में सामने आई। जांच पड़ताल में प्रथम दृष्टया यह बात सामने आई है कि प्लांट संचालन की अनुमति तो है, लेकिन निर्धारित मानकों की घोर अनदेखी की जा रही थी। रैक लोहे के एंगल पर बने हैं, लेकिल मटेरियल रखने वाली जगह फाइवर लगा हुआ था, जोकि संभवतः अधिक भार सहन नहीं कर पाया। नाबालिगों से काम करवाने के विषय में कहा कि इसके लिए संबंधित विभाग की ओर से कार्रवाई होगी। सुरक्षा मानकों की अनदेखी को देखते हुए प्लांट का सेफ्टी आडिट करवाया जा रहा है। सारी चीजें सामने आने पर बिंदुवार रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को प्रेषित की जाएगी। उन्होंने कहा कि जांच पूर्ण होने तक प्लांट संचालन पर रोक लगाई गई है। वहीं मशरूम उत्पादन प्लांट में हुई घटना की जानकारी के पहुंची एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीमों ने राहत बचाव कार्य शुरू कर दिया था। इन टीमों ने संयुक्त रूप से रातभर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। प्लांट के अंदर जिस गोदाम मैं रैक गिरीं वहां हादसे के बाद काफी अंधेरा हो गया था जिसके चलते बचाव कार्य में जुटी टीमों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा था।

महापौर विकास शर्मा ने जाना केलाखेड़ा हादसे के घायलों का हाल

रुद्रपुर, अमृत विचार : महापौर विकास शर्मा ने जिला अस्पताल पहुंचकर केलाखेड़ा के मशरूम प्लांट में हुए हादसे के घायलों का हाल जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस दौरान उन्होंने घटना के बारे में जानकारी हासिल ली और अस्पताल के चिकित्सकों से बात कर घायलों को बेहतर उपचार देने को कहा। शुक्रवार को महापौर शर्मा ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायल राधा, लक्ष्मी, भोली, जय सिंह और रेशमा आदि का हाल जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। जिलाधिकारी ने इसकी मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। फैक्ट्री प्रबंधन की कोई भी लापरवाही सामने आएगी तो प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के बाद जिला प्रशासन के साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने पूरी तत्परता दिखाई है। घायलों को तुरंत उपचार मुहैया कराया गया। उन्होंने बताया कि सभी घायलों की स्थिति खतरे से बाहर है और उनका उपचार किया जा रहा है। घायलों को जो भी मदद की जरूरत पड़ेगी उन्हें हरसंभव मदद मुहैया कराई जाएगी। यहां बता दें केलाखेड़ा में गुरुवार की देर सायं मशरूम प्लांट में अचानक रैक गिरने से कई लोग घायल हो गये थे। जिनमें से सात गंभीर घायलों को घटना के तुरंत बाद जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। इस अवसर पर सीएमएस डॉ.राजेश सिंहा, डॉ.एमके तिवारी, डॉ.संजीव शर्मा, राजन राठौर, चंदू गंगवार आदि मौजूद रहे।

जिला अस्पताल में घायलों का हाल जानते महापौर विकास शर्मा। ● अमृत विचार

विशाल सुसाइड मामले में दो बहनों पर उकसाने का आरोप

रुद्रपुर : विशाल वर्मा सुसाइड प्रकरण में एक नया मोड़ गया है। युवक को सुसाइड किए जाने पर विवश करने में दो सगी बहनों का नाम सामने आया है। अदालत ने मृतक के पिता की याचिका पर सुनवाई की और पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोतीझील वृंदावन मथुरा यूपी निवासी सुनील कुमार ने बताया कि उसका बेटा विशाल वर्मा सिडकुल की एक कंपनी में काम करता था। जहां उसकी दोस्ती अल्मोड़ा निवासी कविता पांडेय नाम की युवती से हुई। युवती ने अपनी बहन दिव्या पांडेय से भी मुलाकात करवाई और दोनों की फोन पर बातचीत भी होती रही। बताया कि अगस्त 2024 में दोनों बहनों ने बेटे को बहला फुसलाकर वृंदावन से रुद्रपुर बुला लिया। जिसके बाद बेटा ट्रांजिट कैंप में किराए के कमरे में रहने लगा। 11अक्टूबर 2024 को रिश्तेदार का फोन आया और बेटे विशाल वर्मा द्वारा सुसाइड किए जाने की सूचना दी, जबकि सुसाइड की खबर युवतियों ने ही दी थी। शिकायतकर्ता का आरोप था कि सगी बहनें कविता व दिव्या के कारण ही बेटा मानसिक अवसाद में था।

नवविवाहिता ने किया सुसाइड

- 2 मार्च 2025 को हुई थी शादी, जांच हुई शुरू
- फांसी का फंदा लगाया, नहीं मिला कोई सुसाइड नोट

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक प्रॉपर्टी डीलर की नवविवाहिता पत्नी के फांसी लगाकर सुसाइड किए जाने का मामला सामने आया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक पड़ताल में पता चला कि तीन माह पहले ही उसकी शादी हुई थी। पुलिस ने प्रकरण की पड़ताल प्रारंभ कर दी है।

हेमा (फाइल फोटो)।

थाना ट्रांजिट कैंप के वनखंडी फेस-एक निवासी प्रॉपर्टी डीलर सुदीप डे की शादी 2 मार्च 2025 को कालाढूंगी हल्द्वानी निवासी 28 वर्षीय हेमा आर्या के साथ हुई थी। शादी के बाद वैवाहिक जीवन बेहतर चल रहा था। शुक्रवार की सुबह प्रॉपर्टी डीलर साढ़े 10 बजे नाश्ता कर घर से निकला, जबकि उसकी पत्नी दोमंजिला मकान में अकेली थी। दोपहर के वक्त पता चला कि नवविवाहिता फांसी के फंदे पर लटकी हुई है। सूचना मिलते ही सीओ बीएल वर्मा, कोतवाल मोहन चंद्र पांडेय, तहसीलदार दिनेश कुटोला मय पुलिस के घटनास्थल पहुंचे और दरवाजा तोड़ कर अंदर प्रवेश किया तो पाया कि नवविवाहिता ने रस्सी से फंदा लगाकर सुसाइड किया है। पुलिस ने घटनास्थल पर काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुसाइड नोट भी बरामद नहीं हुआ। जिसके बाद फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने की कोशिश की, जबकि तहसीलदार की मौजूदगी में पंचनामा भरा गया।उधर, थाना प्रभारी मोहन चंद्र पांडेय ने बताया कि घटनास्थल पर किसी भी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है और पूछताछ में यह पता चला कि सुबह के वक्त दंपती में मामूली कहासुनी हुई थी।

अज्ञात कारणों से किशोर ने जहर खाया

बाजपुर : अज्ञात कारणों से किशोर ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उसकी हालत बिगड़ी तो स्वजन में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में ही उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे गंभीरावस्था में रेफर कर दिया गया है। ग्राम रानीनागल निवासी दीपांशु (15) पुत्र देशराज ने गुरुवार की देर रात अज्ञात कारणों से जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। किशोर को तुरंत सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

रोडवेज बस ने पिता-पुत्र को मारी टक्कर, बेटे की मौत

सितारगंज : शुक्रवार को सितारगंज क्षेत्र में रोडवेज बस ने बाइक सवार पिता-पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे 26 वर्षीय बेटे रामनिवास की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसके 55 वर्षीय पिता जसवंत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब जसवंत सिंह अपने बेटे के साथ कनपुरा मटिया से बाइक पर लौट रहे थे और तुर्का तिसौर के पास हाईवे पार कर रहे थे। तभी खटीमा की ओर से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में रामनिवास की मौके पर ही मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल जसवंत सिंह को उप जिला अस्पताल लाया गया, जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा तथा रोडवेज बस को भी कब्जे में ले लिया है।

बेटे की जान आफत में, मां ने लगाई पुलिस से गुहार

रुद्रपुर : थाना ट्रांजिट कैंप के रहने वाले एक युवक की जान आफत में पड़ी हुई है। जहां कुछ युवकों ने घेर कर हमला किया और हत्या की धमकी दी। इसके बाद मां ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिव नगर ट्रांजिट कैंप निवासी निशा ने बताया कि उसका बेटा मुख्य बाजार में मोबाइल की दुकान में काम करता है। 18 जून की दोपहर 3 बजे वह घर खाना खाने आ रहा था कि शिवनगर मोड़ पर दिवाकर, खत्री, जस्सी ने अपने साथियों के साथ घेर लिया और हाथापाई कर चोटिल भी कर दिया। साथ ही धमकी दी कि जल्द ही तेरी हत्या को अंजाम दिया जाएगा। युवक की मां का आरोप था कि हमलावर कई बार जान से मारने की धमकी दे चुके हैं। जिस कारण बेटा भयभीत व मानसिक अवसाद से गुजर रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

Admission Open
Session 2025-26
BIU COLLEGE OF PHARMACY BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

अमृत विचार हल्द्वानी संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मण्डी का यही प्रयास उत्तराखण्ड का हो समग्र विकास
उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड कृषकों एवं उत्पादकों को विपणन सुविधायें उपलब्ध कराये जाने हेतु सदैव प्रयासरत है -
सुधारात्मक कार्य :-
• उत्तराखण्ड कृषि उत्पाद (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 2011 में
• संविदा खेती
• निजी मण्डियाँ
• उपज की सीधी खरीद जैसे सुधारात्मक कदम
आधुनिकीकरण :-
• कम्प्यूटरीकृत मण्डियाँ
• इलैक्ट्रॉनिक धर्मकॉटे व सीसीटीवी नेटवर्क
• www.ukapmb.org, agmarknet.nic.in तथा डिस्पले बोर्ड के माध्यम से बाजार भावों का प्रदर्शन
• ई-राष्ट्रीय कृषि बाजारो (ई-नाम) की स्थापना 20 मण्डियां।
• कृषकों को ई-पेमेन्ट की सुविधा
• कृषकों को pop की सुविधा उपलब्ध कराना।
• कृषकों के उत्पादकों की ई-नाम लेब में गुणवत्ता जाँच की सुविधा।
• कृषि प्रयोगशालाओं की स्थापना।
निर्मला बिष्ट
महाप्रबन्धक प्रशासन
उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड
विकास कार्य :-
राज्य स्थापना से वर्तमान तक
• 1381.89 कि०मी० सड़कें
• 4111 हैण्ड पम्प
• 07 रज्जू मार्ग
• 21 संग्रह केन्द्र
• 07 कृषक उपभोक्ता बाजार
कल्याणकारी योजनायें :-
• कृषि छात्रों को छात्रवृत्ति
• किसानों को कृषि कार्य के दौरान दुर्घटना पर त्वरित सहायता
• कृषक उत्पादक क्षति सहायता योजना
• पर्वतीय जैविक उत्पाद हेतु मल्टी ग्रेन प्रोसोसिंग प्लान्ट (रूद्रपुर)
Multigrain Processing Unit
डॉ. अनिल कपूर 'डब्बू'
मा. अध्यक्ष
उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड
निदेशालय, उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड
मण्डी भवन, रूद्रपुर (ऊधमसिंह नगर)
Ph. 05944-250055, Fax : 05944-250059, E-mail : uamandi@rediffmail.com
पत्रांक : उ०कृ०उ०वि०बोर्ड/विज्ञापन/150-XII/2025-639 दिनांक : 17-06-2025

अमृत विचार
www.amritvichar.com

प्रियो भवति दानेन प्रियवादेन चापरः।
मन्त्रमूलबलेनान्यो यः प्रियः प्रिय एव सः ॥

कोई पुरुष दान देकर प्रिय होता है, कोई मीठा बोलकर प्रिय होता है, कोई अपनी बुद्धिमानी से प्रिय होता है; लेकिन जो वास्तव में प्रिय होता है, वह बिना प्रयास के प्रिय होता है।

संपादकीय

शिक्षा पर सार्वजनिक व्यय

वैश्विक स्तर पर स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि हो रही है। इस संकट से निपटने के लिए वैश्विक और राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर एक समन्वित और बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। यूनेस्को द्वारा प्रकाशित वैश्विक शिक्षा निगरानी (जीईएम) रिपोर्ट से पता चलता है कि वैश्विक स्तर पर स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या अब 27.2 करोड़ होने का अनुमान है, जो पिछले अनुमान से 2.1 करोड़ अधिक है। निश्चित रूप से स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या बहुत बड़ी है, जिन्हें साक्षर और उच्च तकनीक के युग में जीवन-यापन करने में कठिनाई होगी। यह संकट स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों को प्रभावित करता है, तथा बच्चों के बड़े होने के साथ-साथ यह चुनौती भी बढ़ती जाती है। जीईएम दुनिया भर में शिक्षा में प्रगति, चुनौतियों और रुझानों का एक आधिकारिक और साक्ष्य-आधारित मूल्यांकन है। इसका प्राथमिक उद्देश्य वैश्विक शिक्षा रुझानों की निगरानी और विश्लेषण करना और शिक्षा प्रणालियों और परिणामों को बेहतर बनाने के लिए सरकारों और हितधारकों को नीतिगत सिफारिशें प्रदान करना है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस वर्ष के अंत तक देश अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों के सापेक्ष 75 मिलियन से अधिक पिछड़ जाएंगे। हालांकि अगर सभी देश अपने लक्ष्य को पूरा कर लेते हैं तो वे 2030 तक स्कूल न जाने वाली अपनी आबादी में 16.5 करोड़ की कमी ला सकेंगे।

भारत में यह एक बड़ी समस्या है। सरकार ने पिछले दिनों लोकसभा में बताया था कि 1.17 मिलियन बच्चे स्कूल से बाहर हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार भारत का लक्ष्य 2030 तक 100 प्रतिशत नामांकन है। भारत वर्तमान में प्रतिकूल शिक्षण परिणामों और विद्यालयों की कमजोर नेतृत्व क्षमता जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। भारत में वर्ष 2023-24 में स्कूल नामांकन में 1 करोड़ से अधिक की गिरावट आई। रिपोर्ट के अनुसार नए नामांकन और उपस्थिति के आंकड़ों के कारण स्कूल से बाहर रहने वाले बच्चों की संख्या में 38 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। हालांकि भारत में स्कूल छोड़ने वालों की संख्या में कमी लाने के लिए समग्र शिक्षा अभियान व मध्याह्न भोजन योजना जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। वैश्विक स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय सहायता को उन देशों की ओर निर्देशित किया जाना चाहिए जहां स्कूल न जाने वाली आबादी सबसे अधिक है। सबसे कमज़ोर समूहों पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए तथा सरकारों को शिक्षा पर सार्वजनिक व्यय बढ़ाना चाहिए।

योग के प्रभावों के पीछे वैज्ञानिक आधार

डॉ. कृष्णा नन्द पाण्डेय
वरिष्ठ विज्ञान लेखक, दिल्ली

योगासन से पैंक्रियाज यानी अग्नाशय की बीटा कोशिकाओं की सुग्राह्यता ग्लूकोज़ सिग्नल के प्रति बेहतर हो जाती है। और इंसुलिन की सुग्राह्यता भी बेहतर हो जाती है। इन सभी स्थितियों में योगासनों के मिले-जुले प्रभावों की भूमिका हो सकती है।

योग प्राचीन भारतीय दर्शन की एक प्रणाली है जो मन, शरीर और आत्मा को एकीकृत करने का अभ्यास है। इसका शाब्दिक अर्थ है "जुड़ना" या "एकजुट होना", और यह शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण के लिए विभिन्न तकनीकों का उपयोग करता है। योग एक साइकोसोमेटिक स्पिरिचुअल यानी मनोदैहिक आध्यात्मिक पद्धति है।

आज विश्व के अनेक देशों में 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' के रूप में मनाया जाता है, जिसके माध्यम से सामूहिक योगाभ्यास के आयोजनों के साथ साथ शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में इसके महत्व के विषय में विविध जागरूकता कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाता है। भारत में लोग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए योग और ध्यान का नियमित अभ्यास करते रहे हैं। वसुधैव कुटुंबकम की परंपरा के निर्वहन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितंबर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने भाषण में विश्व समुदाय से एक 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' को अपनाने की संकल्पना व्यक्त की थी। प्रथम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून, 2015 को किया गया था।

योग के मुख्य पहलुओं में आसान और प्राणायाम शामिल है। जहां आसन शरीर को मजबूत, लचीला और स्वस्थ बनाने में सक्षम शारीरिक मुद्राएं हैं। वहीं प्राणायाम श्वांस नियंत्रण की तकनीकें हैं जो ऊर्जा को विनियमित करने और मन को शांत करने में मदद करती हैं। ध्यान यानी मेडीटेशन मन को एकाग्र करने और चेतना को बढ़ाने की प्रक्रिया है जो मानसिक स्पष्टता और शांति को बढ़ावा देती है। योग वह अंतिम लक्ष्य है जहां व्यक्ति पूर्ण एकता और जागरूकता की स्थिति प्राप्त करता है। योग से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार, तनाव और चिंता को कमी आने, एकाग्रता और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता बढ़ने आत्म-जागरूकता और आत्म-स्वीकृति को बढ़ावा मिलने, भावनात्मक संतुलन और कल्याण में बढ़ावा होने जैसे लाभकारी स्थितियां सम्मिलित हैं। योग का अभ्यास किसी भी उम्र में और व्यक्ति शारीरिक

योग के मुख्य पहलुओं में आसान और प्राणायाम शामिल है। जहां आसन शरीर को मजबूत, लचीला और स्वस्थ बनाने में सक्षम शारीरिक मुद्राएं हैं। वहीं प्राणायाम श्वांस नियंत्रण की तकनीकें हैं जो ऊर्जा को विनियमित करने और मन को शांत करने में मदद करती हैं। ध्यान यानी मेडीटेशन मन को एकाग्र करने और चेतना को बढ़ाने की प्रक्रिया है।

स्थिति के अनुसार किया जा सकता है। नियमित योगाभ्यास जीवन के सभी पहलुओं में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है।

प्राणायाम संस्कृत के दो शब्दों से मिलकर बना है, प्रथम प्राण जिसका मतलब जीवन ऊर्जा अथवा जीवन शक्ति से है, जबकि याम का तात्पर्य दीर्घायु होने से होता है। ट्रांसेडेंटल मेडिटेशन यानी भावातीत ध्यान एक प्रकार का ध्यान है जिसमें व्यक्ति अपने मन को शांत करने के लिए एक मंत्र का जाप करते हुए अपनी चेतना को गहरे स्तर तक पहुंचाने का प्रयास करता है। भावातीत ध्यान में व्यक्ति अपनी आंखें बंद कर बैठे हुए एक प्रमाणित शिक्षक की सहायता से एक मंत्र का जाप करता है। भावातीत ध्यान तनाव कम करने, चिंता को कम करने, एकाग्रता बढ़ाने और समग्र कल्याण में सुधार लाने जैसी स्थितियों में सहायक होता है। दुनिया के अनेक देशों में लाखों व्यक्तियों द्वारा किया जाने वाला यह अभ्यास एक सरल, प्रभावी और सहज तकनीक का प्रतीक बन गया है।

योगासन, प्राणायाम और भावातीत ध्यान के दौरान शारीरिक क्रियाएं: नॉर्थ अमेरिकन जर्नल ऑफ़ मेडिकल साइंसेज के अंक 4 (2012) में प्रकाशित एक शोधपत्र के अनुसार योगाभ्यास के दौरान पेट में खिंचाव के कारण पैंक्रियाज यानी अग्नाशय की कोशिकाएं नवीन/पुनर्जीवित हो जाती हैं, जिसके कारण एंज़ाइम संबंधी प्रक्रियाओं के माध्यम से पेरीफेरल टिशूज़, लीवर यानी यकृत और एडीपोज़ टिशूज़ में ग्लूकोज़ का उपयोग और चयापचय बढ़ सकता है। बेंगलुरु शहर के समीप स्थित 'स्वामी विवेकानंद योग शोध फाउंडेशन' द्वारा संपन्न शोध के अनुसार सक्रिय योगाभ्यास के पश्चात आराम करने की प्रक्रिया में न्युरोप्लास्टिसिटी की संभावना होती है। न्युरोप्लास्टिसिटी का मतलब व्यक्ति के अनुभवों, सीखने और चोटों के जवाब में उसका मस्तिष्क अपनी संरचना और कार्यों को बदल सकता है। इस प्रक्रिया में हाइपर-पिट्यूटरी-पैंक्रिएटिक एक्सिस में परिवर्तन आने की संभावना होती है। इसके अलावा योगाभ्यास के दौरान मांसपेशियों के ढीला पड़ने तथा उनमें रक्त प्रवाह बेहतर होने से इंसुलिन रिसेप्टर की अभिव्यक्ति बढ़ सकती है। इसके परिणामस्वरूप पेशियों में ग्लूकोज़ का अंतर्ग्रहण बढ़ने के कारण रक्त में शर्करा का स्तर गिर जाता है। योग अभ्यास के पश्चात कोशिकाओं के स्तर पर हिपैटिक लाइपेज़ और लाइपोप्रोटीन लाइपेज़ के स्तरों में वृद्धि हो जाने से लिपिड के स्तरों में सुधार आ जाता है। जिसके कारण लाइपोप्रोटीन का चयापचय प्रभावित होने के परिणामस्वरूप एडीपोज़ टिशूज़ द्वारा ट्राइग्लिसराइड्स का अंतर्ग्रहण बढ़ जाता है।

योगासन से पैंक्रियाज यानी अग्नाशय की बीटा कोशिकाओं की सुग्राह्यता ग्लूकोज़ सिग्नल के प्रति बेहतर हो जाती है। और इंसुलिन की सुग्राह्यता भी बेहतर हो जाती है। इन सभी स्थितियों में योगासनों के मिले-जुले प्रभावों की भूमिका हो सकती है। शोधों से पता चला है कि योगासनों द्वारा पैंक्रियाज के सीधे प्रेरित होने से उसमें इंसुलिन उत्पन्न करने की क्षमता पुनर्जीवित हो सकती है। प्राणायाम के दौरान फेफड़ों में होने वाली अनैच्छिक, स्वचालित प्रतिक्रियाएं श्वास को नियंत्रित करती हैं। ये प्रतिक्रियाएं फेफड़े और वायु मार्ग में मौजूद रिसेप्टरों द्वारा शुरू होती हैं जो विभिन्न प्रेरकों के माध्यम से श्वास की दर और गहराई को समायोजित करने के लिए केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को संकेत भेजते हैं। प्राणायाम के दौरान केंद्रीय तंत्रिका प्रणाली की पारस्परिक क्रिया से शरीर में एक नई समस्थिति (होमियोस्टैसिस) पैदा होती है। भावातीत ध्यान यानी ट्रांसेडेंटल मेडिटेशन के दौरान संभवतः एसेंडिंग (आरोही) रेटिकुलर एक्टीवेटिंग सिस्टम में बदलाव आता है, जिसके कारण मस्तिष्क के तने में मौजूद ऑटोनॉमिक केंद्रों के साथ पारस्परिक क्रिया होती है जो हृदय श्वसनी (कार्डियो रेस्पिरेटरी) और चयापचय (मेटाबॉलिज्म) के पैरामीटरों को प्रभावित करती हैं। रेटिकुलर एक्टीवेटिंग सिस्टम मस्तिष्क के तने में स्थित तंत्रिका मार्गों का एक नेटवर्क है जो चेतना, जागृति, ध्यान और संवेदी जानकारी को छानने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मस्तिष्क का यह हिस्सा यह निर्धारित करता है कि कौन सी जानकारी हमारे ध्यान में लानी है और किस जानकारी की अनदेखी करनी है। दीर्घकालिक भावातीत ध्यान से पड़ने वाले प्रभाव पर संपन्न एक अध्ययन से पता चला है कि इसके नियमित अभ्यास के परिणामस्वरूप मस्तिष्क के विभिन्न भागों जैसे कि दाहिने आर्बिटो फ्रंटल कॉर्टेक्स, दाएं थैलेमस और बाएं इनफीरियर टेंपोरल गाइरस में ग्रे मैटर की मात्रा काफी बढ़ जाती है। एक अन्य अध्ययन में अवसाद यानी डिप्रेशन से पीड़ित रोगियों द्वारा दो माह के सहज योग ध्यान के परिणामस्वरूप उनके इलेक्ट्रोसिफैलोग्राम यानी ईईजी के परीक्षणों में अल्फा क्रियाशीलता में वृद्धि देखी गई थी।

संयुक्त राज्य अमेरिका में क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिज़ीज़ यानी सीओपीडी से पीड़ित 22 रोगियों पर संपन्न एक अध्ययन में उनके द्वारा 6 सप्ताह तक सप्ताह में तीन दिन एक-एक घंटे योगाभ्यास, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया गया। जिसके परिणामस्वरूप उनके फेफड़ों के कार्य तथा उनके जीवन की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार देखा गया।

21 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाने का औचित्यः 21 जून को विश्व योग दिवस मनाने के पीछे कारण है कि यह दिन उत्तरी गोलार्ध का सबसे लंबा दिन होता है। 21 जून के दिन को ग्रीष्म संक्रांति (समर सोल्सटाइस) भी कहते हैं। भारतीय परंपरा के अनुसार ग्रीष्म संक्रांति के बाद सूर्य का दक्षिणायन होना आध्यात्मिक सीढ़ियां को प्राप्त करने के लिए उपयुक्त होता है। यही कारण है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए 21 जून को चयन किया गया।

प्रसंगवश

वेट-बल्ब तापमान और शुष्क-बल्ब तापमान

विजय राज शर्मा
विज्ञान लेखक

साल दर साल गर्मी का लेवल बढ़ता जा रहा है। कारण- सबसे पहले तो एसी... आज हर घर मे 2-4 एसी होना आम बात है। अब एसी आपका कमरा ठंडा करेगा तो कमरे की गर्मी भी कहीं न कहीं डंप करेगा ही।

मानव एक वार्म-ब्लडेड जीव है, जिसके शरीर को निरंतर 37 डिग्री का तापमान मेंटेन करना पड़ता है। इवोल्यूशनरी नजरिये से ये एक मुश्किल बात है। इस तापमान को निरंतर मेंटेन करने के लिए रोज खाने की अनिवार्यता हो जाती है।

आजकल तो जोमैटो-स्विगी का युग है पर एक समय ऐसा भी था, जब खाना ढूंढना और जिंदा बचे रहना भी हमारे पूर्वजों के लिए बड़ी मुश्किल बात होती थी। उसके बावजूद प्रकृति ने यही तापमान हमारे लिए चुना, उसका कारण है-हमारा अपने आसपास फंगी-वायरस-बैक्टीरिया जैसे सूक्ष्मजीवों से घिरा होना। 37 डिग्री तापमान पर ज्यादातर सूक्ष्म जीव न्यूट्रलाइज हो जाते हैं। जो नहीं होते, और बदमाशी दिखाएं -उनसे लड़ने के लिए शरीर सबसे पहले तापमान की सेटिंग बदल कर देखता है-आपको बुखार देकर!

अब अगर हमारे शरीर से बाहर का तापमान 37 डिग्री से ज्यादा हो जाए तो ये हमारे लिए चिंता की बात है। इस स्थिति में शरीर कितना भी कोशिश कर ले, खुद को ठंडा नहीं रख सकता। बायोलॉजिकल फंक्शन ठप होने लगते हैं। मौत भी हो सकती है।

अब आप सोच रहे होंगे कि ऐसा है, तो हम 40-45 डिग्री के तापमान में जिंदा क्यों हैं? वो इसलिए क्योंकि आजकल जो 40 डिग्री चल रहा है, वह ड्राई टेंपरेचर है, यानी बाहरी क्षेत्र का तापमान। जैसे मैंने कहा कि बॉडी पसीने के सहारे और दूसरे कुछ मेथड्स के सहारे अपना टेंपरेचर रेगुलेट करना जानती है। इसलिए बाहरी तापमान कुछ भी हो, मनुष्य का शरीर जिस तापमान को महसूस करता है, उसे वेट-बल्व टेंपरेचर कहते हैं।

यही हमारे काम की चीज है। वेट-बल्ब 25 डिग्री से नीचे हो तो अच्छा है। 26 से 31 के बीच हो तो खतरा है, पर जीने लायक है जी। 31 से जितना ऊपर, उतना ही तबियत खराब और 35 से ऊपर जाते ही-टॉय टॉय फिश अब फिलहाल ऐसी कोई ऑनलाइन संस्था या पोर्टल नहीं है, जो वेट-बल्ब का रियल टाइम अपडेट देती हो। इसलिए सारे एटमोस्फेरिक कंडीशन संज्ञान में लेकर ग्रोक से जून महीने में दिल्ली का वेट-बल्ब निकालने को कहा, जो कि "30-31 डिग्री" आया-मतलब रेड मार्क की दहलीज पर।

साल दर साल गर्मी का लेवल बढ़ता जा रहा है। कारण-सबसे पहले तो एसी... आज हर घर में 2-4 एसी होना आम बात है। अब एसी आपका कमरा ठंडा करेगा तो कमरे की गर्मी भी कहीं न कहीं डंप करेगा ही। इसलिए आज आउटडोर एरिया गर्म से गर्म होते जा रहे हैं। उसके बाद पेड़ों का कटना, पॉल्यूशन बगैरह है ही। एक और बड़ा कारण-जुगाली करने वाले जानवर, जैसे गाय, भैंस, बकरी इत्यादि।

इन जीवों का डाइजेस्टिव सिस्टम अनेरोबिक होता है। अर्थात इनके पेट का खाना वो सूक्ष्म जीव ब्रेकडाउन करते हैं, जो ऑक्सीजन का इस्तेमाल नहीं करते। ऐसे जीवों द्वारा भोजन ब्रेकडाउन करने पर एंड प्रोडक्ट्स में से एक होती है-मीथेन-जो कार्बन डाइआक्साइड के मुक़ाबले 25 गुना गर्मी होल्ड करने में सक्षम होती है। आज विश्व में 5 अरब से ज्यादा जुगाली करने वाले जीवों की संख्या ग्लोबल वार्मिंग बढ़ने का एक बड़ा कारण है। बताने की जरूरत नहीं कि इनमें से 90 प्रतिशत जीवों की जनसंख्या का एकमात्र कारण "मांस-उद्योग" है।

विशेषज्ञों का कहना है कि इसी तरह चलता रहा तो अगले 50-70 सालों में भूमध्य रेखा से 30 डिग्री उत्तर और दक्षिण के बीच में पड़ने वाले क्षेत्रों में रहना असंभव हो जाएगा-अपना भारत भी इसी क्रॉस-सेक्शन में पड़ता है। ऐसा न हो, इसे सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम आज से ही उठाना शुरू करें। हमारे वंशजों का पृथ्वी पर क्या भविष्य होगा, ये हमारा आज ही तय करेगा।

सीरिया फिर अराजकता की ओर

राजेश जैन
स्वतंत्र पत्रकार

संयुक्त राष्ट्र ने सीरिया की स्थिति पर चिंता तो जताई है, लेकिन ठोस कदम उठाने की दिशा में कोई पहल नहीं हुई है। जब यूक्रेन पर हमला होता है, तब अंतरराष्ट्रीय बिरादरी सक्रिय हो जाती है।

गत दिसंबर की शुरुआत में जैसे ही बशर अल-असद की सत्ता का अंत हुआ तो उम्मीद जगी थी कि देश में लोकतंत्र और स्थायित्व आएगा। एक नए दौर की शुरुआत होगी। लेकिन अब साफ होता जा रहा है कि यह सिर्फ सत्ता परिवर्तन नहीं था, बल्कि एक और भयंकर संक्रमण काल का प्रवेश द्वार था। असद के जाने के बाद सीरिया में जो सत्ता का शून्य पैदा हुआ, वह तेजी से अराजकता में बदलता जा रहा है और इसी अराजकता की दरारों से झांक रहा है वही पुराना डरावना चेहरा-इस्लामिक स्टेट यानी आईएसआईएस।

सीरिया में अमेरिका की सैन्य मौजूदगी अब नाम मात्र की रह गई है। उत्तर-पूर्वी सीरिया में अमेरिका ने अपने दो प्रमुख सैन्य अड्डों-अल-ओमर और ताल बायदर-से सैनिकों को हटा लिया है। अब इन ठिकानों पर न निगरानी कैमरे हैं, न गश्ती दस्ते। बस बची हैं सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेस (एसडीएफ) की कुछ छोटी टुकड़ियां, जो खुद को निहत्था और असहाय पा रही हैं। इन अड्डों पर कभी अमेरिका का स्पष्ट दबदबा था। इन्हीं से आईएसआईएस की कमर तोड़ी गई थी। अब जब ये लगभग खाली पड़े हैं, तो सवाल उठता है-क्या आईएसआईएस की वापसी का रास्ता खुद अमेरिका ने खोल दिया है?

यह सवाल अब और तीव्रता से पूछा जा रहा है-क्या अमेरिका ने एसडीएफ को बीच रास्ते में छोड़ दिया? वही एसडीएफ जिसे अमेरिका ने खड़ा किया था, प्रशिक्षित किया था और आईएसआईएस के खिलाफ सबसे आगे रखा था। एसडीएफ आज खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। इसके कमांडर मजलूम अब्दी का कहना है-हमने अमेरिका पर विश्वास किया, उनके निर्देशों पर युद्ध लड़ा, लेकिन अब वही अमेरिका हमें अधर में छोड़कर जा रहा है।

यह पहली बार नहीं है जब अमेरिका पर ऐसा आरोप लगा हो। अफगानिस्तान, यूक्रेन और अब सीरिया-तीनों ही उदाहरण हैं जहां अमेरिका ने रणनीतिक जरूरत के समय साथ निभाया और फिर अपने हित सधते ही कदम पीछे खींच लिए। दुनिया अब सवाल कर रही है कि क्या अमेरिका सिर्फ तब तक साथ देता है, जब तक उसे राजनीतिक और सैन्य लाभ मिलता है?

सीरिया में अमेरिका की वापसी से जो खालीपन पैदा हुआ है, उसे भरने के लिए अब रूस, ईरान और तुर्की जैसे देश तैयार बैठे हैं। रूस असद शासन का पुराना समर्थक रहा है और अब वहां की स्थिति पर अपनी पकड़ और मजबूत कर रहा है। ईरान समर्थित मिलिशिया समूह भी अब फिर से उत्तर-पूर्वी सीरिया में सक्रिय होने लगे हैं।

वहीं तुर्की, जो शुरू से एसडीएफ को कुर्द विद्रोहियों के रूप में देखता है और लगातार उनकी गतिविधियों को सीमित करने की कोशिश में जुटा है। बहरहाल एसडीएफ तीन दिशाओं से प्रेशर में है-आईएसआईएस की वापसी, तुर्की का सैन्य दबाव और अमेरिका का साथ छोड़ना। ऐसे में यह सवाल लाजमी है कि क्या एसडीएफ इस सबके बीच अकेले टिक पाएगा?

इतिहास गवाह है कि जब-जब सुरक्षा बल किसी संकटग्रस्त क्षेत्र से हटे हैं, वहां चरमपंथी संगठनों ने अपनी जड़ें और मजबूत की हैं। सीरिया की वर्तमान स्थिति उसी दोहराव की ओर इशारा कर रही है। इस्लामिक स्टेट, जो कभी ख़त्म मान लिया गया था, अब फिर से दमिश्क, रक्का, हामा और डेर-एज़-ज़ोर जैसे शहरों में सक्रिय होता दिख रहा है। उसने सीरियाई शासन के पतन के बाद सरकारी हथियार डिपो से गोला-बारूद लूट लिए थे। एसडीएफ कमांडर अब्दी ने चेताया है कि आईएसआईएस अब फिर से हथियारों से लैस है और आतंक के पुराने नेटवर्क दोबारा सक्रिय किए जा रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र ने सीरिया की स्थिति पर चिंता तो जताई है, लेकिन ठोस कदम उठाने की दिशा में कोई पहल नहीं हुई है। जब यूक्रेन पर हमला होता है, तब अंतरराष्ट्रीय बिरादरी सक्रिय हो जाती है। लेकिन सीरिया जैसे देशों में जब मानवीय संकट लौटता है, तो सिर्फ 'चिंता' जताई जाती है, कार्रवाई नहीं होती। वहां के आम नागरिक इसकी कीमत चुकाते हैं। बीते दो महीनों में ही सीरिया में 1 लाख से ज्यादा लोग फिर से विस्थापित हुए हैं। स्कूल बंद हैं, अस्पतालों में दवा नहीं है, बिजली और पानी की आपूर्ति ठप पड़ी है।

सोशल फोरम

हमारे ही किए धरे का हासिल

कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

हमारे आने के पहले भी दुनिया थी और हमारे जाने के बाद भी रहेगी। हमारे आने के पहले कालक्रम से असंख्य लोग आए और चले गए। उसी तरह हमारे जाने के बाद भी असंख्य लोग आएंगे और चले जाएंगे। यह भी स्पष्ट है कि जो दुनिया हम छोड़कर जाएंगे उससे बहुत भिन्न होगी जो हमें मिली थी। पहले आए-गए लोगों के साथ भी कम-ज़्यादा ऐसा ही हुआ होगा और आगे आने-जानेवालों के साथ भी ऐसा ही होगा।

मतलब, दुनिया क्षण-प्रतिक्षण बदलती रही है, बदल रही है और बदलती रहेगी। इस बदलाव के पीछे मानव निर्मित कारण अहम हैं। असंख्य लोगों द्वारा जाने-अनजाने किए गए का प्रतिफल। हमारी समस्या यह है कि हम तनहा तनहा व्यक्ति के रूप में मनमाफ़िक बदलाव चाहते हैं। आपस में लड़ने-भिड़ने लगते हैं। आजकल लड़ने-भिड़ने का दौर कुछ ज़्यादा ही भयानक हो गया है। आगे और भी हो सकता है।

कारण क्या हो सकता है? दरअसल हम भूल जाते हैं कि किसी न किसी रूप में परस्पर भिन्न, दुनिया का हर व्यक्ति, मनमाफ़िक बदलाव चाहता है। आज हम जहां हैं, जो हैं, हममें से प्रत्येक के बदलाव की आकांक्षाओं और प्रयासों की भिन्न भिन्न दिशा का ही समंजित योग है। बदलाव की हमारी चाहत इस परिप्रेक्ष्य का कितना ध्यान रख पाती है?

बदलाव की चाहत में मोटी-मोटी एकरूपता न हो, एकरूपता की कोशिश तक न हो, तो स्वाभाविक परिणति यही है। एकरूपता कैसे आ सकती है? उपाय तो है, कठिन भले हो। सही है कि हम परस्पर भिन्न हैं किन्तु एक चीज़ की संभावना हममें सामान्य है। मनुष्यता, इंसानियत। यानी सार्वभौम नैतिकता।

एक समस्या है। जो स्वभावतः नैतिक नहीं हैं, वे नैतिक बनने की बड़ी कड़ी शर्त रखते हैं। कहते हैं, मेरे अकेले के नैतिक बनने से क्या होगा? मैं अकेले बन भी गया तो अनैतिक लोग मेरा जीना हराम कर देंगे। कोई गारंटी दे दे कि अन्य लोग भी नैतिक बन जाएंगे तो मैं सबसे पहले नैतिक बनने को तैयार हूं। यह उनका शातिर बचाव है, जो उनके अनैतिक होने की सबसे कारगर पहचान है। कुछ मानवेतर प्राकृतिक आपदाओं को छोड़ दें तो बाकी सब इसी का परिणाम है।

-फेसबुक वॉल से

सूचना के पेशेवर योद्धा बनाते हैं असल नैरेटिव



डॉ. नीलू तिवारी
लेखिका

मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में सरकारों को दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ता है। अंदरूनी विपक्ष और विपक्षी मीडिया नैरेटिव को संभालना, दूसरा, बाहरी प्रोपेगेंडा और विदेशी मीडिया अटैक का जवाब देना।

आज का युग सूचना का युद्धकाल है। किसी भी सरकार की नीतियां कितनी भी अच्छी क्यों न हों, जब तक वह अपने दृष्टिकोण को प्रभावी ढंग से जनता तक नहीं पहुंचा सकती, तब तक उसका असर अधूरा ही रहेगा। यही वजह है कि भारत सरकार की 'भारतीय सूचना सेवा' आज पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

मोदी सरकार, जो स्वयं संचार के महत्व को गहराई से समझती है और जिसने मन की बात से लेकर माय गॉव, डिजिटल इंडिया, और वैश्विक मंचों तक भारतीय नैरेटिव को मजबूती से रखा है, उसे अब अपनी सबसे अहम संचार सेवा यानी सूचना सेवा को भी उतना ही पेशेवर और शक्तिशाली बनाना होगा। सूचना प्रसारण मंत्रालय के अधीन सूचना सेवा के अधिकारियों की जिम्मेदारी होती है कि वे भारत सरकार की योजनाओं, नीतियों और कार्यक्रमों को सही, प्रभावी और सामयिक ढंग से जनता और मीडिया के सामने प्रस्तुत करें। चाहे पीआईबी हो या दूरदर्शन, ऑल इंडिया रेडियो हो या न्यू मीडिया विंग, सभी की सफलता सूचना सेवा के माध्यम से तय होती है।

आज जब सोशल मीडिया पर मिनटों में अफ़वाहें फैलती हैं, जब फेक न्यूज़ और प्रोपेगेंडा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चुनौती बन जाते हैं, तब सरकार का संचार और नैरेटिव केवल एक प्रशासनिक कार्य नहीं रह जाता, बल्कि यह रणनीतिक राष्ट्रकार्य बन चुका है। इस काम को अंजाम देने के लिए सिर्फ़ वही लोग सक्षम हैं जो मीडिया के पेशेवर हों-जिन्हें जनसंचार, ब्रांडिंग, डिजिटल माध्यम, और नैरेटिव बिल्डिंग की गहरी समझ हो।

आज से कई दशक पहले, भारतीय सूचना सेवा की कमान ऐसे ही पेशेवरों के हाथों में थी। उदाहरण के तौर पर खुशवंत सिंह, 'योजना' पत्रिका के संपादक रहे। कुलदीप नैयर, प्रधानमंत्री शास्त्री के प्रेस सलाहकार रहे। एचवाई शारदा प्रसाद, प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के प्रेस सलाहकार रहे हैं। इनमें से कोई भी भारतीय प्रशासनिक सेवा से नहीं था, लेकिन ये सब संचार के क्षेत्र में सिद्धहस्त पत्रकार, लेखक और रणनीतिकार थे, जो जनता की नब्ज और संचार के माध्यमों को बखूबी समझते थे। मोदी सरकार संचार और मीडिया की ताकत को समझती है। फिर चाहे वह राष्ट्रवाद के नैरेटिव की बात हो, 'न्यू इंडिया' की छवि निर्माण की, या वैश्विक मंचों पर भारत की स्थिति को मज़बूती से रखने की-हर जगह मीडिया ने सरकार की छवि गढ़ने में भूमिका निभाई है। मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में सरकारों को दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ता है। अंदरूनी विपक्ष और विपक्षी मीडिया नैरेटिव को संभालना, दूसरा, बाहरी प्रोपेगेंडा और विदेशी मीडिया अटैक का जवाब देना। ये दोनों ही काम सिर्फ वही व्यक्ति कर सकता है जो मीडिया की भाषा, मनोविज्ञान और उपकरणों को अच्छी तरह समझता हो।

मोदी सरकार ने हाल के वर्षों में विभिन्न मंत्रालयों में लैटरल एंट्री के ज़रिए नीति आयोग, पर्यावरण मंत्रालय, रेलवे, आयुष मंत्रालय में विशेषज्ञों की नियुक्ति की। इसका उद्देश्य यही था कि पेशेवरों के ज़रिए बेहतर नीति और कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। मेडिकल, इंजीनियरिंग, सांख्यिकी सेवा की तरह आईआईएस सेवा में केवल मीडिया अनुभवी प्रोफेशनल को ही प्रवेश की अनुमति हो। इस सेवा के ग्रुप बी के पेशेवर अधिकारियों के लिए विशेष प्रमोशन स्कीम लाई जाए, जिससे वे नीति निर्धारण स्तर तक पहुंच सकें। इसके अलावा एडिटोरियल थिंक टैंक की स्थापना हो, जिसमें सूचना मंत्रालय के अधीन अनुभवी पत्रकारों, रणनीतिकारों और भाषा विशेषज्ञों का थिंक टैंक बने, जो सभी मंत्रालयों को नैरेटिव बिल्डिंग में सहयोग करे। सभी अधिकारियों की संचार दक्षता (फैक्ट-चेकिंग, सोशल मीडिया रिस्पांस, विजुअल संचार आदि) का मूल्यांकन किया जाए और उसे प्रमोशन से जोड़ा जाए।

यूजीसी के अनुसार, देश में हर साल 40,000 से ज्यादा मीडिया प्रोफेशनल विभिन्न विश्वविद्यालयों और संस्थानों से निकलते हैं। इनमें आईआईएमसी, माखनलाल, जामिया, दिल्ली विश्वविद्यालय, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय और अनेक केंद्रीय विश्वविद्यालय शामिल हैं। यदि सरकार चाहे, तो इन प्रतिभाशाली लोगों का उपयोग करके अपने सूचना तंत्र को एक वैश्विक स्तर की शक्ति बना सकती है। यह सच है कि अब युद्ध सिर्फ बंदूक से नहीं, बल्कि सूचना के हथियार से लड़ा जाता है। भारत को इस युद्ध में जीतना है, तो उसे अपने संचार तंत्र में मीडिया प्रोफेशनल्स को महत्व देना होगा। इसी कड़ी में भारतीय सूचना सेवा को अब सिर्फ प्रशासनिक सेवा नहीं, बल्कि एक प्रोफेशनल मीडिया कॉर्प्स के रूप में पुनर्गठित करने की जरूरत है। यह केवल सुधार का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और छवि निर्माण का मामला है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

एक नजर

सशस्त्र सीमा बल ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम

सीमावर्ती क्षेत्र में जन जागरूकता अभियान चलाते एसएसबी के अधिकारी।

खटीमा। 57 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट मनोहर लाल के मार्गदर्शन में जवानों ने नशामुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसएसबी की सीमा चौकियों मेलाघाट, सीमलघाट और धनुष पुल के तत्वावधान में ग्राम बघा, लाल कोठी और धनुष पुल क्षेत्रों में यह अभियान चलाया गया। जिसमें जवानों के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीणों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनता को नशे की बुराइयों के प्रति सचेत करना और समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में सार्थक पहल करना था। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई तथा सभी से नशा न करने और दूसरों को भी इससे दूर रखने का संकल्प दिलाया गया।

महिलाओं को विभिन्न मुद्दों पर जानकारी दी

महिलाओं के साथ बैठक करतीं थाना सितारगंज की पुलिसकर्मी ज्योति शर्मा।

शक्तिफार्म : पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर थाना सितारगंज की महिला पुलिसकर्मी ज्योति शर्मा ने नगर पंचायत शक्तिगढ़ के शास्त्री वार्ड में महिलाओं के साथ बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर जानकारी दी। नगर पंचायत शक्तिगढ़ के शास्त्री वार्ड में सभासद सुशीला राय के आवास पर आयोजित बैठक में ज्योति शर्मा ने महिलाओं पर शोषण, घरेलू हिंसा, बाल विवाह, नशे के विरुद्ध कार्रवाई, यातायात नियमों का पालन आदि विषयों पर महिलाओं को जागरूक किया। इस मौके पर तूलिका सरकार, दुर्गा राय, पार्वती मिस्त्री, लक्ष्मी मजूमदार, आशा राय, गंगा सरकार, बिपाशा मंडल, गीता मंडल आदि महिलाएं उपस्थित थीं।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी योजनाओं की जानकारी

किच्छा में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित भाजपाई।

किच्छा : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 11 साल पूरे होने पर संकल्प सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने शिरकत की। वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह के किच्छा बाइपास स्थित कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता संजीव सिंह ने गरीब कल्याण एवं अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ 11 वर्षों में लागू हुईं लोक कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने देश को अर्थव्यवस्था, सड़क, शिक्षा, रोजगार, चिकित्सा के क्षेत्र में शानदार काम करते हुए देश को नई ऊंचाइयों पर स्थापित किया है। भाजपा नेता सिंह ने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा देश होने के बावजूद करीब 85 करोड़ लोगों को निशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेत्री लता सिंह, भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष आरती दुबे, भाजयुमो जिला महामंत्री विशाल चौहान, धनीराम, मुकेश कोहली, ब्रह्मानंद पुरोहित, धनंजय सिंह, नवीन सिंह, कमलेश दुबे, कविता मान, मधु गुप्ता, संजय कुमार, सुषमा गंगवार आदि मौजूद रहे।

बदमाश को किया 6 महीने के लिए जिले से बाहर

काशीपुर : पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर टांडा उज्जैन निवासी एक बदमाश को जिले की सीमा से बाहर का रास्ता दिखा दिया। एसएसपी मणिकांत मिश्रा द्वारा जनपद स्तर पर आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए थाना क्षेत्र के आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों का चिन्हीकरण कर रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रेषित की गई। जिसपर कोर्ट द्वारा परीक्षण के बाद गुंडा नियंत्रण अधिनियम 1970 की धारा 3 के तहत विपक्षी कंचन सिंह निवासी टांडा उज्जैन को 6 माह के लिए जिला बदर करने के आदेश पारित किए गए। बीते दिन आदेशों के अनुपालन में चौकी प्रभारी कंचन पडलिया ने कंचन सिंह को जिले की सीमा से 6 माह के लिए बाहर कर दिया।

अल्मोड़ा संसदीय सीट का अलका को बनाया प्रभारी

काशीपुर : कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री व पीसीसी सदस्य अलका पाल को अल्मोड़ा संसदीय सीट का प्रभारी बनाया गया है। कांग्रेस हाई कमान ने उन्हें पार्टी संगठन को मजबूत करने का दायित्व सौंपा है। कांग्रेस संगठन ने आगामी 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए उत्तराखंड महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अलका पाल को यह जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ संसदीय सीट का प्रभारी बनाकर पार्टी संगठन को मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं। महत्वपूर्ण दायित्व मिलने पर कांग्रेस नेत्री अलका पाल ने उत्तराखंड महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला, प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा, राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि वह शीघ्र ही अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ संसदीय सीट के चारों जनपद अल्मोड़ा, बागेश्वर, चंपावत, पिथौरागढ़ के अंतर्गत आने वाली 13 विधानसभाओं का संघटनात्मक कार्यक्रम तय कर आगामी 2027 विधानसभा चुनावों की तैयारी के लिए संसदीय सीट पर सक्रिय रहेंगी। उनका उद्देश्य पूर्ण निष्ठा के साथ कांग्रेस पार्टी को 2027 विधानसभा चुनाव में विजय बनाना होगा।

अलका पाल

सितारगंज में लखपति दीदी कार्यक्रम का आयोजन

सितारगंज : ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल के तहत आज ब्लॉक सितारगंज में "लखपति दीदी कार्यक्रम/प्रतियोगिता" का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें 40 से 45 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार, उद्यमिता, डिजिटल साक्षरता और आधुनिक व्यवसायिक तकनीकों से जोड़कर उन्हें लखपति बनने की दिशा में अग्रसर करना रहा। इस अवसर पर जिला स्तर से विशेष रूप से पहुंचे आरएफसी-एनआरएलएम के सुमित कुमार ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए सरकार की योजनाओं और स्वावलंबन की राह पर चलने की उपयोगिता बताई। साथ ही आरबीआई से इनोवेशन मैनेजर अनुपम एवं एक्सपर्ट प्रतिभा ने महिलाओं को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अपने उत्पादों की बिक्री, ब्रांडिंग, मार्केटिंग और व्यवसायिक योजना के निर्माण के गुर सिखाए।

सड़क हादसों में चार लोग घायल

बाजपुर : अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोग घायल हो गए, जिन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। केलाखेड़ा निवासी गुरमीत सिंह (18) पुत्र गजराम, अभी (17) पुत्र पप्पू, शिवम (17) पुत्र मुकेश बाइक पर कहीं जा रहे थे। इसी बीच गुरुवार की देर रात करीब साढ़े 11 राष्ट्रीय रामजार्ग-74 स्थित फिदानगर मोड़ पर तेज रफ्तार पिकअप चालक ने बाइक को चपेट में ले लिया, जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें 108 एंबुलेंस वाहन सेवा से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है। इसके अलावा गुरुवार की मध्य रात्रि करीब साढ़े (12) बजे नगर क्षेत्र में हुए एक अन्य सड़क हादसे में बाइक सवार ग्राम लोहर्रा स्वार रामपुर उप्र निवासी कुलदीप घायल हो गया जिसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मधुमेह रोग के निवारण के लिए प्राणायाम के गुर सीखे

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भारत विकास परिषद के तत्वावधान में बाजपुर में योग शिविर का आयोजन, बड़ी संख्या में पहुंचे साधक

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार : ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद के तत्वावधान में महिला पतंजलि योग समिति, बाजपुर द्वारा तीन दिवसीय निश्शुल्क योग शिविर के दूसरे दिन शहर के मध्य स्थित आदर्श कन्या इंटर कालेज के विशाल प्रांगण में नगरपालिका चुनाव में भाजपा के अध्यक्ष प्रत्याशी रहे पूर्व प्रदेश प्रवक्ता गौरव शर्मा, विहिप गोरक्षा विभाग के प्रांत मंत्री यशपाल राजहंस, पं.शिव कुमार शास्त्री, कुलदीप चौधरी, आत्मदेव शर्मा, समाजसेवक एवं उद्योगपति ईश्वर गुप्ता, महिला पतंजलि योग समिति की तहसील प्रभारी चंचल चौधरी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया।

शुक्रवार को योग शिक्षक कुलदीप चौधरी और चंचल चौधरी के निर्देशन मे योग साधक-साधिकाओं के साथ शिविर के प्रतिभागियों ने मधुमेह रोग निवारण के लिए योगासन और प्राणायाम किए। चौधरी ने बताया कि योग तो रोग के कारण को ठीक कर शरीर को स्वस्थ रखता है। संचालन कुलदीप चौधरी और चंचल चौधरी ने किया। कार्यक्रम में अशोक मित्तल, गुरमीत सिंह निज्जर, राजविंदर गुप्ता, ईश्वर गुप्ता, पवन गोयल, आत्म देव शर्मा, महेंद्र मित्तल, राजेश विश्वकर्मा, इंद्रपाल राणा, सतीश गर्ग मौजूद रहे।

बाजपुर में शिविर के दौरान नियमित योग का अभ्यास कराते कुलदीप चौधरी।

महाविद्यालय के बच्चों को योगाभ्यास कराते योगा प्रशिक्षक।

शिविरों का समापन आज

खटीमा। आओ हम सब योग करें अभियान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रेरणा से जन-जन तक योग को पहुंचाने कि यह पल में खटीमा महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा जगह-जगह एक माह से योग शिविरों का आयोजन कर लोगों को योग के प्रति जागरूक किया जा रहा है। खटीमा क्षेत्र के तमाम ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में एक माह से लगातार योग शिविरों का समापन आज होगा।

आज आईएमए भवन कल्याणम में होगा योग शिविर

काशीपुर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) काशीपुर शाखा की ओर से 21 जून, शनिवार को प्रात :काल योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रात : 6 :00 बजे से 7 :30 बजे तक रामनगर रोड रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थित आईएमए भवन 'कल्याणम' में आयोजित होगा। शिविर का नेतृत्व देश के प्रसिद्ध योग गुरु चंद्र मोहन भंडारी करेंगे। भंडारी के मार्गदर्शन में योगाभ्यास कराते हुए नागरिकों को तन, मन और जीवनशैली को संतुलित एवं ऊर्जावान बनाने की प्रेरणा दी जाएगी। आईएमए अध्यक्ष डॉ यशपाल सिंह रावत और सचिव डॉ एके बंसल ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में भाग लेकर योग के माध्यम से स्वास्थ्यवर्धक जीवन की दिशा में कदम बढ़ाएं। आईएमए काशीपुर ने आम जनमानस को योग के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया है।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सितारगंज में लगा शिविर

सितारगंज : अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सितारगंज में एक भव्य योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें प्राचार्य डॉ. रेनू बंसल, समस्त शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने योग के महत्व को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षकों के रूप में उमा गुप्ता और इंदू शैली उपस्थित रहीं, जिन्होंने विभिन्न योगासनों और प्राणायामों के माध्यम से प्रतिभागियों को तनाव मुक्त एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के गुर सिखाए। साथ ही मोटिवेशनल स्पीकर राजेश शैली ने योग की वैज्ञानिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास न केवल शरीर को ऊर्जावान बनाता है, बल्कि मानसिक संतुलन और आत्मिक शांति भी प्रदान करता है। प्राचार्य डॉ. रेनू बंसल ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है और शिक्षकों के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि वे स्वयं स्वस्थ रहकर विद्यार्थियों को भी स्वास्थ्य व अनुशासन की प्रेरणा दें। योगाभ्यास शिविर का संयोजन और संचालन हिन्दी विभाग की प्राध्यापक डॉ. राजविंदर कौर द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे आयोजन को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराया। शिविर में डॉ. जगदीपक जोशी, डॉ. विमला सिंह, डॉ. दीपा मखोलिया, डॉ. अभिमन्यु कुमार, डॉ. शोभा पाण्डेय, डॉ. दीक्षा खंपा, डॉ. जगदीश प्रसाद, डॉ. गीतांजलि मिश्रा, डॉ. कामना दीक्षित, डॉ. सुधा पाल, डॉ. प्रज्ञा सिन्हा, डॉ. दुर्गा तिवारी, डॉ. गरिमा जोशी, डॉ. अजय लटवाल, जानकी विश्वकर्मा, कमलेश जोशी, विकास कुमार, इकरार हुसैन मौजूद रहे।

बंधक बनाए 32 नेपाली नागरिकों को छुड़ाया

संवाददाता, काशीपुर

- दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज, आरोपियों की तलाश

अमृत विचार। आईटीआई थाना क्षेत्र के एक मकान से पुलिस टीम ने कुल 32 नेपाली नागरिक छुड़ाए हैं। मामले में दो आरोपियों पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

बीते दिन नेपाली राजदूतावास नई दिल्ली के प्रतिनिधि नवीन जोशी ने थाना ट्रांजिट कैंप आकर बताया कि नेपाल निवासी कुछ व्यक्तियों को भारत में निवास करने वाले नेपाली नागरिक बिरेन्द्र छत्रशाही निवासी धनगड़ी वार्ड नं 1 ग्राम विकास समिति कपले, नेपाल द्वारा नौकरी का लालच देकर भारत बुलाया गया और उनका शारीरिक व मानसिक शोषण किया जा रहा है। साथ ही उनको किसी अज्ञात स्थान पर डरा धमका कर बंधक बनाया गया है। टीम ने उनकी तलाश शुरू की, तो पता चला कि आरोपी आईटीआई थाना क्षेत्र के श्यामपुरम में रह रहा है। टीम ने क्षेत्राधिकारी दीपक सिंह को सूचना दी और थाना पहुंचे। जिसके बाद सीओ के नेतृत्व में टीम ने महाराज सिंह उर्फ पप्पू निवासी ओम विहार कॉलोनी के मकान में छापा मारा। जहां तलाशी लेने पर नेपाल मूल के कुल 32 व्यक्ति मिले, जिसमें से तीन नाबालिग व 29 बालिग थे। टीम में सम्मिलित नेपाल राजदूतावास के प्रतिनिधि नवीन जोशी ने एक-एक व्यक्ति से नाम पता पूछा और लिस्ट तैयार की। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह सभी लोग गरीब परिवार से हैं और नौकरी की तलाश में थे। इस दौरान उनकी मुलाकात बिरेन्द्र व सचिन निवासी ग्राम कूड़ालम्बी थाना खानपुर, जिला गाजीपुर, उत्तर प्रदेश, हाल पता आवास विकास, काशीपुर से हुई। इन दोनों ने भारत में अच्छी नौकरी देने का वादा किया। लेकिन जब से यहां आए, उस दिन से उन लोगों को एक किराए के घर में रखा है।

बताया कि 6 माह से अधिक हो चुका है लेकिन नौकरी नहीं दी और न ही घर वापस जाने दे रहे हैं। बताया कि वह लोग बनबसा उत्तराखंड व सुनोली गोरखपुर बार्डर से होते रुद्रपुर में जनवरी 2025 में आए थे। पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा पंजीकृत किया है। सीओ दीपक सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों की तलाश की जा रही है।

समाज के उत्थान के लिए जनसंवाद जरूरी

संवाददाता, दिनेशपुर

- क्षेत्रवाद व जातिवाद से ऊपर उठकर कार्य करने का आह्वान
- आम आदमी पार्टी ने धीमरी ब्लॉक में चलाया जनसंवाद कार्यक्रम

अमृत विचार: आम आदमी पार्टी बंगाली समाज मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने सामाजिक मुद्दों पर चर्चा करते हुए समाज व क्षेत्र की उन्नति के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया। उन्होंने क्षेत्र में बढ़ रही बेरोजगारी, महंगाई, लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ न पहुंचने पर चिंता जताई। इस दौरान नशा मुक्ति समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

गुरुवार को धीमरी ब्लॉक में प्रदेशाध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने जनसंवाद कार्यक्रम में राजनीतिक व सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी पूरे दमखम से चुनाव में उतरेगी।

गदरपुर विधानसभा क्षेत्र में जनसंख्या के आधार पर विस्तार होने से शासन प्रशासन को दो विधानसभा बनाई जानी चाहिए। उन्होंने क्षेत्र व समाज के विकास के लिए क्षेत्रवाद व जातिवाद से ऊपर उठकर पंचायत चुनाव में शिक्षित, ईमानदार व कर्मठशील प्रत्याशी को जिताकर प्रधान, बीडीसी, जिला पंचायत सदस्य व पंचायत सदस्य बनवाने का लोगों से आह्वान किया। जनसंवाद कार्यक्रम में पूर्व प्रधान मक्खन राजपूत, नंदलाल, मंगतराम कंबोज, अनिल कुमार, सुभाष माझी, पंकज राय, तपन कुमार, सुख रंजन विश्वास, मनोरंजन साना, पप्पू राजपूत आदि मौजद रहे।

धीमरी ब्लॉक में जनसंवाद कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष सुभाष व्यापारी व ग्रामीण।

किच्छा -हल्द्वानी मार्ग पर अधेड़ का शव मिलने से सनसनी

किच्छा : हल्द्वानी मार्ग पर हिमालयन स्कूल के निकट सड़क किनारे अधेड़ का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद एवं पुलिसकर्मी बृजमोहन सिंह की टीम मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए। कड़ी मशक्कत के बाद मृतक की पहचान हल्द्वानी मार्ग स्थित काली मंदिर के निकट कालोनी निवासी 50 वर्षीय जटाशंकर के रूप में हुई। पुलिस की सूचना पर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए।

पूर्व अर्द्ध सैनिकों की अनदेखी करने का आरोप लगाया

खटीमा : पूर्व अर्द्ध सैनिक संगठन की बैठक में वक्ताओं ने प्रदेश व केन्द्र सरकार के पूर्व अर्द्ध सैनिकों की समस्याओं का समाधान न करने पर गहरा रोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अर्द्ध सैनिक बल भी देश की सीमाओं के साथ ही आंतरिक सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका रखते हैं। वक्ताओं ने राज्य व केन्द्र सरकार को उनके प्रति उदासीनता बरतने पर चिंता व्यक्त की। देवभूमि धर्मशाला में विष्णु दत्त भट्ट सहायक कमांडेन्ट की अध्यक्षता में हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि करीब आठ साल पूर्व कल्याण निदेशालय के गठन का आश्वासन दिया गया था जिसका आज तक गठन नहीं हो सका है। बैठक में पूर्व सैनिकों की तर्ज पर अर्द्ध सैनिकों को भी अर्द्ध सैनिक बल मिलन केन्द्र की स्वीकृति की मांग की गई। बैठक के अंत में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें शेर सिंह कन्याल अध्यक्ष, केएन पांडे उपाध्यक्ष, कवींद्र सिंह कन्याल सचिव, होशियार सिंह सामंत कोषाध्यक्ष, भगवान सिंह ज्याला उपसचिव नामित किए गए। वहीं सितारगंज ब्लॉक कमेटी के लिए रहीश राणा अध्यक्ष, कुंवर सिंह राणा उपाध्यक्ष, ऋषिपाल सिंह सचिव तथा कृपाल सिंह कोषाध्यक्ष चुने गए।

खटीमा में आयोजित बैठक में उपस्थित पूर्व अर्द्ध सैनिक।

कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं लोग : तोमर

- ग्राम पंचायत कूल्हा में किया जागरूकता शिविर का आयोजन

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार: अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य मुख्य अतिथि बाबू सिंह तोमर ने प्रदेश सरकार द्वारा बुक्सा जनजाति व अन्य वर्गों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने लाभार्थियों से कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। इस दौरान पर्यावरण को बचाने के लिए पौधरोपण किया गया।

शुक्रवार को ग्राम पंचायत कूल्हा में समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में "धरती आभा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान" जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग, मत्स्य विभाग, कृषि विभाग, विद्युत विभाग, उद्यान विभाग, बाल विकास विभाग, पर्यटन विभाग एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया। विभागों ने स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को संबंधित विभागों ने जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक खण्ड विकास अधिकारी कुन्दन सिंह बिष्ट व संचालन समाज कल्याण अधिकारी ललिता चुफाल ने किया।

इस मौके पर निवर्तमान प्रधान सुंदरगिरी गोस्वामी, उपप्रधान गोपाल सिंह ठठोला, अमर सिंह सकतपुरिया, कैलाश शर्मा, देवेंद्र सिंह धर्मशक्तू, मनोज कुमार आर्या, विजेंद्र सिंह पवार, चंचल सिंह देऊपा, देव सिंह धर्मशक्तू, दान सिंह बड़ती, महेश बुधौरी, दिनेश नयाल, मक्खन राजपूत, ललित खोलिया, पप्पू राजपूत, चंद्रमणि देवराड़ी आदि मौजूद रहे।

दिनेशपुर के कूल्हा में आयोजित शिविर में मौजूद अतिथि व अधिकारी। ● अमृत विचार

21 करोड़ से खटीमा मेलाघाट राज्य मार्ग का होगा सुदृढ़ीकरण

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल पर केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा खटीमा-मेलाघाट मार्ग के सुदृढ़ीकरण के लिए 20.92 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। लोक निर्माण अनुभाग तीन के तहत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में केन्द्रीय सड़क अवसंरचना निधि के अंतर्गत 2024-25 के लिए प्रदेश में 453. 9616 करोड़ की स्वीकृति मांगी गई थी। इसके तहत 12 किमी मार्ग खटीमा- मेलाघाट राज मार्ग संख्या 107 भी सम्मिलित था। केंद्रीय मंत्री गडकरी और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 20 करोड़ 92 लाख 59 हजार रुपए की स्वीकृति मिली है। लोकनिर्माण विभाग के सहायक अभियंता पीपी तिवारी के अनुसार इस मार्ग का टेंडर पड़ चुका है। 21 करोड़ से बनने वाला यह राज मार्ग संख्या 107 केसी ड्रेन सड़क सुरक्षात्मक एवं रोड साइनेज तथा डीवीएम एवं वीसी द्वारा सुदृढ़ीकरण होगा। इधर 15 किमी खटीमा-मझोला मार्ग का चौड़ीकरण अथवा टू लेन और 4 लेन नहीं होगा बल्कि इसका निर्माण पूर्व की भांति किया जाएगा।

गन्ना विकास समिति के सामान्य निकाय प्रतिनिधि निर्विरोध चुने

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: उत्तराखंड राज्य सहकारी समिति निर्वाचन नियमावली के तहत गन्ना विकास समिति के सभी सामान्य निकाय के प्रतिनिधि आज निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। जबकि नामांकन पत्रों की जांच में उन सात दावेदारों के नामांकन रद्द हो गए जिन्होंने पिछले तीन साल से गन्ने की आपूर्ति नहीं की है।

गन्ना विकास समिति के चुनाव के निर्वाचन अधिकारी एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट ने परिणामों को घोषणा की। जिसमें निर्विरोध चुने गए प्रतिनिधियों में चंदेली से कुलदीप कौर, सुखविंदर कौर, दयाल सिंह और राजेंद्र सिंह, दियां चांदपुर से संजीत कुमार, राजविंदर कौर और सिमरनजीत कौर, नगला से बिना तिवारी, लेखराज, कुलदीप सिंह, किरण तलवार, शारदा और रामसजीवन, नौगवां ठग्गू से बलदेव कौर, जगदीश सिंह, धर्म सिंह और वीर सिंह, नौसर कुटरा से अशोक कुमार, जगदीश सिंह, रामजी, राम अवतार और सरनाथ, पूरनपुर बेरीघाट से बलविंदर सिंह, बलविंदर सिंह, पन्नालाल, बिक्रम सिंह, जयदीप सिंह और हेमंत सिंह, प्रतापपुर से सतनाम सिंह, जसवीर सिंह, पलविंदर सिंह और जगजीत सिंह, बनबसा से गणेश प्रसाद मौर्य, राजेंद्र पंत, मनमोहन सिंह आदि शामिल रहे।

आक्रोश | बीते दिनों कांग्रेस आईटी सेल के प्रदेश सचिव पर हुआ था हमला, कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर दिया धरना

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: पांच दिन पूर्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी आईटी सेल प्रदेश सचिव पर देर रात हुए हमले का अभी तक खुलासा न होने से नाराज कांग्रेसियों ने एएसपी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की।

बीती सोमवार रात चार नकाबपोश बदमाशों ने कांग्रेस आईटी सेल के प्रदेश सचिव व कुमाऊं संयोजक रवि पपनै पर जानलेवा हमला किया था। इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। मामले में आक्रोशित कांग्रेसियों ने घटना के अगले दिन आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी को लेकर एएसपी अभय सिंह से मुलाकात की थी और रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एएसपी ने कांग्रेसियों को आश्वस्त किया था कि जल्द ही दोषियों को चिन्हित कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

शुक्रवार को पांच दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न होने से आक्रोशित कांग्रेसियों ने डिजाइन सेंटर स्थित एएसपी कार्यालय पर जमकर नारेबाजी करते हुए धरना-प्रदर्शन किया। पूर्व महानगर अध्यक्ष संदीप सहगल ने कहा कि काशीपुर में व्यापारी व जनमानस भय के वातावरण में जी रहा है। काशीपुर में मानो लोकतंत्र की हत्या हो गई है। एएसपी अभय सिंह ने कांग्रेसियों से कार्यालय में मुलाकात की जहां उन्होंने एएसपी से जल्द हमलावरों को चिन्हित कर सलाखों के पीछे भेजने की मांग की। वहां पर अरूण चौहान, शेख अब्दुल, अजीज कुरैशी, अर्पित मेहरोत्रा, मुशर्रफ हुसैन, त्रिलोक सिंह अधिकारी, इंदूमान, अलका पाल, पूजा सिंह, अजीता शर्मा, जितेंद्र सरस्वती, उमेश जोशी, शाह आलम मौजूद रहे।

एएसपी कार्यालय पर धरना देते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

एक नजर

बाइक की टक्कर से महिला घायल

खटीमा : झनकईया पकड़िया बंगाली कॉलोनी निवासी गोपाल बैरागी ने झनकईया थाने में सौंपी तहरीर में कहा कि उसकी पत्नी नीलिमा पड़ोसन मीना देवी के साथ 14 जून को शाम करीब छह बजे गाय खोलने मेलाघाट रोड के किनारे जा रही थी। इसी दौरान एक बाइक सवार ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए टक्कर मार दी। इसमें उसकी पत्नी घायल हो गई। जिसे नागरिक अस्पताल ले जाया गया जहां से चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिसका इलाज रुद्रपुर के एक अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित ने बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर कारवाई करने की गुहार की है।

सितारगंज में दुकान के बाहर से बाइक चोरी

सितारगंज : नगर के वार्ड नंबर 12 निवासी नदीम रज़ा की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। प्रार्थी ने बताया कि उनकी हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक जो सभी दस्तावेजों के साथ उनके ही नाम पर दर्ज है। 17 फरवरी 2025 की शाम लगभग 6 :45 बजे उनकी बाईपास रोड स्थित दुकान के सामने खड़ी थी। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति बाइक को चोरी कर ले गया। घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की, जिसमें चोरी की पूरी घटना रिकॉर्ड पाई गई। पीड़ित ने इस संबंध में कोतवाली सितारगंज में तहरीर देकर बाइक चोरी की एफआईआर दर्ज करने और शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

प्रधानमंत्री का आयुष और वेलनेस सेक्टर के प्रति विशेष दृष्टिकोण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विदेशी मेहमानों का भराड़ीसैंण में किया स्वागत, विदेशों से आए डेलिगेट्स के बीच बताईं उत्तराखंड राज्य की विशेषताएं

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को भराड़ीसैंण, गैरसैंण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए सभी विदेशी राजनयिकों और सुप्रसिद्ध योगाचार्य का स्वागत किया। उन्होंने इस दौरान सभी को प्रतीक चिन्ह और उत्तराखंडी टोपी देकर सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री धामी ने मेक्सिको, फिजी, नेपाल, सूरीनाम, मंगोलिया, लातविया, श्रीलंका और रूस के उपस्थित राजदूत व अन्य उच्चधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि देवभूमि उत्तराखंड योग और आयुष की वैश्विक राजधानी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और आग्रह पर पूरी दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के आग्रह पर संयुक्त राष्ट्र संघ में 177 से ज्यादा देशों ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मान्यता दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने बाबा केदारनाथ की धरती से यह दशक उत्तराखंड का दशक बताया था। उनके शब्द हमारे लिए प्रेरणा, दिशा और संकल्प का उद्घोष है। प्रधानमंत्री का आयुष और वेलनेस सेक्टर के प्रति विशेष दृष्टिकोण है। उत्तराखण्ड को योग के वैश्विक केंन्द्र के रूप में उभरने का कार्य किया जा रहा है। उत्तराखंड का हिमालयी वातावरण, शुद्ध जलवायु, और आध्यात्मिक ध्यान और योग के लिए उपयुक्त है। हमारा राज्य वैश्विक वेलनेस डेस्टिनेशन बनने की संपूर्ण क्षमता रखता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी संस्कृति में सदियों से योग और आयुर्वेद गहराई से समाहित है। यह धरती ऋषियों, योगियों और वैद्यों की साधना स्थली रही है। उत्तराखण्ड से औषधियों कच्चे जडी-बूटियों की आपूर्ति देश के साथ अंतराष्ट्रीय बाजारों में भी की जा रही है। दुनिया के प्रमुख आयुर्वेदिक औषधि निर्माता भी उत्तराखण्ड में अपने निर्माण कार्य कर रहे हैं। यहां की जैव विवधता में कुटकी, जटामांसी और तिमूर जैसी दुर्लभ और विशिष्ट औषधीय वनस्पतियों पाई जाती हैं। उत्तराखंड में 100 वर्ष से भी अधिक पुराने आयुर्वेदिक संस्थान संचालित है, जैसे ऋषिकुल और गुरूकुल आयुर्वेद महाविद्यालय, जिनके माध्यम से हम पीढियों से आयुर्वेदिक ज्ञान का विस्तार कर रहे हैं। आयुर्वेद, योग और पंचकर्म के क्षेत्र में उत्तराखंड के पास अत्यंत प्रशिक्षित मानव संसाधन है। हमारा राज्य गुणवत्ता युक्त हिमालयी जडी-बूटियों की आपूर्ति एवं उनके एक्सट्रैक्ट का उत्पादन, प्रसंस्करण और साझा व्यापार किया जा सकता है। उत्तराखण्ड के पारंपरिक सुपर फूड्स जैसे मंडुवा, झंगोरा, भट्ट, बिच्छुघास, किलमोडा आदि का मूल्य वर्धन, पैकेजिंग कर वैश्विक आदान किया जा सकता है। जीवनशैली जनित विकारों, रोग निवारण और स्वास्थय संरक्षण पर संयुक्त अनुसंधान एवं नवाचार कार्य हम मिलकर कर सकते हैं।

विदेशी मेहमानों का स्वागत और अभिनंदन करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

विदेशी मेहमानों का स्वागत उत्तराखंड की संस्कृति के तहत किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दिखी पूरे उत्तराखंड की झलक

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में संपूर्ण उत्तराखंड की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत नंदा देवी राज जात से हुई, इसके बाद उत्तराखंड की विभिन्न लोकनृत्य प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इनमें झोड़ा-छपेली लोकनृत्य, नाटी व अन्य लोकप्रिय नृत्य रहे, जिन्होंने गढ़वाली, कुमाऊनी, व जौनसारी संस्कृतियों से सभी को रूबरू कराया। इस अवसर पर भारत में मैक्सिको के राजदूत फेडेरिको सालास, मेक्सिको दूतावास में आर्थिक मामलों के प्रमुख रिकार्डो डेनियल डेलगाडो, भारत में फिजी उच्चायोग के हाई कमिश्नर जगन्नाथ सामी, भारत में नेपाल के राजदूत डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा, भारत में सूरिनाम के राजदूत अरुणकोमर हार्डियन, भारत में मंगोलिया के राजदूत डंबाजाविन गैंबोल्ड, भारत में लातविया दूतावास में डिप्टी हेड ऑफ मिशन मार्क्स डीतॉन्स, भारत के श्रीलंका उच्चायोग के मिनिस्टर काउंसलर लक्ष्मेंद्र गेशन डिसनायके, रूसी दूतावास में प्रथम सचिव क्रिस्टिना अनानीना एवं तृतीय सचिव कैटरीना लज़ारेवा, योग गुरु पद्मश्री स्वामी भारत भूषण, विधायक अनिल नौटियाल, सचिव दीपेन्द्र कुमार चौधरी, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडे, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. विनय रुहेला, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी, जिलाधिकारी चमोली संदीप तिवारी, पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार मौजूद रहे।

भराड़ीसैंण, गैरसैंण की मिट्टी ने जीता मेहमानों का दिल

देहरादून : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भराड़ीसैंण, गैरसैंण में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रतिभाग करने 8 देशों के राजदूत/ उच्चायुक्त/ प्रतिनिधि शुक्रवार दोपहर भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा परिसर में पहुंचे। भराड़ीसैंण पहुंचते ही विदेशी मेहमानों ने उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण की प्राकृतिक सुंदरता, हरियाली से भरी वादियाँ, स्वच्छ वातावरण देखा तो वो सभी अभिभूत नज़र आए। उन्होंने गैरसैंण की तारीफ करते हुए इस क्षेत्र को अद्भुत और हर रूप से समृद्ध स्थल बताया।

अतिथियों का हुआ विशेष स्वागत

जब 8 देशों के राजदूत, उच्चायुक्त और प्रतिनिधि भराड़ीसैंण, गैरसैंण पहुंचे, तो उनके स्वागत में उत्तराखंड की समृद्ध लोकसंस्कृति की झलक प्रस्तुत की गई। छोलिया नृत्य और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज के साथ मेहमानों का भव्य स्वागत किया गया। इस सांस्कृतिक स्वागत से विदेशी मेहमान बेहद खुश नजर आए और उन्होंने उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत की सराहना की।

कैमरों में कैद किए खूबसूरत नज़ारे

8 देश के प्रतिनिधि जैसे ही भराड़ीसैंण परिसर पहुंचे, वो प्राकृतिक सुंदरता देख अभिभूत हो उठे। उन्होंने तुरंत अपने मोबाइल फोन निकालकर इस अद्भुत क्षण को कैमरे में कैद करना शुरू कर दिया। उन्होंने पारंपरिक छोलिया नृत्य कर रहे कलाकारों के बीच पहुंच कर फोटो भी खिंचवाई।

नगर निगम में महापौर के साथ चर्चा करते गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष। ● अमृत विचार

गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष का महापौर ने किया स्वागत

रुद्रपुर : गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. पंडित राजेंद्र प्रसाद अणथ्वाल का प्रथम बार नगर निगम आगमन पर महापौर विकास शर्मा ने स्वागत किया और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान आयोग के अध्यक्ष ने नगर निगम की निर्माणाधीन गौशाला का निरीक्षण किया और गौ संरक्षण को लेकर महापौर से चर्चा की। शुक्रवार को नगर निगम में गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि गौ संरक्षण और संवर्धन के लिए सरकार विशेष प्रयास कर रही है। छुट्टा पशुओं के संरक्षण और सड़क पर पशुओं के कारण होने वाले हादसों को लेकर सरकार योजना बनाकर काम कर रही है। गौ तस्करी रोकने के लिए पुलिस को सख्त निर्देश दिए गये हैं। पुलिस निरंतर गौ तस्करों के खिलाफ अभियान चला रही है। गौ संरक्षण के क्षेत्र में काम करने वालों को सरकार प्रोत्साहन दे रही है। कोई भी व्यक्ति या एनजीओ अपनी भूमि पर गौशाला निर्माण करता है तो वह अपनी 40 प्रतिशत धनराशि ही लगाएगा एवं 60 प्रतिशत धनराशि सरकार देगी। इस दौरान महापौर विकास शर्मा ने आयोग के अध्यक्ष को बताया कि नगर निगम की ओर से गौ संरक्षण के लिए गौशाला का निर्माण किया जा रहा है। जल्द ही गौशाला बनकर तैयार हो जाएगी। जिसमें शहर में आवारा घूमने वाले गोवंशीय पशुओं का संरक्षण किया जाएगा। गौशाला में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

किच्छा चीनी मिल के श्रमिकों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: किच्छा चीनी मिल में कई महीने से श्रमिकों को वेतन नहीं मिलने से गुस्साए श्रमिकों ने चीनी मिल गेट पर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। चीनी मिल में कार्यरत दर्जनों कर्मचारी एवं श्रमिकों ने मिल प्रबंधन पर तमाम गंभीर आरोप लगाते हुए नारेबाजी कर बकाया वेतन जल्द दिए जाने की मांग की। श्रमिक नेता मनोज कुमार एवं भूपेंद्र पोखरिया ने कहा कि फरवरी से श्रमिकों को वेतन न मिलने के कारण श्रमिकों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है तथा रोजमर्रा के घरेलू खर्चों की पूर्ति न होने के चलते सभी श्रमिक आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं लेकिन अभी तक श्रमिकों की समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के वेतन का निर्धारण करने का अधिकार विधिक रूप से वेजबोर्ड को है, लेकिन मिल प्रबंधन द्वारा पूर्व से मिलते आ रहे वेतन को बिना किसी आदेश के रोके जाने तथा वेजबोर्ड को दरकिनार कर अपनी मनमानी की जा रही है। श्रमिकों ने कहा कि विगत 16 जून को बाजपुर चीनी मिल में उत्तराखंड सरकार के गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा ने श्रमिक नेताओं से वार्ता करते हुए श्रमिकों को खुले मंच से सहयोग एवं उनके हितों की रक्षा करने का भरोसा दिया था लेकिन मात्र दो दिनों बाद ही मिल प्रबंधनों द्वारा उत्तराखंड के समस्त चीनी मिलों में वेतन कटौती की प्रक्रिया अपनानी शुरू की कर दी गई, जो कि कर्मचारियों के साथ प्रत्यक्ष- अप्रत्यक्ष रूप से छलावा एवं धोखा है। श्रमिकों ने कहा कि विगत करीब पांच माह से वेतन न दिए जाने के कारण कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है और कई कर्मचारी एवं उनके आश्रित गंभीर बीमारियों से पीड़ित होने के बावजूद वेतन नहीं मिलने के कारण इलाज तक नहीं करवा पा रहे हैं जबकि जल्द ही स्कूल खुलने वाले हैं और ऐसी स्थिति में बच्चों की ड्रेस, पाठ्य सामग्री, स्कूल फीस सहित अन्य खर्चो की व्यवस्था न होने के कारण बच्चों की पढ़ाई पर भी इसका विपरीत असर पड़ेगा। मौके पर मनोज अग्रवाल, भूपेंद्र पोखरिया, श्याम सुंदर, तारा दत्त उपाध्याय, किशोरी लाल शर्मा, अनिल चौधरी, दीपक सक्सेना, तीरथ राज राठौड़, मनोज यादव, त्रिलोक चंद, सूर्य प्रताप सिंह, इरफान, अतुल गोयल मौजूद रहे।

किच्छा में बकाया वेतन की मांग को लेकर प्रदर्शन करते चीनी मिल श्रमिक। ● अमृत विचार

गैरसैंण को वैश्विक पटल पर स्थापित करने का अहम कदम

मुख्य संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: अब तक केवल विधानसभा सत्र के दौरान खुलने वाला भराड़ीसैंण का विधानसभा भवन इस बार एक ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने जा रहा है। पहली बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर यहां भव्य कार्यक्रम का आयोजन होगा। यह आयोजन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दूरदर्शी नेतृत्व और सतत प्रयासों का परिणाम है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर योग दिवस का कार्यक्रम भराड़ीसैंण में हो रहा है। गैरसैंण को ग्रीष्मकालीन राजधानी के रूप में सक्रिय करने की यह मुख्यमंत्री की सार्थक पहल भी है।

मुख्यमंत्री ने योग दिवस के कार्यक्रम से भराड़ीसैंण को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का भी काम किया है। विधानसभा परिसर में वैश्विक कार्यक्रम से उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी को विश्व भर में नया नाम मिलेगा।

कार्यक्रम एक , संदेश अनेक

भराड़ीसैंण में योग कार्यक्रम के आयोजन से एक ओर जहां ग्रीष्मकालीन राजधानी को लेकर राज्य सरकार ने अपनी नीति को स्पष्ट किया है। वहीं, दूसरी ओर यह आयोजन उत्तराखंड को योग, वेलनेस और आयुष के क्षेत्र में भी नई पहचान दिलाएगा। योग नीति लागू होने के बाद इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के माध्यम से राज्य सरकार ने उत्तराखंड को योग की वैश्विक राजधानी बनाने केसकल्प को दोहराया है।

जिला तदर्थ समिति ने लगाया 6.47 लाख के गबन का आरोप

- **कोतवाली पुलिस को सौंपी तहरीर**
- **कुछ शिक्षकों ने अधिकारविहीन होने के बाद निकाली रकम**

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: जिला तदर्थ समिति ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपते ही अधिकारविहीन कुछ शिक्षकों पर लाखों का गबन किए जाने का आरोप लगाया है। आरोप था कि फर्जी हस्ताक्षर कर रकम निकाली गई है। ऐसे में नामजद शिक्षकों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस ने मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है।

शुक्रवार को जिला तदर्थ समिति के सदस्य एवं पूर्व मंत्री दिनेश सिंह के साथ एक शिष्टमंडल कोतवाली पहुंचा और तहरीर देते हुए बताया कि उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ व उत्तराचंल स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी 17 मई 2025 को भंग कर दी गई थी। वर्तमान में जिला तदर्थ समिति ही शिक्षकों का नेतृत्व करती है। जिसमें संघ के कुछ नेताओं ने भी सदस्यता ली। इसी दौरान पता चला कि नामजद शिक्षकों ने 19 मई से 26 मई के बीच डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक के संयुक्त खाते से बैंक कर्मियों के साथ मिलीभगत कर 6.47 लाख की रकम फर्जी हस्ताक्षर कर निकाल ली। इतना ही नहीं गबन की रकम को आपस में बांट लिया, जबकि निकाली गई रकम शिक्षकों का सदस्यता शुल्क थी। जब जवाब मांगा गया तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। शिष्टमंडल ने कोतवाली पुलिस से प्रकरण की गंभीरता से जांच कर दोषी शिक्षकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई का मुद्दा उठाया। उन्होंने कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी।

कोतवाली पुलिस को तहरीर देते तदर्थ समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

वर्ग पहेली-8

बाएं से दाएं

3.1. सुरमा ,काजल 2. रसांजन।

4.1. जिसकी आवश्यकता हो 2. जिसकी तलाश हो।

5.1. नया उपजता हुआ पौधा, एक स्थान से दूसरे स्थान पर रोपने लायक छोटा पौधा

6.1. रक्त का संचरण करने वाली मोटी नाड़ी 2. महास्नायु 3. मांस तंतुओं के गुच्छे जो मांसपेशियों को हड्डी से जोड़ते हैं।

9.1. धागे से कपड़ा बनाना 2. सिलाई आदि के द्वारा कपड़े का रूप देना

ऊपर से नीचे

1.1. जानकार होने की अवस्था, गुण या भाव, भिज्ञता 2. ज्ञान, बोध, समझ 3. सूचना।

2. उल्लू।

3.1. बेकार, निरर्थक, सारहीन, ऊटपटांग, भद्दा 2. अप्रासंगिक 3. बेतहाशा।

6.1. कंगाल होने का भाव, दरिद्रता 2. गरीबी, निर्धनता, मुफ़लिसी।

7. सुंदर लगना, सुशोभित होना, अच्छा-भला मालूम होना, उचित लगना।

8.1. चावल को भूनकर बनाया गया कुरकुरा खाद्य 2. अरवा, मुरमुरा, फरवी।



वर्ग पहेली -7 का हल

1 पा	स	■	2 कु	■	■	■
■	■	3 प	ल	टा	ना	■
4 चा	■	■	बु	■	■	5 नि
6 क	ल	क	ला	ना	■	रु
चौ	■	■	ह	■	■	पा
बं	■	7 झों	ट	■	■	धि
द	■	की	■	8 गां	धि	क

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति :21 जून, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, दशमी-07 .18 तक तत्पश्चात एकादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पूर्व। **ऋतु**- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुम्भ।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-अश्विनी 07 .50 तक तत्पश्चात भरणी।

मेष — आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। जीवनसाथी का सहयोग आपके मनोबल को बढ़ायेगा। व्यापार में आपको धन लाभ मिल सकता है। नौकरीपेशा लोग नई जॉब की शुरुआत कर पायेंगे। नया व्यवसाय शुरू करने का विचार बना सकते हैं।

वृष — आज अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। पुराने कर्जों को चुकाने का दबाव रहेगा। एकांत में आपको समय नहीं बिताना चाहिए। सोचे हुए कार्य देरी से पूर्ण होंगे। सड़क पर चलते समय आपको सावधानी रखनी चाहिये। जो भी काम करें वो सोच-समझकर करें।

मिथुन — आज अपनी क्षमताओं का भरपूर प्रयोग करें। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। घर का वातावरण सकारात्मक रखने का प्रयास करें। व्यापार में नकदी की समस्या दूर होगी। वैवाहिक जीवन अत्यन्त सुखमय रहेगा।

कर्क — आज आप महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक सामान की खरीदारी कर सकते हैं। परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। पति-पत्नी के बीच सहयोगात्मक संबंध रहेंगे। पुराने लोन को चुकाने का अवसर मिलेगा। आपको किसी विशेष कार्य के लिए सम्मानित किया जा सकता है।

सिंह — आज आपको गैरकानूनी कार्यों से बचना चाहिए। रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में उच्च आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। दोस्तों के साथ काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे। मन में विकृत विचारों का प्रभाव रहेगा। अजनबियों पर अधिक विश्वास न करें।

कन्या — आज व्यक्तिगत समस्याओं को दूसरों से अधिक शेयर न करें। कार्यक्षेत्र में लोग आपको काफी महत्व देंगे। अनावश्यक चिंता के कारण आपका स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। संतान के करियर को लेकर कुछ चिंता रहेगी। प्रेम संबंधों में भावनात्मक दूरियां पनप सकती हैं।

तुला — आज व्यापार में रुका हुआ धन आपको वापस मिलेगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको विजय प्राप्त होगी। जीवनसाथी के व्यवहार से आपका मन प्रसन्न रहेगा। सभी काम योजना बनाकर करेंगे तो आपको लाभ मिलेगा। जो काम हाथ में लेंगे उसे समय पर पूरा कर लेंगे।

वृश्चिक — आज अपनी कार्यशैली में परिवर्तन करना उत्तम होगा। पारिवारिक विवाद हल होने के योग बन रहे हैं। सरकारी नौकरी वाले लोगों के स्थानांतरण की चर्चा चल सकती है। दुश्मन आपके सामने मित्रता का हाथ बढ़ा सकते हैं। अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाये रखें।

धनु — आज विवाहेतर संबंधों से आपको दूरी बनाकर रखनी चाहिए। रिश्तेदारों पर आपको अधिक विश्वास नहीं करना चाहिए। पैतृक व्यवसाय में आप काफी ध्यान देने वाले हैं। सेहत को लेकर आप थोड़ा सतर्क रहें। किसी मित्र के व्यवहार से आपका मन व्यथित हो सकता है।

मकर — आज कार्यक्षेत्र का वातावरण अनुकूल रहेगा। बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता रहेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। अधिकारियों के साथ आपका वैचारिक मतभेद हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कुंभ — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। व्यवसाय में अचानक ऑर्डर मिल सकते हैं। पढ़ाई में बच्चों का शानदार प्रदर्शन रहेगा। रोजगार में आप बदलाव कर सकते हैं। विचारों में सकारात्मकता बनाये रखें। कार्यक्षेत्र में आपको पुरस्कार मिल सकता है।

मीन — आज नौकरीपेशा लोगों को सम्मान मिल सकता है। क्रोध और आडम्बर से आपको बचना चाहिए। लवमेट्स के साथ आप घूमने जा सकते हैं। आज का दिन बेहद व्यस्त रहने वाला है। प्रेम संबंधों को लेकर समस्या होगी। घर के बुजुर्गों के विचारों का सम्मान करें।

सुडोकू -15

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	6		7		1			
5		2		8				
	7			2			6	3
	4		3			9		6
		8	1		6	5		
6		3			2		1	
9	1			4			5	
				6		1		8
			5		3		7	

सुडोकू - 14 का हल

5	4	1	8	2	7	3	9	6
2	9	7	6	3	4	8	5	1
3	8	6	9	1	5	4	2	7
4	1	3	5	8	9	7	6	2
7	2	5	4	6	3	1	8	9
8	6	9	1	7	2	5	3	4
9	7	2	3	4	8	6	1	5
6	3	4	2	5	1	9	7	8
1	5	8	7	9	6	2	4	3

मलबा आने से पूर्णागिरि मार्ग बंद, फंसे श्रद्धालु

प्रशासन और मंदिर समिति फंसे लोगों की मदद के लिए आए आगे, चार दिनों से पूर्णागिरि क्षेत्र में बिजली बाधित

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : क्षेत्र के अलावा पिछले कई दिनों से पहाड़ों में लगातार हो रही बरसात से पूर्णागिरि मार्ग का बाटनागाड़ में मलबा आने से पूर्णागिरि मार्ग बंद हो गया है। हालांकि प्रशासन ने इस समय मां पूर्णागिरि धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की आवाजाई पर रोक लगा दी है लेकिन अभी भी ठुलीगाड़ मेला क्षेत्र में सैकड़ों वाहन व उनसे जुड़े वाहन स्वामी, चालक के साथ-साथ श्रद्धालु भी फंसे हुए हैं। पूर्णागिरि मार्ग में फंसे इन लोगों के भोजन व रहने के लिए प्रशासन के साथ-साथ मां श्री पूर्णागिरि मंदिर समिति भी मदद के लिए आगे आई है। इधर, पिछले 4 दिनों से पूर्णागिरि क्षेत्र में बिजली बाधित होने से लोगों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही है।

बारिश होने से बाटनागाड़ में भारी संख्या में मलबा और बड़े-बड़े बोल्डर आ रहे हैं हालांकि प्रशासन द्वारा मलबे को हटाने के लिए जेसीबी मशीन लगाई गई है लेकिन बार-बार बारिश होने से मलबा हटाने में दिक्कतें आ रही है।

मेला क्षेत्र में फंसे लोगों को खाद्य सामग्री बांटते प्रशासन व मंदिर समिति के सदस्य।

इधर मां श्री पूर्णागिरि मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित किशन चंद्र तिवारी ने बताया कि प्रशासन और मंदिर समिति पूर्णागिरि मार्ग में फंसे लोगों की मदद कर रहे हैं। उन्हें खाद्य सामग्री दी गई है साथ ही रहने की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। अभी भी काफी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए मां पूर्णागिरि धाम को आ रहे हैं लेकिन मार्ग सही न होने से उन्हें वापस लौटना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले चार दिनों से पूर्णागिरि क्षेत्र में बिजली ठप होने से यहां काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही है।

एसडीएम आकाश जोशी ने बताया कि पूर्णागिरि मार्ग खराब होने के कारण श्रद्धालुओं को मां पूर्णागिरि धाम को नहीं जाने दिया जा रहा है। उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ-साथ क्षेत्र के सभी लोगों से भी अनावश्यक रूप से इस मार्ग में इस समय यात्रा न करने की अपील की है।

भूस्खलन से बाटनागाड़ के पास व्यापारी की मौत

संवाददाता, टनकपुर

- ठुलीगाड़ मेला क्षेत्र में पराठे बेचकर लौट रहे थे व्यापारी
- प्रशासन ने मृतक के परिजनों को चार लाख का दिया मुआवजा

अमृत विचार : क्षेत्र व पहाड़ों में हो रही बरसात से पूर्णागिरि मार्ग के बाटनागाड़ में मलबा आने से मार्ग बार-बार बाधित हो रहा है। रोज की तरह शुक्रवार को सुबह घर से पराठे बनाकर ठुलीगाड़ मेला क्षेत्र में पराठे बेचकर वापस आ रहे टनकपुर के व्यापारी की बाटनागाड़ के पास भूस्खलन की चपेट में आने से मौत हो गई।

मृतक चंद्रपाल सिंह।

जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की सुबह 8:00 बजे पूर्णागिरि सड़क पर बाटनागाड़ के समीप भू-स्खलन से पानी और मलबा आ गया। इस हादसे में 60 वर्षीय चन्द्रपाल सिंह पुत्र हरप्रसाद निवासी खच्चर पड़ाव, टनकपुर की मलबे की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही बचाव दल मौके पर पहुंची और शव मलबे से बाहर निकालकर संयुक्त चिकित्सालय टनकपुर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना की सूचना पर एसडीएम आकाश जोशी, तहसीलदार जगदीश गिरी व अन्य अधिकारी अस्पताल पहुंचे। अंतिम संस्कार आज किया जाएगा।

इधर, एसडीएम आकाश जोशी ने बताया कि प्रशासन द्वारा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए मृतक के परिजनों को शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें चार लाख रुपया मुआवजा दिया गया है। इस घटना पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, दीपक चन्द रजवार, विपिन कुमार, हेमेश खर्कवाल, हर्षवर्धन सिंह रावत, वैभव अग्रवाल आदि ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

मानसरोवर यात्रा को सुरक्षित व यादगार बनाएं: जिलाधिकारी

संवाददाता, पिथौरागढ़

अमृत विचार: जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी की अध्यक्षता में 30 जून से प्रारंभ होने जा रही कैलाश मानसरोवर यात्रा की तैयारी के संबंध में बैठक कुमाऊं मंडल विकास निगम, सेना, आईटीबीपी, सीमा सुरक्षा बल, बीआरओ एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने बताया कि यात्रा 5 वर्ष के बाद प्रारंभ हो रही है और यह पिथौरागढ़ जनपद के लिए महत्वपूर्ण है। ये यात्रा पहले धारचूला के पैदल मार्ग से की जाती थी। इस बार इस यात्रा में श्रद्धालु गाड़ियों से लिपुलेख तक जा सकेंगे। यात्रा 30 जून से दिल्ली से प्रारंभ होगी, जोकि 4 जुलाई की शाम टनकपुर पहुंचेगी और जनपद के विकासखंड धारचूला में 05 जुलाई को पहुंचेगी। श्रद्धालुओं को आईटीबीपी द्वारा टनकपुर पर में रिसीव किया जायजा और टनकपुर से यात्रा आईटीबीपी की निगरानी में हो होगी। श्रद्धालु धारचूला विश्राम कर अगले दिन गूंजी के लिए रवाना होगी। गूंजी में यात्रियों का

कैलाश मानसरोवर यात्रा की तैयारियों को लेकर अधिकारियों संग चर्चा करते डीएम।

अक्लीमेटाइजेशन एवं मेडिकल किया जाएगा। गूंजी में 2 दिन का विश्राम होगा। इस दौरान श्रद्धालु आदि कैलाश के दर्शन भी कर सकेंगे। 2 दिन के विश्राम के बाद यात्रा नाभीढांग पहुंचेगी और वहां भी अक्लीमेटाइजेशन एवं मेडिकल किया जाएगा और उसके बाद यात्री आईटीबीपी की निगरानी में लिपुलेख की यात्रा तय करेंगे और उसके बाद यात्री तिब्बत में प्रवेश कर जाएंगे। दल दल में 50 लोग होंगे। जिन्हें आवागमन के लिए 13 वाहनों की उपलब्धता कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा की जाएगी।

जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में 2 वाहन रिजर्व में रखे जाएंगे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को इस यात्रा को सुरक्षित, सफल और यादगार बनाने के निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी धारचूला मंजीत सिंह से इस यात्रा के दौरान क्रिटिकल पॉइंट्स पूछे जहां बार-बार मलबा आता है। उपजिलाधिकारी ने बीआरओ से अपील की कि वह जानकारी प्रशासन को उपलब्ध कराए। यात्रा से लौटते वक्त यात्री बूंदी में विश्राम करेंगे और अगले दिन यात्री डीडीहाट थल से होते हुए चौकोरी में रुक कर विश्राम करेंगे और वहां पाताल भुवनेश्वर, हाट कालिका, जागेश्वर धाम के भी दर्शन कर सकेंगे। यात्रा अल्मोड़ा से होते हुए नैनीताल कैंचीधाम दर्शन करके दिल्ली को रवाना होगी। पुलिस अधीक्षक ने तैयारी के बारे में भी जानकारी दी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीपक सैनी, अपर जिलाधिकारी योगेंद्र सिंह, सीएमओ डॉ. नबियाल आदि रहे।

पुष्कर भैसोड़ा का स्वागत

नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष पुष्कर सिंह भैसोड़ा का स्वागत करते कार्मिक। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार: एजुकेशनल मिनिस्टीरियल ऑफिसर्स एसोसिएशन के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पुष्कर सिंह भैसोड़ा का अल्मोड़ा में शुक्रवार को भव्य स्वागत हुआ। इस दौरान नगर के माल रोड स्थित चौघानपाटा में कार्मिकों ने मिष्ठान वितरण कर जमकर आतिशबाजी की।

नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष भैसोड़ा ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाएगा। कहा कि प्रदेश के सभी 13 जिलों के कार्मिकों को एकजुट करेंगे। साथ ही पुरानी पेशन बहाली के लिए अभियान चलाया जाएगा।

यहां जिलाध्यक्ष भूपाल सिंह चिलवाल, निधि पांडे, देवेंद्र अधिकारी, उमेश पांडे, हिमांशु तिवारी, राजू मेहरा, हिम्मत सिंह, गोपाल कफलिया, योगेश तिवारी, विजेंद्र मेहता, पुष्पा कांडपाल, कैलाश कर्मियाल, हीरा सिंह बोरा, नीतेश कांडपाल, शैलेश वर्मा, शालिनी आदि मौजूद रहे।

संगीत-नृत्य व कला का अपना महत्व

संवाददाता, रानीखेत

अमृत विचार : सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में मिशन इंटर कॉलेज सभागार में कथक नृत्य प्रशिक्षण कार्यशाला का भव्य शुभारंभ हुआ। अतिथियों के स्वागत में आदर्श बालिका इंटर कॉलेज व जेएंड जे सिटी मांटेसरी स्कूल के बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किए।

कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि पीजी कॉलेज की पूर्व प्राचार्य डॉ. जया पांडे, विशिष्ट अतिथि द्वय वीर शिवा ग्रुप आफ स्कूल की एकडेमिक डायरेक्टर प्रीति पांडे एवं गोविंद मैमोरियल स्प्रिंग फील्ड पब्लिक स्कूल,साईं सावित्री पब्लिक स्कूल की मैनेजिंग डायरेक्टर रमा माहरा, भावनगर गुजरात से आए कथक प्रशिक्षक जिगर भट्ट व डॉ. निष्ठा देसाई ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर डॉ. जया पांडे ने रानीखेत

रानीखेत में कत्थक नृत्य प्रशिक्षण शिविर के दौरान मौजूद प्रतिभागी। ● अमृत विचार

में पहली बार कथक कार्यशाला आयोजित करने के लिए सांस्कृतिक समिति को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जीवन में संगीत-नृत्य और कला का अपना महत्व है। शास्त्रीय नृत्य शैली में कथक को महत्व पूर्ण माना गया है। विशिष्ट अतिथि प्रीति पांडे ने संगीत के प्रति अपने लगाव को जाहिर करते हुए कहा संगीत एवं नृत्य क्षेत्र में बच्चों,महिलाओं को प्लेटफार्म देने का यह स्तुत्य प्रयास है। संगीत बिना जीवन नीरस है, नृत्य संगीत जीवन को नई उमंग देते हैं। सांस्कृतिक समिति अध्यक्ष विमल सती ने अतिथियों व प्रशिक्षकों का स्वागत करते हुए मुख्य प्रशिक्षक जिगर रजनीकांत भट्ट का परिचय कराया। प्रशिक्षक जिगर भट्ट व निष्ठा देसाई ने प्रतिदिन दो सत्र में होने वाली कार्यशाला के बारे प्रशिक्षार्थियों को जानकारी देते हुए आमंत्रित करने के लिए सांस्कृतिक समिति को साधुवाद दिया। कला क्षेत्र भावनगर की ओर से दोनों प्रशिक्षकों ने अतिथियों का पिछोड़ा ओढ़ाकर अभिनंदन किया। सांस्कृतिक समिति अध्यक्ष विमल सती ने अतिथियों का ऐपण कृति देकर स्वागत किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक समिति के राजेन्द्र पंत, गौरव तिवारी,गौरव भट्ट, संजय पंत,डॉ विनीता खाती,नेहा माहरा,गीता पवार,गीता आदि रहे।

सर्राफा कारोबारी का मिला अल्मोड़ा में शव, हड़कंप

संवाददाता, अल्मोड़ा

- 15 दिन पूर्व कारोबार की बात कह कर घर से निकला था मृतक
- पंचनामा व पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद परिजनों को सौंपा शव

अमृत विचार: अल्मोड़ा के एक होटल में गरमपानी के सर्राफा कारोबारी का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

हिमांशु वर्मा, फाइल।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार कारोबारी 30 वर्षीय हिमांशु वर्मा पुत्र पूरन लाल वर्मा का कारोबार के चलते अल्मोड़ा में आना जाना लगा रहता था। बीते 15 दिन पूर्व वह कारोबार की बात कह कर घर से निकला था और यहां मालरोड स्थित एक होटल में रह रहा था। इधर, बीते गुरुवार हो होटल कर्मियों ने उसे अचेत अवस्था में पाया। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस हिमांशु को जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कोतवाल योगेश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है। उन्होंने बताया कि मौत के असल कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा।

बाइक रैली निकालकर दिया लोगों को स्वच्छता का संदेश

- स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत अभियान के तहत निकाली रैली
- आम जन मानस से स्वच्छता के प्रति गंभीर रहने की अपील की

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत अभियान के तहत शुक्रवार को अल्मोड़ा बाइक रैली निकाली गई। इस दौरान रैली के माध्यम से लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया और अभियान से जुड़ने की अपील की।

नगर के आरसीएम मॉल से बाइक रैली का शुभारंभ एआरटीओ अखिलेश चौहान, परिवहन कर अधिकारी पवन कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान रैली के माध्यम से पूरे नगर में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। वहीं, जगह-जगह स्वच्छता पंफ्लेट वितरित किए गए एवं सभी को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। इस अभियान में पुलिस विभाग, परिवहन विभाग और अधिकार मित्र सहित कई विभागों ने हिस्सा लिया।

अल्मोड़ा में शुक्रवार को स्वच्छता संदेश को लेकर निकाली गई बाइक रैली।

इधर, विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शशि शर्मा ने बताया कि आगामी 22 जून को एसएसजे के सिमकनी खेल मैदान में वृहद स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अभियान से जुड़ने की अपील की।

अब बीईओ भी घोषित कर सकेंगे स्कूलों में अवकाश

संवाददाता, अल्मोड़ा

- डीएम ने मानसून को देखते शिक्षा विभाग के लिए आदेश जारी किए

अमृत विचार: मानसून सीजन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है। डीएम ने शिक्षा विभाग के लिए आदेश जारी किए है। कहा कि भारी बारिश दौरान नदी नाले उफान पर आए तो खंड शिक्षा अधिकारी विद्यालयों में अवकाश घोषित कर सकते है।

डीएम आलोक कुमार पांडेय ने बताया कि जिले में अत्यधिक वर्षा की चेतावनी जारी होने पर ऐसे विद्यालयों जहां पर आने-जाने के लिए छात्र-छात्राओं को नदी-नाले बिना पुल या पानी से होते हुए पार करना पड़ता है। इस दौरान किसी बड़ी घटना का हर समय अंदेशा बना रहता है। ऐसी परिस्थिति में जब तक आवागमन सुरक्षित न हो तब तक बच्चों की सुरक्षा का ध्यान रखना जरूरी है। बताया कि अगर किसी भी ब्लॉक में इस प्रकार की परेशानी सामने आती है तो संबंधित ब्लॉक के बीईओ शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में अवकाश प्रदान कर सकते हैं। कहा कि बीईओ मानसून सत्र में वर्षा के दृष्टिगत विद्यालयों में अवकाश घोषित करने संबंधी सूचना जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र अल्मोड़ा के दूरभाष संख्या- 05962-237874, 237875, 7900433294 और ई-मेल ddmo.alm@gmail.com के माध्यम से अनिवार्य रूप से देना सुनिश्चित करेंगे।

अल्मोड़ा में आयोजित शिविर में रक्तदान करते भाजयुमो कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार: भाजयुमो की ओर से भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यहां बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर दूसरों की जिंदगी बचाने का संकल्प लिया।

शुक्रवार को जिला अस्पताल में आयोजित शिविर में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश उपाध्यक्ष शर्मा की उज्ज्वल राजनैतिक भविष्य और दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष चंदन बहुगुणा, दर्शन रावत, धर्मेंद्र बिष्ट, हवालबाग मंडल अध्यक्ष संजय बिष्ट, कैलाश गुरुरानी, जगत तिवारी, सुंदर मटियानी, प्रेम लटवाल, पार्षद अमित शाह मोनू, मनोज तिवारी, आशीष कुमार, राहुल जोशी, रोहित शर्मा, हिमाल शर्मा, जगत भट्ट, नमन गुरुरानी, हरीश सिंह बिष्ट, भोपाल सिंह कुंवर, नीरज सांगा, पारस कांडपाल, संजय भट्ट, मनमोहन सिंह, त्रिलोक सिंह रौतेला आदि मौजूद रहे।

केंद्रीय शहरी विकास मंत्री को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, बनबसा

अमृत विचार : कांग्रेस प्रदेश सचिव आनंद सिंह मेहरा ने केंद्रीय शहरी विकास मंत्री तोखन साहू को ज्ञापन देकर चम्पावत के बनबसा-टनकपुर क्षेत्र को स्मार्ट सिटी एवं मेट्रो सिटी के रूप में विकसित करने की मांग की।

ज्ञापन में कांग्रेस प्रदेश सचिव आनंद सिंह मेहरा ने कहा कि बनबसा-टनकपुर क्षेत्र सामरिक, सामाजिक तथा आर्थिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यह क्षेत्र भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित है तथा मित्र राष्ट्र नेपाल के नागरिकों का आवागमन यहां नियमित रूप से होता है। साथ ही यह क्षेत्र सैनिक बाहुल्य क्षेत्र भी है। कांग्रेस प्रदेश सचिव आनंद

केंद्रीय शहरी विकास मंत्री को ज्ञापन देते कांग्रेस प्रदेश सचिव आनंद सिंह मेहरा।

सिंह मेहरा ने चम्पावत जिले के बनबसा-टनकपुर क्षेत्र को भारत सरकार की 'स्मार्ट सिटी' एवं 'मेट्रो सिटी' योजना में सम्मिलित कर इस अति संवेदनशील क्षेत्र को समुचित विकास प्रदान करने की मांग की इससे पूर्व सैनिकों, सीमावर्ती नागरिकों एवं अंतरराष्ट्रीय संबंधों में भी सकारात्मक संदेश जाएगा।

आयोजन | मुख्य मेला 'बग्वाल' 9 अगस्त को, देवीधुरा मेले की तैयारियों को लेकर डीएम ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

5 से 16 अगस्त तक होगा मां बाराही धाम देवीधुरा मेला

संवाददाता, टनकपुर/चम्पावत

अमृत विचार: चम्पावत जिले के मां बाराही धाम देवीधुरा मेले की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को जिला कार्यालय सभागार चम्पावत में अपर जिलाधिकारी जयवर्धन शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेला समिति के पदाधिकारियों सहित विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में अवगत कराया गया कि इस वर्ष देवीधुरा का पारंपरिक एवं ऐतिहासिक मेला 5 अगस्त से 16 अगस्त, 2025 तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्य आयोजन 'बग्वाल' 9 अगस्त को सम्पन्न होगा। बैठक में मेले की यातायात

चम्पावत जिला सभागार में बैठक लेते एडीएम जयवर्धन शर्मा। ● अमृत विचार

प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छता, पेयजल, सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था, ठहराव एवं आपदा प्रबंधन आदि पर विस्तार से चर्चा की गई। एडीएम जयवर्धन शर्मा ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि मेले में क्राउड मैनेजमेंट की व्यवस्था दुरुस्त की जाए, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। मेले क्षेत्र में आने वाले सभी पैदल मार्गों की साफ-सफाई सुनिश्चित करने, चिकित्सा सेवाओं के पुख्ता इंतजाम करने, और श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। एसडीएम पाटी को मेला अधिकारी नामित किया गया है, जो मेला व्यवस्थाओं की निगरानी एवं समन्वय के लिए उत्तरदायी होंगी। बैठक में मां बाराही धाम मंदिर समिति के अध्यक्ष खीम सिंह बिष्ट, एसडीएम पाटी नितेश डांगर, एसडीएम अलकेश नौडियाल, कमलेश सिंह बिष्ट, शिवराज सिंह राणा, मेहरबान सिंह बिष्ट, बिलाल यूनुस, सुरेंद्र कुमार, एमसी पलड़िया, वीके पाल, विजय सकारिया, देवेन्द्र पटवाल आदि अधिकारी मौजूद रहे।

सेतु आयोग उपाध्यक्ष पहुंचे मां बाराही धाम

टनकपुर/देवीधुरा : सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी ने मां बाराही धाम देवीधुरा में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। इस दौरान मंदिर समिति ने उनका भव्य स्वागत किया। बाद में उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर समस्याएं सुनीं। लोगों ने क्षेत्र में सड़क, पेयजल और पर्यटन विकास से संबंधित परियोजनाओं पर विशेष ध्यान देने की जरुरत बताई। राजशेखर जोशी ने कहा कि देवीधुरा न केवल धार्मिक बल्कि सांस्कृतिक और पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। हमारा लक्ष्य इस क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना और पर्यटन को बढ़ावा देना है। उन्होंने मां बाराही मंदिर में चल रही भागवत कथा का श्रवण भी किया। मानस रत्न प्राप्त पंडित प्रकाश कृष्ण शास्त्री ने कथा के महात्म्य की जानकारी दी। मंदिर समिति के संरक्षक लक्ष्मण सिंह लमगड़िया व अध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किया।

ज्ञापन सौंप मानदेय देने की उठाई मांग

अल्मोड़ा, अमृत विचार: आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संगठन ने पंचायत सर्वे के दौरान अब तक मानदेय नहीं मिलने पर नाराजगी जताई। डीएम को ज्ञापन सौंप जल्द मानदेय देने की मांग उठाई।

ज्ञापन में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने कहा कि पूर्व में पंचायत सर्वे के दौरान उनकी ड्यूटी लगाई गई थी। सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समय पर कार्य संपन्न किया। कहा कि अतिरिक्त कार्यभार के बावजूद अब तक उनको पारिश्रमिक नहीं मिल पा रहा है। जिससे कार्यकत्रियों में रोष व्याप्त है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता तिवारी, जिलाध्यक्ष किरन जोशी, पुष्पा लखचौरा, धना नगरकोटी, पुष्पा, सरोजनी, सुमित्रा, रेखा नैनवाल, हेमा आर्या, सिक्ता, उमा आदि कार्यकत्रियां मौजूद रही।

बाजार	सेंसेक्स ▲	निफ्टी ▲
बंद हुआ	82,408 .17	25,112 .40
बढ़त	1,046 .30	319 .15
प्रतिशत में	1.29	1.29

अमृत विचार
www.amritvichar.com
हल्द्वानी, शनिवार, 21 जून 2025

जीएसटी पंजीकरण आसान बनाए सीबीआईसी

सीतारमण ने प्रौद्योगिकी एवं जोखिम-आधारित मापदंडों का उपयोग कर अधिक पारदर्शी बनाने को कहा

- सीबीआईसी प्रधान मुख्य आयुक्तों मुख्य आयुक्तों और महानिदेशकों के सम्मेलन की अध्यक्षता की

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा-शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) से प्रौद्योगिकी एवं जोखिम-आधारित मापदंडों का उपयोग कर करदाताओं के लिए जीएसटी पंजीकरण को आसान, निर्बाध और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए कहा। सीतारमण ने सीबीआईसी के प्रधान मुख्य आयुक्तों, मुख्य आयुक्तों और क्षेत्रीय महानिदेशकों के एक सम्मेलन की अध्यक्षता की।

इस दौरान उन्होंने प्रमुख संकेतकों पर सीमा शुल्क और सीजीएसटी क्षेत्रों के प्रदर्शन की समीक्षा की। उन्होंने क्षेत्रीय इकाइयों को जीएसटी पंजीकरण, रिफंड की प्रक्रिया और करदाताओं की शिकायतों से निपटने जैसे विभिन्न मापदंडों में सुधार के लिए एक कार्य योजना तैयार करने का निर्देश भी दिया। वित्त मंत्रालय ने कहा कि वित्त मंत्री ने सीजीएसटी संरचनाओं को जीएसटी पंजीकरण के लिए जरूरी अनिवार्य दस्तावेजीकरण के बारे में करदाताओं, व्यापार संगठनों और उद्योग निकायों के बीच लक्षित जागरूकता अभियान चलाने का भी निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि इससे पंजीकरण में अस्वीकृति एवं देरी को कम करने और आवेदनों के तेजी से प्रसंस्करण को सक्षम बनाने में मदद मिलेगी। सीतारमण ने सीजीएसटी जोनल प्रमुखों को आवेदन प्रक्रिया में करदाताओं की सुविधा के लिए जीएसटी पंजीकरण के लिए एक अलग से हेल्पडेस्क बनाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने की जरूरत बतायी कि जीएसटी सेवा केंद्रों और सीमा-शुल्क तुरंत सुविधा केंद्रों में पर्याप्त कर्मचारी हों, सुलभ हों और उनका उचित रखरखाव हो ताकि करदाताओं को समय पर और गुणवत्तापूर्ण मदद मिल सके। उन्होंने करदाताओं के विश्वास पर जोर देते हुए शिकायत निवारण पर लक्षित और निरंतर ध्यान देने का आह्वान किया।

आईटीसी दावों को रोकने की जरूरत पर दिया जोर

सीतारमण ने कर चोरी एवं गलत इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) दावों को रोकने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने सीबीआईसी को समय पर शिकायतों के निवारण और खासकर एमएसएमई एवं निर्यातकों के लिए कारोबारी सुगमता सुनिश्चित करने के लिए जीएसटी और सीमा शुल्क रिफंड की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए भी कहा। वित्त मंत्री ने सुझाव दिया कि सीजीएसटी और सीमा-शुल्क क्षेत्र शिकायतों के समाधान में और तेजी लाने के लिए अलग टीम बना सकते हैं। उन्होंने सीमा शुल्क विभाग से आयात और निर्यात दोनों के लिए बंदरगाहों, हवाई अड्डों और अंतर्देशीय कंटेनर डिपो (आईसीडी) पर रुकने का समय कम करने को कहा। इस बैठक में राजस्व सचिव अरविंद श्रीवास्तव और सीबीआईसी के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल एवं राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

क्रेडिट रिस्क : समझ और सावधानियां

शेयर बाजार में निवेश करते समय कई प्रकार के जोखिम सामने आते हैं, जिनमें से एक प्रमुख जोखिम क्रेडिट रिस्क है। क्रेडिट रिस्क का तात्पर्य उस संभावना से है जब कोई कंपनी या संस्था, जिसके सिक्योरिटीज में आपने निवेश किया है, समय पर ब्याज या मूलधन लौटाने में असफल हो जाती है। यह जोखिम खासकर डिबेंचर, बॉण्ड या अन्य डेट इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश के समय सामने आता है। कंपनियों की वित्तीय स्थिति, बाजार की अनिश्चितता और नियामक नीतियों के बदलाव इस जोखिम को प्रभावित कर सकते हैं।

क्या है क्रेडिट रिस्क

- क्रेडिट रिस्क वह जोखिम है, जिसमें उधार लेने वाली कंपनी या संस्था अपने ऋण दायित्वों को समय पर पूरा नहीं कर पाती। जब कोई निवेशक किसी कंपनी के बॉण्ड या डिबेंचर में पैसा लगाता है, तो उसे उम्मीद होती है कि उसे समय पर ब्याज और मूलधन मिलेगा, लेकिन यदि कंपनी दिवालिया हो जाए या वित्तीय संकट में आ जाए, तो भुगतान में चूक हो सकती है।

निवेशकों के लिए संभावित लाभ

- **उच्च रिटर्न की संभावना** : उच्च क्रेडिट रिस्क वाले बॉन्ड्स आमतौर पर अधिक ब्याज दर (कूपन रेट) प्रदान करते हैं।
- **डायवर्सिफिकेशन** : जोखिम समझकर निवेश करने से पोर्टफोलियो में विविधता आती है, जिससे संभावित रिटर्न बढ़ सकते हैं।
- **कम कीमत पर प्रवेश** : बाजार में अस्थिरता के समय कम रेटिंग वाली सिक्योरिटीज सस्ते में मिलती हैं, जिनमें सुधार की संभावना हो सकती है।

मुख्य जोखिम

- **पूंजी हानि** : अगर कंपनी डिफॉल्ट कर जाए तो मूलधन डूब सकता है।
- **रेटिंग में गिरावट** : रेटिंग एजेंसियों द्वारा रेटिंग कम करने से सिक्योरिटी का बाजार मूल्य गिर सकता है।
- **तरलता संकट** : कम रेटिंग वाले बॉन्ड्स को बाजार में बेचना मुश्किल हो सकता है।

अनिश्चितता को कम करेगा मौद्रिक उपायों का पैकेज, वृद्धि को मिलेगा बढ़ावा

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की हाल की बैठक में कहा था कि मौद्रिक नीति के रुख को तटस्थ करने से उभरती घरेलू और वैश्विक आर्थिक स्थितियों के जवाब में नीति दर में कटौती, रोक या वृद्धि के लिए जरूरी लचीलापन मिलेगा।

चार-छह जून को हुई एमपीसी की बैठक के शुक्रवार को जारी ब्योरे से यह जानकारी सामने आई है। एमपीसी ने इस बैठक में नीतिगत ब्याज दर रेपो में 0.50 प्रतिशत की बड़ी कटौती करने का फैसला किया था। इस तरह रेपो दर में इस साल फरवरी से लेकर अबतक कुल कटौती बढ़कर एक प्रतिशत हो गई है। इसके अलावा आरबीआई गवर्नर की अध्यक्षता वाली एमपीसी ने मौद्रिक नीति के रुख को भी उदार से संशोधित कर तटस्थ करने का फैसला किया था। बैठक के ब्योरे के मुताबिक, छह-सदस्यीय एमपीसी की तीन दिवसीय बैठक में मल्होत्रा ने कहा, मौद्रिक उपायों का यह पैकेज अनिश्चितता के समय में कुछ निश्चितता प्रदान करेगा और इससे वृद्धि को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। समिति के 6 में से 5 सदस्यों ने रेपो दर में 0.50% की कटौती के पक्ष में मत दिया जबकि बाहरी सदस्य सौगत भट्टाचार्य ने 0.25% की कटौती का सुझाव दिया था।

8 बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर घटकर 0.7 प्रतिशत पर

नई दिल्ली। देश के 8 प्रमुख बुनियादी उद्योग की वृद्धि दर मई 2025 में घटकर 0.7% रह गई, जो पिछले नौ महीनों में सबसे कम है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। पिछली सबसे कम वृद्धि दर अगस्त, 2024 में थी, जब इन ढांचागत क्षेत्रों के उत्पादन में 1.5% की गिरावट आई थी।

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल मई में इन क्षेत्रों की वृद्धि दर 6.9% थी। अप्रैल में इन प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों के उत्पादन में 1% की वृद्धि दर्ज की गई थी। इन आंकड़ों से पता चलता है कि चार प्रमुख क्षेत्रों- कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस, उर्वरक एवं बिजली के उत्पादन में मई के दौरान गिरावट दर्ज की गई। रिफाइनरी उत्पादों और सीमेंट उत्पादन की वृद्धि दर सकारात्मक रही। साथ ही चालू वित्त वर्ष की पहले दो महीनों (अप्रैल-मई) में 8 प्रमुख क्षेत्रों में कुल 0.8% की वृद्धि दर्ज की गई है।

गिरावट थमी, तीन दिन बाद बाजार में रौनक

मुंबई, एजेंसी

- सेंसेक्स 1,046 अंक उछला, निफ्टी ने फिर किया 25,000 के अंक को पार

स्थानीय शेयर बाजार में पिछले तीन दिनों से जारी गिरावट पर शुक्रवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 1,046 अंकों का उछाल आया। वहीं एनएसई निफ्टी फिर से 25,000 के पार पहुंच गया। वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच वित्तीय, दूरसंचार और प्रौद्योगिकी शेयरों में खरीदारी से शुक्रवार को बाजार में तेजी आई।

कारोबारियों ने कहा कि प. एशिया में तनाव कम होने के बीच विदेश से सकारात्मक रुझान और विदेशी पूंजी की लिवाली से घरेलू बाजारों को समर्थन मिला। सेंसेक्स 1,046.30 अंक उछलकर 82,408.17 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,132.62 अंक बढ़ा था। वहीं निफ्टी 319.15 अंक चढ़कर 25,112.40 पर बंद हुआ। बीएसई पर 2,463 शेयरों में तेजी रही, जबकि 1,484 शेयरों में गिरावट आई और 147 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इस सप्ताह सेंसेक्स में 1,289.57 अंक यानी 1.58% की तेजी आई और निफ्टी 393.8 अंक यानी 0.59% चढ़ा।

मिडकैप 1.20 तो स्मॉलकैप 0.55 प्रतिशत चढ़ा

सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल, नेस्ले, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, इटरनल (पूर्व में जोमैटो) और एचडीएफसी बैंक में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर मारुति का शेयर गिरकर बंद हुआ। बीएसई का मिडकैप 1.20 और स्मॉलकैप 0.55% चढ़ा। क्षेत्रवार देखा जाए तो सभी सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। इस दौरान दूरसंचार में 2.73, रियल्टी में 2.22, प्रौद्योगिकी में 1.42, पूंजीगत सामान में 1.17, बैंक में 1.15, सोच-विचार कर खरीदी जाने वाली वस्तुओं में 1.12 और धातु में 1.10% की तेजी आई।

राष्ट्रीय

एक नजर

उपमुख्यमंत्री और विधायक को मारने की मिली धमकी

ऊना। हिमाचल प्रदेश पुलिस ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और कांग्रेस विधायक राकेश कालिया को सोशल मीडिया पर अप्रत्यक्ष रूप से दी गई जान से मारने की धमकी की जांच शुरू कर दी है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि सोशल मीडिया उपयोगकर्ता ने कुख्यात गैंगस्टर अमरीश राणा की गिरफ्तारी पर फेसबुक पर पोस्ट साझा की थी। उसने लिखा, लोग फिर से तलवार मांग रहे हैं। अन्य व्यक्ति ने जवाब दिया, इसका इस्तेमाल एक राजनेता पर होगा। पूछे जाने पर कि किस अपराध के लिए? तो व्यक्ति ने कहा, केवल उपमुख्यमंत्री और विधायक राकेश कालिया ही जानेंगे। शिकायतकर्ता अरुण ने हरोली थाने में मामला दर्ज कराया है।

सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में एक महिला नक्सली ढेर

कांकेर। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक महिला नक्सली को मार गिराया है। कांकेर जिले के पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलेसेला ने बताया कि जिले के छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आमाटोला और कलपर गांव के मध्य जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक महिला नक्सली को मार गिराया है। छोटेबेठिया क्षेत्र के कोटरी नदी के किनारे आमाटोला और कलपर गांव के जंगल में नक्सलियों की सूचना पर अभियान चलाया गया था।

मणिपुर में सात उग्रवादी गिरफ्तार

इंफाल। सुरक्षा बलों ने मणिपुर में विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े सात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि सभी गिरफ्तारियां इंफाल पश्चिम, टेंगनौपाल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों से की गईं।

सरकार ने स्वास्थ्य समस्याओं पर दिया ध्यान

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एसीयू के बेंगलुरु परिसर के उद्घाटन के दौरान की सरकार की सराहना

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु के कार्यक्रम में शामिल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह व अन्य।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को जनता के सामने आने वाले स्वास्थ्य मुद्दों पर ध्यान देने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी सरकार के समग्र दृष्टिकोण के लिए उनकी सराहना की।

शाह ने अदिचुन्चानागिरी विवि (एसीयू) के बेंगलुरु परिसर का उद्घाटन करने के बाद कहा, प्रधानमंत्री ने गुजरात में कहा था कि गरीबी का सबसे बड़ा मुद्दा बीमारी और इलाज का खर्च है, प्रशासन को गरीबों की बीमारी के इलाज का इंतजाम करना होता है। मोदी ने प्रधानमंत्री बनते ही 60 करोड़ गरीबों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मुहैया कराकर इस सपने को पूरा किया है। शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने फिट इंडिया मूवमेंट, योग दिवस, मिशन इंद्रधनुष और पोषण अभियान, आयुष्मान भारत, भारतीय जन औषधि परियोजना तथा 12 करोड़ घरों में शौचालय बनाने जैसी पहल की। शाह ने कहा कि देश में डॉक्टरों की संख्या बढ़ाने के प्रयास हुए हैं। 2014 में देश में 7 एम्स थे, आज 23 हैं, वहीं मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 से बढ़कर 780 हो गई है। 2014 में 51,000 एमबीबीएस सीट थीं, आज 1,18,000 है, पीजी सीट की संख्या पहले 31,000 थी, जो आज 74,000 है। केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी तथा रेल राज्य मंत्री मंत्री वी सोमन्ना तथा अदिचुन्चानागिरी मठ के निर्मलानंदनाथ महास्वामीजी मौजूद थे।

सहकारिता की असमान वृद्धि को समान रूप देने की मंशा

मुंबई। केंद्रीय सहकारिता मंत्री शाह ने कहा कि देश में सहकारिता क्षेत्र में वृद्धि असमान रही है और सरकार का इरादा इसे समान रूप देने का है। शाह ने भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नैफेड) के सम्मेलन में कहा कि सहकारिता क्षेत्र केवल देश के पश्चिमी भागों में ही स्थिर रहा जबकि उत्तरी और पूर्वी क्षेत्रों में यह कमजोर रहा। उन्होंने कहा कि सरकार का मकसद इस क्षेत्र की वृद्धि को एकसमान रूप देना है। सहकारी क्षेत्र सीमित पूंजी के साथ अधिक लाभ प्रदान करके अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देता है। शाह ने कहा कि हम देश में सभी स्तरों पर सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करके इसकी प्रगति करेंगे। शाह ने कहा कि जीडीपी देश की वृद्धि का एकमात्र मापदंड नहीं है। सहकारी क्षेत्र कम पूंजी में अधिक लाभ और रोजगार के अवसर प्रदान करके वृद्धि एवं अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देता है।

चुनौती न मिलने पर चुनावी वीडियो कर दें नष्ट : ईसी

नई दिल्ली, एजेंसी

- आयोग ने राज्य निर्वाचन अधिकारियों को दिया निर्देश
- डेटा का उपयोग दुर्भावनापूर्ण विमर्श गढ़ने की आशंका जताई

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने अपने इलेक्ट्रॉनिक डेटा का उपयोग दुर्भावनापूर्ण विमर्श गढ़ने के लिए किए जाने की आशंका पर अपने राज्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया है कि यदि 45 दिन में चुनाव को अदालत में चुनौती नहीं दी जाती तो वे सीसीटीवी कैमरा, वेबकास्टिंग और चुनाव प्रक्रिया के वीडियो फुटेज को नष्ट कर दें।

30 मई को राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को लिखे पत्र में आयोग ने कहा कि उसने चुनाव प्रक्रिया के दौरान कई रिकॉर्डिंग उपकरणों के साथ ही फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, सीसीटीवी और वेबकास्टिंग के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया के विभिन्न चरणों को रिकॉर्ड करने के निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने कहा कि हालांकि चुनावी कानून के तहत इस तरह की रिकॉर्डिंग अनिवार्य नहीं होती, लेकिन आयोग चुनावी प्रक्रिया के कई चरणों के दौरान आंतरिक प्रबंधन उपकरण के रूप में उनका उपयोग करता है। आयोग ने कहा, सोशल मीडिया पर गलत सूचना और दुर्भावनापूर्ण विमर्श गढ़ने के लिए इस रिकॉर्डिंग का हाल ही में दुरुपयोग किया गया है। ऐसी सामग्री का चुनिंदा तरीके से और संदर्भ से परे उपयोग किया गया है। सभी प्रक्रियाओं की फोटोग्राफी 45 दिन के लिए संरक्षित की जाएगी।

वकील को समन भेजकर ईडी ने पूछा अपने मुवक्किल को क्या सलाह दी

नई दिल्ली, एजेंसी

- एससीएओआरए ने सीजेआई से किया स्वत: संज्ञान लेने का आग्रह

सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट्स-ऑन-रिकॉर्ड एसोसिएशन (एससीएओआरए) ने सीजेआई बीआर गवई से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रताप वेणुगोपाल को ईडी के समन पर स्वतः संज्ञान लेने का आग्रह किया है। वेणुगोपाल को यह समन एक मुवक्किल को दी गई कानूनी सलाह के संबंध में जारी किया गया है।

एसोसिएशन ने चिंता जताई है कि इस तरह की कार्रवाई से कानूनी पेशे की स्वतंत्रता पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। मुवक्किलों को दी गई पेशेवर राय के लिए अधिवक्ताओं को समन भेजना कानूनी प्रणाली के मूलभूत सिद्धांतों को कमजोर करता है। ईडी ने 18 जून को वेणुगोपाल को समन जारी किया था, जिसमें रेलिगेयर एंटरप्राइजेज की पूर्व चेयरपर्सन डॉ. रश्मि सलूजा को दिए गए कर्मचारी स्टॉक स्वामित्व योजनाओं के संबंध में मेसर्स केयर हेल्थ इंश्योरेंस को उनकी कानूनी सलाह से संबंधित दस्तावेज की जानकारी मांगी गई थी। समन में सीएचआईएल, रेलिगेयर एंटरप्राइजेज या उनकी संबद्ध संस्थाओं की ओर से कानूनी सेवाओं के लिए किए भुगतान का विवरण मांगा गया है। वेणुगोपाल को 27 जून को मुंबई में ईडी के सहायक निदेशक के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है।

भाजपा-आरएसएस नहीं चाहते गरीब बच्चा अंग्रेजी सीखे : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस नहीं चाहते कि गरीब बच्चा अंग्रेजी सीखे, क्योंकि वो नहीं चाहते कि लोग सवाल पूछें, आगे बढ़ें, बराबरी करें। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी शर्म नहीं, शक्ति है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने यह टिप्पणी गृह मंत्री अमित शाह के एक कथित बयान के एक दिन बाद की। राहुल गांधी ने यह टिप्पणी एक्स पर पोस्ट कर की है। राहुल गांधी ने कहा, आज की दुनिया में, अंग्रेजी उतनी ही जरूरी है, जितनी आपकी मातृभाषा, क्योंकि यही रोजगार दिलाएगी, आत्मविश्वास बढ़ाएगी। देश की हर भाषा में आत्मा, संस्कृति, ज्ञान है। हमें हर बच्चे को अंग्रेजी सिखानी है।

बारिश बनी मुसीबत

झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर में भारी बारिश के बाद जलभराव होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इस दौरान हुए जलभराव के बीच लोगों को नाव के जरिए सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा रहा है। एजेंसी

एअर इंडिया ने 4 अंतर्राष्ट्रीय समेत 8 उड़ानें कीं रद्द

मुंबई, एजेंसी

एअर इंडिया ने रखरखाव और परिचालन संबंधी कारणों से चार अंतरराष्ट्रीय उड़ानों सहित आठ उड़ान शुक्रवार को रद्द कर दीं। एअर इंडिया ने कहा कि यात्रियों को जल्द से जल्द उनके गंतव्य स्थल तक पहुंचाने के लिए उसकी टीम वैकल्पिक व्यवस्था कर रही हैं।

विमानन कंपनी ने कहा कि उसने यात्रियों को टिकट रद्द कराने पर पूरा पैसा लौटाने या पूरक व्यवस्था की पेशकश भी की है। जिन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रद्द किया गया है, उनमें दुबई से चेन्नई के लिए एआई906, दिल्ली से मेलबर्न के लिए एआई308, मेलबर्न से दिल्ली के लिए एआई309 और दुबई से हैदराबाद के लिए एआई2204 शामिल हैं। एअर इंडिया ने कहा कि चार घरेलू उड़ानें - पुणे से दिल्ली के लिए एआई874, अहमदाबाद से दिल्ली के लिए एआई456, हैदराबाद से मुंबई के लिए एआई-2872 और चेन्नई से मुंबई के लिए एआई571 - रद्द कर दी गई हैं।

विमान हादसा

220 की शिनाख्त, 202 शव परिजनों को सौंपे गए

अहमदाबाद। अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना के एक सप्ताह से अधिक समय बाद अब तक डीएनए मिलान के जरिये 220 मृतकों की पहचान कर ली गई है और 202 लोगों के शव उनके परिजनों को सौंप दिये गए हैं। गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री और राज्य सरकार के प्रवक्ता ऋषिकेश पटेल ने एक्स पर कहा कि इन 202 लोगों में 160 भारतीय, 7 पुर्तगाली, 34 ब्रिटिश और एक कनाडाई नागरिक के शव हैं। 15 मृतकों के शवों को हवाई मार्ग से उनके मूल स्थानों को भेज दिया गया है, वहीं 187 लोगों की पार्थिव देह को सड़क मार्ग से भेजा गया।

गड़बड़ी का पता लगने पर मदुरै जा रहा विमान चेन्नई लौटा

चेन्नई। मदुरै जा रहे निजी विमानन कंपनी के विमान में शुक्रवार को उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी आ गई, जिसके बाद उसे वापस यहां लाया गया। हवाई अड्डा अधिकारियों और कंपनी के सूत्रों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आधे घंटे की उड़ान के बाद पायलट को गड़बड़ी का पता चला और उसने चेन्नई वापस आने की अनुमति मांगी। विमान में 68 यात्री थे। विमान यहां सुरक्षित उतरा और सभी यात्रियों को उचित सुरक्षा उपायों के साथ विमान से उतार लिया गया।

पश्चिम बंगाल में कार-ट्रक की टक्कर में नौ लोगों की मौत

पुरुलिया (बंगाल)। प. बंगाल के पुरुलिया जिले में शुक्रवार सुबह ट्रक और कार के बीच आमने-सामने की टक्कर में नौ लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना जिले के बलरामपुर पुलिस थाने के अंतर्गत नामशोल गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग-18 पर सुबह करीब साढ़े छह बजे हुई।

बलरामपुर पुलिस थाने के प्रभारी सौम्यदीप मलिक ने बताया, राजमार्ग पर एसयूवी और ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिसमें चार पहिया वाहन में सवार सभी नौ लोगों की मौत हो गयी। हादसे में जान गंवाने वाले लोग एक शादी समारोह से लौट रहे थे। वे पुरुलिया में बड़ाबाजार पुलिस थाना क्षेत्र के तहत अदाबना गांव से पड़ोसी झारखंड राज्य के नीमडीह पुलिस थाना क्षेत्र के तिलेटांड में जा रहे थे तभी यह दुर्घटना हो गयी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एसयूवी के परखच्चे उड़ गए। लोग और आपात कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे।

द्रमुक नेता दयानिधि ने भाई कलानिधि पर लगाया वित्तीय अपराध का आरोप

चेन्नई, एजेंसी

- दयानिधि ने कहा- सन टीवी एवं कंपनियों की शेयरधारिता को बहाल करें या कानूनी कार्रवाई को तैयार रहें

द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता एवं लोकसभा सदस्य दयानिधि मारन ने अपने भाई कलानिधि मारन पर वित्तीय अपराध करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह सन टीवी एवं संबंधित कंपनियों की पूरी शेयरधारिता को उनकी मूल स्थिति में बहाल करें या कानूनी एवं नियामक की कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहें।

दयानिधि मारन ने कानूनी नोटिस में आरोप लगाया है, कलानिधि और आपके सहयोगियों ने अपने पेशेवर दायित्वों का जानबूझकर दुरुपयोग कर कई सुनियोजित और समन्वित वित्तीय अपराध किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह के कृत्य उच्चतम स्तर के सफेदपोश अपराध हैं और इनसे संबंधित कंपनियों के वैध हितधारकों को अपूरणीय नुकसान हुआ है। यह कानूनी नोटिस कलानिधि मारन एवं उनकी पत्नी कावेरी कलानिधि और छह अन्य लोगों को भेजा गया। नोटिस के अनुसार, ये लोग कलानिधि और उनकी पत्नी के करीबी हैं। कंपनी ने बीएसई को दी सूचना में कहा, लेखों में दिए बयान गलत, भ्रामक, अटकलबाजी वाले, मानहानिकारक हैं और तथ्यों या कानून द्वारा समर्थित नहीं हैं।


शुभमन गिल।

जायसवाल का शतक, चाय तक भारत के 2 विकेट पर 215 रन

पहले टेस्ट मैच के पहले दिन शानदार शुरुआत, कप्तान शुभमन गिल 93 रन बनाकर क्रीज पर डटे

लीड्स, एजेंसी

एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी

भारतीय टीम ने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के शानदार शतक और कप्तान शुभमन गिल के अर्धशतक से शुक्रवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच के पहले दिन चाय ब्रेक तक दो विकेट पर 215 रन बना लिए। दोनों बल्लेबाज एक दूसरे से अलग अंदाज में खेले लेकिन दोनों ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए नाबाद 123 रन की साझेदारी निभा ली है। जायसवाल (101 रन) ने अपना पांचवां शतक पूरा करने के लिए 144 गेंद में 16 चौके और एक छक्का जड़ा जबकि गिल 74 गेंद में 58 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। गिल ने 56 गेंद में अपना आठवां अर्धशतक बनाया। यह भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में गिल का पहला अर्धशतक है। भारत ने दूसरे सत्र में एक भी विकेट नहीं गंवाया। लंच से तुरंत पहले केएल राहुल (42 रन) और पदार्पण करने वाले बी साई सुदर्शन के विकेट गिरे। सुदर्शन खाता भी नहीं खोल सके। जायसवाल ने संयमित होकर बल्लेबाजी की, विशेषकर ऑफ स्टंप के बाहर जबकि वह सामान्यतः गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते दिखते हैं। हाल में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए के लिए खेलते बाएं हाथ के इस 23 वर्षीय बल्लेबाज ने जो गलतियां की थीं, उन्हें इस पारी में नहीं दोहराया। हालांकि कुछ मदद इंग्लैंड के गेंदबाजों ने भी की जो सही लाइन और लेंथ पाने में संघर्ष करते रहे जिससे भारतीय बल्लेबाजों को रन बनाने के पूरे मौके मिले। इस सयंमित पारी के दौरान भी जायसवाल ने कुछ बेहतरीन शॉट लगाए। उन्होंने तेज गेंदबाज जोश टंग की गेंद पर एक बेहतरीन ऑफ-ड्राइव शॉट लगाया और इसी गेंदबाज की गेंद पर एक शानदार छक्का जड़ा। वहीं गिल बल्लेबाजी की सामान्य रणनीति पर अडिग रहे, उन्होंने ऑन-साइड पर और ऑफ-साइड पर शानदार शॉट लगाए। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने क्रिस वोक्स की गेंद पर ऑफ-ड्राइव के बाद एक और शॉट लगाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जायसवाल ने जल्द ही ब्रायडन कार्स की गेंद पर एक रन लेकर अपना शतक पूरा किया और हवा में उछलकर इसका जश्न मनाया। इससे पहले उन्होंने इस गेंदबाज पर प्वाइंट और कवर पर लगातार चौके लगाए। सुबह के सत्र में सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (42 रन) और जायसवाल ने इंग्लैंड के आक्रमण का डटकर सामना करते हुए पहले विकेट के लिए 91 रन जोड़कर अच्छी शुरूआत कराई। पर पहले सत्र के अंतिम क्षण में राहुल के आउट होने के बाद पदार्पण कर रहे सुदर्शन खाता भी नहीं खोल सके।

इंग्लैंड ने पिच को देखकर गेंदबाजी का किया फैसला

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने हेंडिंग्ले की पिच को देखकर टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। यह पिच पिछले एक दशक में बल्लेबाजों के लिए मददगार बन गई है और इसकी झलक पहले ही सत्र में दिखी। तेज गेंदबाजों के लिए पिच में 'मूवमेंट' और स्विंग दिख रहा था। लेकिन भारतीय सलामी बल्लेबाजों ने सुबह अच्छी बल्लेबाजी की। इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण में जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड की कमी दिख रही थी जिससे वे भारतीय बल्लेबाजों को परेशान नहीं कर सके। इंग्लैंड के गेंदबाज स्टोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और क्रिस वोक्स ने राहुल और जायसवाल को बहुत ज्यादा फुल लेंथ गेंदबाजी की जिससे उन्होंने कुछ आसान 'सिंगल' रन चुराए।

209 कैच लेकर जो रूट अब पूर्व भारतीय कप्तान राहुल द्रविड़ के टेस्ट क्रिकेट में 210 कैच के रिकॉर्ड की बराबरी करने से सिर्फ एक कैच दूर हैं।

101 रन
159 गेंद
16 चौके
01 छक्का
यशस्वी जायसवाल।

विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों की याद में भारत और इंग्लैंड के क्रिकेटरों ने मौन रखा

लीड्स : भारत और इंग्लैंड के क्रिकेटरों और मैदानी अंपायरों ने यहां पहले टेस्ट से पूर्व अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों की स्मृति में एक मिनट का मौन रखा। 14 जून को एयर इंडिया की लंदन जाने वाली उड़ान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 241 यात्री और चालक दल के सदस्यों की मौत हो गई थी। भारत के उपकप्तान ऋषभ पंत ने बुधवार को मीडिया से कहा था विमान (दुर्घटना) में जो कुछ हुआ, उससे पूरा भारत निराश है, लेकिन हम अपनी तरफ से सिर्फ यही कर सकते हैं कि हम भारत को फिर से कैसे खुश कर सकते हैं।

एक नजर

नॉटिंघम ओपन के पांचवें दिन मैग्डा लिनेट के खिलाफ एक्शन में क्लारा टॉसन। ● एजेंसी

बुब्लिक ने सिनर को हराकर हाले ओपन में किया उलटफेर

बर्लिन : कजाकिस्तान के टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुब्लिक ने हाले ओपन में बड़ा उलटफेर करते हुए इटली के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर को हराकर टूर्नामेंट अगले दौर में जगह बना ली है। गत चैंपियन सिनर गुरुवार को कजाकिस्तान के बुब्लिक से 3-6, 6-3, 6-4 से हार गए। अगस्त 2023 के बाद रैंकिंग के हिसाब से सिनर की यह बहुत बड़ी हार है। अगस्त 2024 के बाद से यह पहली बार है जब सिनर दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज के अलावा किसी अन्य खिलाड़ी से हारे हैं। फ्रेंच ओपन चैंपियन कोको गॉफ को भी ग्रास-कोर्ट सीजन के अपने पहले मैच में आश्चर्यजनक हार का सामना करना पड़ा, बर्लिन ओपन में उन्हें चीन की वांग जिन्यू से 6-3, 6-3 से हार का सामना करना पड़ा।

होटल प्लानर टूर पर सप्तक तलवार 18वें स्थान पर

प्लेन्यूफ वैल आंद्रे (फ्रांस) : भारत के सप्तक तलवार ने होटल प्लानर टूर के गोल्फ टूर्नामेंट के पहले राउंड में अंडर 69 का कार्ड खेला और पहले दिन के बाद वह संयुक्त 18वें स्थान पर हैं। तलवार ने अपना राउंड पहले नौ होल से शुरू किया जिसमें उन्होंने एक बर्डी के मुकाबले दो बोगी कीं। बैक नाइन में उन्होंने 11वें तथा 14वें होल पर शॉट लगाकर दिन का अंत एक अंडर पर किया। मैक्स कैनेडी ने 10 अंडर 60 का स्कोर बनाकर कोर्स रिकार्ड बनाया।

अजितेष संधू मोरक्को राइजिंग स्टार्स गोल्फ में 13वें स्थान पर

मराकेश : भारत के अजितेष संधू मोरक्को राइजिंग स्टार्स गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दिन बोगीरहित प्रदर्शन करके चार अंडर 68 के स्कोर के साथ संयुक्त 13वें स्थान पर हैं। संधू ने पहले नौ होल में सिर्फ एक बर्डी लगाया लेकिन इसके बाद चार बर्डी लगाए। भारत के आठ गोल्फर इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं जिनमे से करणदीप कोचर संयुक्त 26वें, खालिन जोशी संयुक्त 32वें और अर्जुन शर्मा संयुक्त 63वें स्थान पर हैं। राहिल गंगजी संयुक्त 78वें, एस चिक्कारंगप्पा और अमन राज संयुक्त 93वें और पुखराज सिंह गिल संयुक्त 106वें स्थान पर हैं। पहले दौर के बाद थाईलैंड के वारान्यु रत्तनाफिबूंकिज ने बढत बना ली है।

बोटाफोगो ने यूरोपीय चैंपियन पीएसजी को हराया

पासाडेना (अमेरिका) : बोटाफोगो ने क्लब विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के अपने दूसरे मैच में चैंपियंस लीग विजेता पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 1-0 से हराकर उलटफेर किया। पीएसजी की टीम पहली बार चैंपियंस लीग का चैंपियन बनने के बाद उत्साह से भरी थी और उसने क्लब विश्व कप के अपने पहले मैच में यूरोपीय प्रतिद्वंद्वी एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से पराजित करके अपने अभियान का शानदार आगाज किया था। लेकिन गुरुवार की रात को खेले गए मैच में दक्षिण अमेरिकी चैंपियन बोटाफोगो के सामने उसकी एक नहीं चली।

राहुल के साथ खेलना बहुत सुकून देने वाला है : नायर

लीड्स, एजेंसी

लंबे समय बाद भारतीय टीम में वापसी करने वाले करुण नायर ने कहा कि ड्रेसिंग रूम में बचपन के साथी केएल राहुल और प्रसिद्ध कृष्णा की मौजूदगी से उन्हें सहज रहने में मदद मिली और वह आठ साल बाद मिले मौके का पूरा फायदा उठाना चाहते हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला करुण के लिए टीम में अपनी जगह पक्की करने का मौका है। वह कई साल पहले टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक बनाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बने थे।

नायर ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की वेबसाइट पर जारी किए गए वीडियो में कहा मैं चीजों को बहुत सरल बनाए रखने की कोशिश करता हूं, हमेशा सकारात्मक चीजों के बारे में सोचता हूं, मन में कुछ लक्ष्य रखता हूं, चीजों की कल्पना करता हूं और जो कल्पना करता हूं उस पर पूरा विश्वास रखता हूं। उन्होंने कहा राहुल और प्रसिद्ध के साथ खेलना भी बहुत सुकून देने वाला है। हम बचपन से एक दूसरे के साथ खेलते रहे हैं। करुण और राहुल दोनों की उम्र 33 साल है। वे एक साथ आयु वर्ग क्रिकेट खेल चुके हैं और तब से घनिष्ठ मित्र हैं। उन्होंने कहा जीवन अपना एक चक्र पूरा कर चुका है, क्योंकि मैं इंग्लैंड में टीम से बाहर हो गया था और अब मैं इंग्लैंड में टीम में वापसी कर रहा हूं। मैं लंबे समय तक टीम से बाहर रहा और इसे मैं आत्मसात करता हूं। उन्हें 2017 में भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया था। नायर ने कहा टीम से बाहर होने के बाद जब मैं अगली सुबह उठा तो मेरे मन में पहला विचार यही आया कि मैं टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं। मैं फिर से भारत के लिए खेलना चाहता हूं। शायद यही बात मुझे प्रेरित करती रही।

विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के शुभंकर 'विराज' का अनावरण

नयी दिल्ली: दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और अभिनेत्री सांसद कंगना रनौत ने शुक्रवार को विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के शुभंकर 'विराज' का अनावरण किया। आज यहां आयोजित एक समारोह में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की ब्रांड एंबेसडर कंगना रनौत ने 27 सितंबर से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शुरु होने वाले इस टूर्नामेंट के शुभंकर 'विराज' का अनावरण किया गया।

इस अवसर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह आयोजन केवल भारत की खेल शक्ति का प्रतीक नहीं है, बल्कि पैरा खिलाड़ियों के अदम्य साहस, जज़्बे और जुझारूपन का महोत्सव है।

भारी पड़ सकती है अनुभवहीनता

लीड्स, एजेंसी

अपने जमाने के दिग्गज क्रिकेटर मैथ्यू हेडन और ग्रीम स्मिथ का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के हाल में संन्यास लेने से भारतीय टीम काफी अनुभवहीन हो गई है और उसे इंग्लैंड की तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल पिचों पर संघर्ष करना पड़ेगा। हेडन ने आईसीसी से कहा मुझे लगता है कि भारत को वास्तव में संघर्ष करना पड़ेगा।

शुभमन गिल युवा कप्तान हैं, जो पूरी तरह से प्रतिकूल माहौल तथा तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल और उछाल वाली परिस्थितियों में खेल रहे हैं। यह एक वास्तविक चुनौती होगी। भारतीय टीम के लिए यह दौरा कड़ी अग्नि परीक्षा होगा। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा जब भी कोई टीम इंग्लैंड के दौरे पर आती है तो उसके लिए यहां की परिस्थितियां पूरी तरह से विपरीत होती हैं। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान स्मिथ को लगता है कि इंग्लैंड परिस्थितियों से अच्छी तरह से अवगत है और ऐसे में जसप्रीत बुमराह पर अधिक बोझ पड़ेगा। स्मिथ ने कहा इंग्लैंड अपने घरेलू मैदानों पर वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करता है।


मैथ्यू हेडन।

● **मैथ्यू हेडन और ग्रीम स्मिथ ने कहा भारतीय टीम को इंग्लैंड की पिचों पर संघर्ष करना पड़ेगा**

लाबुशेन टीम से और स्मिथ पहले टेस्ट से बाहर

ब्रिजटाउन (बारबाडोस) : पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे मार्नस लाबुशेन को ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टेस्ट टीम से बाहर कर दिया है जबकि स्टीव स्मिथ भी चोटिन होने के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ अगले सप्ताह से होने वाली श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को कहा कि स्मिथ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच से बाहर रहेंगे, क्योंकि पिछले सप्ताहांत लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ़ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में उन्हें उंगली में चोट लगी थी। उनके वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए फिट होने की उम्मीद है। बल्लेबाज सैम कोंस्टास और विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंगलिस को स्मिथ और मार्नस लाबुशेन की जगह टीम में शामिल किया गया है।

भारतीय तीरंदाजों ने नौ पदक जीते

सिंगापुर, एजेंसी

भारत के जूनियर तीरंदाजों के पास एशिया कप के दूसरे चरण में सात स्वर्ण पदक जीतने का मौका था, लेकिन पांच फाइनल में हारने के कारण उन्हें अधिकतर स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस तरह से भारत ने प्रतियोगिता में दो स्वर्ण, छह रजत और एक कांस्य सहित कुल नौ पदक जीतकर अपने अभियान का अंत किया। रिकर्व और कम्पाउंड स्पर्धाओं के 10 में से सात फाइनल में पहुंचने के बावजूद भारतीय तीरंदाज केवल दो बार पोडियम पर शीर्ष पर रहे।

● **जूनियर तीरंदाजी के एशिया कप में भारतीय टीम को रजत पदक से करना पड़ा संतोष**

भारतीय खिलाड़ी जिस तरह से अपने से कम रैंकिंग वाले खिलाड़ियों से हारे वह वास्तव में चिंताजनक है। हमेशा की तरह ओलंपिक स्पर्धा के रिकर्व वर्ग में नतीजे विशेष रूप से चिंताजनक रहे जिसमें भारत एक भी स्वर्ण जीतने में असफल रहा। असल में टीम स्पर्धाओं में दो रजत पदकों के अलावा रिकर्व तीरंदाज खाली हाथ लौटे। क्वालिफिकेशन राउंड के बाद शीर्ष वरीयता प्राप्त पुरुष टीम फाइनल में जापान के खिलाफ आसानी से हार गई। विष्णु चौधरी, पारस हुड्डा और जुयेल सरकार तीन में से दो सेटों में 50 का आंकड़ा छूने में असफल रहे और सीधे सेटों में 6-0 से हार गए। रिकर्व मिश्रित टीम फाइनल में भी यही कहानी रही। चौधरी और वैष्णवी पवार की चौथी वरीयता प्राप्त टीम इंडोनेशिया के खिलाफ पूरे मुकाबले में गलतियां करती रही। यदि रिकर्व वर्ग के परिणाम निराशाजनक थे, तो कम्पाउंड वर्ग ने कुछ राहत प्रदान की।

मेसी ने फ्री किक पर गोल करके इंटर मियामी को जीत दिलाई

अटलांटा (अमेरिका) : स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपना पहला गोल फ्री किक पर किया, जिससे इंटर मियामी ने दो बार के यूरोपीय चैंपियन पोर्टो पर 2-1 से जीत हासिल की।

इंटर मियामी की टीम मध्यांतर तक 1-0 से पीछे थी, लेकिन टेलास्को सेगोविया ने दूसरे हाफ के दो मिनट बाद मार्सेलो वीगन्डट के क्रॉस पर गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद अर्जेंटीना के 37 वर्ष के खिलाड़ी मेस्सी का जादू देखने को मिला। उन्होंने फ्री किक पर खूबसूरत गोल करके फिर से यह साबित कर दिया कि उन्हें दुनिया के सबसे महानतम खिलाड़ियों में क्यों गिना जाता है।

इससे पहले पुर्तगाल के क्लब को वीडियो समीक्षा प्रणाली के जरिए शुरू से ही पेनल्टी किक मिली जिसे सामू ओमोरोदियन ने गोल में बदला। इन दोनों टीमों ने ग्रुप ए का अपना पहला मैच गोलरहित बराबर खेला था।

इंटर मियामी के लियोनेल मेस्सी (दाएं) अटलांटा में इंटर मियामी और एफसी पोर्टो के बीच क्लब विश्व कप ग्रुप ए फुटबॉल मैच में दूसरा गोल करने के बाद जश्न मनाते हुए।

डोपिंग में भारत में पॉजीटिव मामलों की दर सबसे ज्यादा

नई दिल्ली : भारत में डोपिंग की समस्या एक बार फिर सामने आ गई, जब विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के 2023 के परीक्षण आंकड़ों में भारत 5,000 या इससे अधिक नमूनों का विश्लेषण करने वाले देशों में शीर्ष पर रहा। हालांकि खेल मंत्रालय ने युद्धस्तर पर इससे निपटने और वाडा की आपत्तियों के समाधान के बाद संशोधित डोपिंग रोधी अधिनियम जल्दी लाने का वादा किया है।

प्रतिबंधित पदार्थों के सेवन में पॉजीटिव पाए जाने की भारत की दर 3.8 प्रतिशत रही और 5606 नमूनों से 214 प्रतिकूल विश्लेषणात्मक निष्कर्ष (एएएफ) मिले। नमूनों की संख्या 2022 से काफी अधिक थी जब 3865 परीक्षणों की 3.2 प्रतिशत एएएफ दर थी। इन 5606 टेस्ट में से 2748 प्रतिस्पर्धा के दौरान किये गए। भारत के पॉजीटिव नतीजों की दर चीन (28197 नमूने, 0.2 प्रतिशत एएएफ दर), अमेरिका (6798 नमूने, 1.0 प्रतिशत एएएफ दर), फ्रांस (11368 नमूने, 0.9 प्रतिशत एएएफ दर) और रूस (10395 नमूने, 1.0 एएएफ दर) से अधिक है। भारत के 214 के मुकाबले एएएफ में फ्रांस (105), रूस (99), अमेरिका (66), चीन (60) और जर्मनी (57) पीछे रहे। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने कहा डोपिंग किसी भी स्तर पर अस्वीकार्य है।

जीत के साथ विदा लेना चाहेगी भारतीय हॉकी टीम

प्रो लीग

● **विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने का टूट चुका है सपना**

● **शनिवार और रविवार को तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम से आखिरी दो मैच खेलेगी**

एंटवर्प, एजेंसी

एफआईएच प्रो लीग के यूरोप चरण में लगातार छह हार के बाद अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करने का सपना टूट ही चुका है लिहाजा भारतीय हॉकी टीम अब बेल्जियम के खिलाफ बाकी दो मैचों में जीत दर्ज करके प्रतिष्ठा बचाने की कोशिश में होगी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम शनिवार और रविवार को दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम से आखिरी दो मैच खेलेगी।

इस साल की शुरुआत में भुवनेश्वर चरण में अच्छे प्रदर्शन के बाद भारतीय पुरुष टीम काफी उम्मीदों के साथ यूरोप गई थी, लेकिन अभी तक एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी है। इन पराजयों के बाद टीम तीसरे से आठवें स्थान पर खिसक गई है जबकि कुल नौ टीमें ही तालिका में हैं। प्रो लीग के विजेता को अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा। नीदरलैंड के खिलाफ भारत को 1.2 और 2.3 से पराजय मिली जबकि अर्जेंटीना ने उसे 3.2 और 2.1 से और आस्ट्रेलिया ने 3.2 और 3.2 से हराया। ऐसा नहीं है कि भारतीय टीम ने यूरोप में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया लेकिन आखिरी क्षणों में गोल गंवाने की आदत का उसे खामियाजा भुगतना पड़ा है।

भारतीय हॉकी टीम। ● एजेंसी (फाइल फोटो)

महिला टीम भी लगातार चार मैच हारी

एंटवर्प : भारतीय महिला टीम को भी लंदन में लगातार चार मैचों में पराजय का सामना करना पड़ा है। उसे आस्ट्रेलिया ने 3.2 और 2.1 से जबकि अर्जेंटीना ने 4.1 और 2.0 से हराया। मुख्य कोच हरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में हालांकि टीम ने तेज रफ्तार आक्रामक हॉकी खेली लेकिन पेनल्टी कॉर्नर कमजोर रहा। महिला टीम भी शनिवार और रविवार को बेल्जियम से खेलेगी तो उसकी नजरें यूरोप चरण में पहली जीत दर्ज करने पर लगी होंगी। भारतीय महिला टीम इस समय नौ टीमों में सातवें स्थान पर है।

खिलाड़ियों को प्रतिमाह अतिरिक्त भत्ता

नई दिल्ली : भारतीय हॉकी को आगामी महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले प्रोत्साहन देने की कवायद में खेल मंत्रालय ने पहली बार हॉकी खिलाड़ियों को भी 25,000 रुपये प्रतिमाह अतिरिक्त भत्ता (आउट आफ पॉकेट अलाउंस) देने को मंजूरी दी है। मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की बृहस्पतिवार को हुई 156वीं बैठक में 'टारगेट ओलंपिक पोडियम' (टॉप्स) योजना के तहत 80 हॉकी खिलाड़ियों को यह भत्ता देने का फैसला लिया गया। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को यहां मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा हॉकी इंडिया की ओर से बार बार यह अनुरोध आ रहा था जिसे मंजूरी दे दी गई है। इसके तहत 80 हॉकी खिलाड़ियों (40 पुरूष और 40 महिला) को प्रतिमाह 25000 रूपये 'आउट आफ पॉकेट' भत्ता (ओपीए) दिया जाएगा।

योग का अनूठा संगम



भारत के साथ-साथ दुनियाभर में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। आगरा में शुक्रवार को ताजमहल के पीछे दशहरा घाट पर योग करती महिलाएं। एजेंसी

तकनीक बढ़ी तो बढ़ा साइबर क्राइम

कुछ हट के

साइबर अपराध एक सामान्य शब्द है जो कंप्यूटर, नेटवर्क या डिजिटल उपकरणों के माध्यम से आपराधिक गतिविधियों का वर्णन करता है। साइबर अपराधियों द्वारा की जाने वाली अवैध गतिविधियों की विशाल श्रृंखला के अंतर्गत माना जाता है। इनमें हैकिंग, फिशिंग, पहचान की चोरी, रैनसमवेयर और मैलवेयर हमले, कई अन्य शामिल हैं। अपराधी, पीड़ित और तकनीकी अवसंरचना दुनिया भर में फैली हुई है। व्यक्तिगत और उद्यम स्तर पर सुरक्षा कमजोरियों का फायदा उठाने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग के साथ, साइबर अपराध कई रूप लेता है और लगातार विकसित होता रहता है। साइबर अपराध व्यक्तियों, व्यवसायों और सरकारी संस्थाओं के लिए एक गंभीर खतरा है और इसके परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण वित्तीय नुकसान, प्रतिष्ठा को नुकसान और रिकॉर्ड से समझौता हो सकता है। आगे बढ़ती तकनीक से अधिक लोग मानक संचालन के लिए डिजिटल उपकरणों और नेटवर्क पर निर्भर होते है। ऐसे में साइबर अपराध का खतरा भी बढ़ता है, जिससे इससे बचाव के लिए कदम उठाना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।

ऐसे करें साइबर अपराधों से बचाव

- **ईमेल सुरक्षा समाधान** : ईमेल खाते साइबर हमलावरों के लिए सॉफ्ट टार्गेट होते हैं, इसलिए ईमेल एन्क्रिप्शन, स्पैम फिल्टर और एंटीवायरस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करना चाहिए, जो ईमेल सामग्री को अवरोधन से बचाती है।
- **पासवर्ड प्रबंधक** : साइबर अपराधी अक्सर पासवर्ड पर हमला करते हैं। इसलिए मजबूत पासवर्ड जरूरी है जो अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करता है।

सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण : सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण उपयोगकर्ताओं को साइबर हमलों के खतरे को बेहतर ढंग से पहचानने, उनसे बचने और उन्हें कम करने के तरीके के बारे में शिक्षित करने में मदद करना है।

अपराध के प्रकार और उदाहरण

- **सोशल मीडिया धोखाधड़ी** : काल्पनिक ऑनलाइन स्टोर, कैटफिशिंग, सोशल इंजीनियरिंग हमले या प्रतिरूपण घोटाले शामिल हैं। सोशल मीडिया धोखाधड़ी अक्सर उपयोगकर्ता के भरोसे, भोलेपन और व्यक्तिगत जानकारी को ऑनलाइन साझा करने की प्रवृत्ति का फायदा उठाती है।
- **ईमेल घोटाले** : भ्रामक योजनाएं जो कई रूप लेती हैं। नकली ईमेल प्राप्तकर्ताओं को गुमराह करते हैं, जबकि सोशल इंजीनियरिंग तकनीकें लोगों को क्रेडिट कार्ड नंबर जैसी जानकारी का खुलासा करने या हमलावर को पैसे ट्रांसफर करने के लिए धोखा देती हैं।
- **बैंकिंग धोखाधड़ी** : धोखाधड़ी वाली गतिविधियां जो वित्तीय संस्थानों या उनके ग्राहकों और हितधारकों को लक्षित करती हैं। उदाहरणों में क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी, एटीएम स्किमिंग और ऑनलाइन बैंकिंग घोटाले शामिल हैं।
- **ई-कॉमर्स धोखाधड़ी** : ऑनलाइन शॉपिंग तकनीक की कमजोरियों और नुकसानों का फायदा उठाने वाले विस्तृत उपभोक्ता घोटाले, जैसे कि कृत्रिम या मनगढ़ंत ऑनलाइन स्टोर, नकली विक्रेता खाते या क्रेडिट कार्ड की जानकारी की चोरी। ईकॉमर्स धोखाधड़ी के मामलों में उपभोक्ताओं और ऑनलाइन खुदरा विक्रेताओं दोनों को वित्तीय नुकसान होता है।

एक नजर

असाध्य रोगियों को जीवन समाप्त करने की अनुमति संबंधी विधेयक का समर्थन

लंदन। ब्रिटेन के सांसदों ने शुक्रवार को संसद में ऐतिहासिक मतदान के माध्यम से एक विधेयक का समर्थन किया, जिसके तहत इंग्लैंड और वेल्स में असाध्य रूप से बीमार वयस्कों को अपना जीवन समाप्त करने का विकल्प चुनने की अनुमति दी जाएगी। इसके साथ ही यह विधेयक अब कानून बनने के और करीब पहुंच गया है। संसद सदस्यों ने बहस के बाद असाध्य रूप से बीमार वयस्कों (जीवन का अंत) विधेयक पर मतदान किया। इसके पक्ष में 314 और विपक्ष में 291 मत पड़े। यह विधेयक अब 'हाउस ऑफ लॉर्ड्स' के पास जाएगा, जो नीति में संशोधन कर सकता है या विलंब कर सकता है, हालांकि वह निचले सदन के फैसले को पलट नहीं सकता।

नाइजर में 34 सैनिकों की हत्या की, 14 घायल

डकार (सेनेगल)। माली और बुर्किना फासो से लगी सीमा के पास पश्चिमी नाइजर में सशस्त्र लोगों ने 34 सैनिकों की हत्या कर दी और 14 अन्य को घायल कर दिया। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह हमला बृहस्पतिवार सुबह करीब नौ बजे बानीबांगौ में हुआ। हमलावर आठ वाहनों और 200 से अधिक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए थे। सरकार ने कहा कि सुरक्षाबलों ने दर्जनों हमलावरों को मार गिराया है। अन्य हमलावरों को खोजने के लिए जमीन और हवा से तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं।

एर्दोआन ने मिसाइल उत्पादन बढ़ाने का संकल्प लिया

अंकारा। इजराइल-ईरान युद्ध के और भीषण होने के बीच तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने कहा है कि वह देश की प्रतिरोधक क्षमताओं को मजबूत करने की योजना बना रहे हैं ताकि कोई भी देश हमला करने की हिम्मत न कर सके। एर्दोआन ने इस सप्ताह मध्यम और लंबी दूरी की मिसाइलों के उत्पादन को बढ़ाने की योजना की घोषणा की। तुर्किये के राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार, एर्दोआन ने शुक्रवार को जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से टेलीफोन पर हुई बातचीत में ईरान-इजराइल युद्ध पर चर्चा की। उन्होंने मर्ज से कहा कि ईरान से संबंधित परमाणु मुद्दे का समाधान केवल बातचीत के जरिए हो सकता है।

हमलों के बीच इजराइल और ईरान संघर्ष रोकने के लिए नए कूटनीतिक प्रयास शुरू

ईरान के फोर्डो यूरेनियम संवर्धन संयंत्र पर हमला करने का विचार कर रहा अमेरिका

- दोनों देशों ने एक दूसरे पर बरसाए बम

तेल अवीव, एजेंसी

इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष शुरू होने के एक सप्ताह बाद शुक्रवार को भी दोनों देशों के एक-दूसरे पर हमले जारी हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप एक ओर युद्ध में सैन्य भागीदारी पर विचार कर रहे हैं जबकि दूसरी ओर संघर्ष रोकने के लिए नए कूटनीतिक प्रयास शुरू होते दिख रहे हैं। ट्रंप इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या ईरान के फोर्डो यूरेनियम संवर्धन संयंत्र पर हमला किया जाए जो एक पहाड़ के नीचे स्थित है और इसे व्यापक रूप से पहुंच से बाहर बताया जाता है लेकिन अमेरिका के बंकर बस्टर बम उसे नष्ट कर सकते हैं।

ट्रंप ने कहा कि वह अगले दो सप्ताह के भीतर यह निर्णय लेंगे कि ईरान पर हमला करना है या नहीं। उन्हें अब भी इस बात की 'पर्याप्त' संभावना दिखती है कि वार्ता के माध्यम से ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका और इजराइल की मांगें पूरी हो सकती हैं। ईरान के विदेश मंत्री ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के अपने समकक्षों तथा यूरोपीय संघ के शीर्ष राजनयिक के साथ बैठक के लिए जिनेवा जा रहे हैं। ब्रिटेन के विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने अमेरिकी विदेशमंत्री रुबियो व दूत स्टीव विटकॉफ से मुलाकात की और ऐसे समझौते की संभावना पर चर्चा की जिससे संघर्ष कम हो सकता है। इजराइल ने कहा कि उसने ईरान में हवाई हमले किए, जिसमें 60 से अधिक विमानों ने मिसाइलों के निर्माण से जुड़े औद्योगिक स्थलों को निशाना बनाया।

इजराइल के बीरशेबा में ईरान से दागी गई मिसाइल की चपेट में आने के बाद एक इमारत से उठता धुआं।

इजराइल के प्रमुख वैज्ञानिक शोध संस्थान पर भी हमला

रेहोवोत (इजराइल)। इजराइल वर्षों से ईरान के परमाणु वैज्ञानिकों को निशाना बनाता रहा है ताकि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को आगे बढ़ने से रोका जा सके लेकिन अब दोनों देशों के बीच जारी संघर्ष में इजराइल के वैज्ञानिक भी निशाने पर आ गए हैं। दोनों ओर से जारी हमलों के बीच ईरान की मिसाइल ने इजराइल के ऐसे प्रमुख शोध संस्थान पर हमला किया है जो जीवन विज्ञान और भौतिकी समेत विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में अपने काम के लिए जाना जाता है। वीजमैन विज्ञान संस्थान पर रविवार तड़के हुए हमले में हालांकि किसी की मौत नहीं हुई, लेकिन इससे परिसर में स्थित कई प्रयोगशालाओं को भारी क्षति पहुंची है जिससे वर्षों से जारी शोध कार्य प्रभावित हुए हैं और इजराइली वैज्ञानिकों को यह भयावह संदेश गया है कि ईरान के साथ बढ़ते संघर्ष में अब वे एवं उनके शोध कार्य भी निशाने पर आ गए हैं।

हवाई, जमीनी व समुद्री मार्ग से अपने-अपने देश लौट रहे हैं विदेशी

इस्लामाबाद। दुनियाभर के देश इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष बढ़ने पर दोनों देशों से हवाई, जमीनी और समुद्री मार्ग से अपने नागरिकों को निकाल रहे हैं। दोनों देशों के कई दिनों से किए जा रहे हमलों और बदले की कार्रवाई के कारण पश्चिम एशिया में हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया गया है जिससे वाणिज्यिक उड़ानें बुरी तरह बाधित हुई हैं और लोग इस क्षेत्र से आसानी से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। कुछ सरकारें अपने नागरिकों को सड़क मार्ग से उन देशों तक पहुंचाने के लिए भूमि सीमाओं का इस्तेमाल कर रही हैं, जहां हवाई अड्डे खुले हैं। पिछले हफ्ते संघर्ष शुरू होने के बाद से हजारों विदेशी पहले ही अपने-अपने देश लौट चुके हैं। बुल्गारिया ने तेहरान से अपने सभी राजनयिकों को अजरबैजान की राजधानी बाकू भेज दिया है। बुल्गारिया के प्रधानमंत्री रोजन झेलयाझकोव ने कहा, हम दूतावास बंद नहीं कर रहे हैं लेकिन खतरा टलने तक इसे बाकू स्थानांतरित कर रहे हैं।

सीमा पार कर ताइवान में घुसे चीन के लड़ाकू विमान

- चीन के 74 लड़ाकू विमानों में से 61 विमानों ने मध्य रेखा को पार किया

ताइपे (ताइवान), एजेंसी

चीन ने गुरुवार देर रात और शुक्रवार सुबह ताइवान की ओर 74 लड़ाकू विमान भेजे, जिनमें से 61 विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य में मध्य रेखा को पार किया। यह चीन और ताइवान के बीच अनौपचारिक विभाजन रेखा है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह स्पष्ट नहीं है कि गुरुवार देर रात से शुक्रवार सुबह के बीच इतने सारे विमान क्यों भेजे गए। उसने बताया कि विमानों को दो अलग-अलग किस्तों में भेजा गया।

चीन, ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और वह इस तरह की तैनाती का इस्तेमाल स्वशासित द्वीप को घेरने और संभवतः उस पर हमले की धमकी देने के लिए करता है। ताइवान के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को ब्रिटिश रॉयल नेवी के अपतटीय गश्ती जहाज 'एचएमएस स्पी' के एकदिन पहले ताइवान जलडमरूमध्य से गुजरने की पुष्टि करते हुए उसका स्वागत किया था। मंत्रालय ने कहा, एक बार फिर यह जलडमरूमध्य के अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र के दर्जे की पुष्टि करता है। ताइपे में ब्रिटेन के प्रतिनिधित्व कार्यालय ने एक बयान में कहा कि स्पी ने अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि के तहत प्रदत्त अधिकारों के अनुसार ताइवान जलडमरूमध्य में नौवहन किया था।

चीन ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जन मुक्ति सेना (पीएलए) की पूर्वी थियेटर कमान ने पूरी प्रक्रिया की निगरानी की और सुरक्षा तथा प्रभावी ढंग से इसका जवाब देने के लिए सैनिकों को संगठित किया। पूर्वी थियेटर कमान ने एक बयान में कहा कि ब्रिटिश जहाज की कार्रवाई ने जानबूझकर स्थिति को बिगाड़ा और ताइवान जलडमरूमध्य की शांति एवं स्थिरता को कमजोर किया है। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि चीन द्वारा ताइवान में बड़ी संख्या में भेजे गए इन विमानों का संबंध ब्रिटिश जहाज के ताइवान जलडमरूमध्य में नौवहन से है या नहीं।

तीन वर्षों में ही समाप्त हो जाएगा कार्बन बजट

नई दिल्ली, एजेंसी

वैज्ञानिकों के एक अंतर्राष्ट्रीय समूह के अनुसार, अगर दुनिया में वर्तमान दर से कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन होता रहा, तो वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने का कार्बन बजट तीन वर्षों में ही समाप्त हो जाएगा। कार्बन बजट से तात्पर्य कार्बन डाइऑक्साइड की कुल मात्रा से है जिसे ग्रह उत्सर्जित कर सकता है। फिलहाल तापमान एक निश्चित सीमा से नीचे रहने की अच्छी संभावना है।

2015 में हुए पेरिस जलवायु सम्मेलन में कार्बन उत्सर्जन की सीमा 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने पर सहमति व्यक्त की गई थी। कार्बन बजट पार करने का मतलब यह नहीं है कि 1.5 डिग्री की सीमा तुरंत पार हो जाएगी। इसका मतलब है कि अगर उत्सर्जन में भारी कटौती नहीं की गई तो दुनिया बहुत जल्द कार्बन बजट पार कर जाएगी। अर्थ सिस्टम साइंस डेटा पत्रिका में प्रकाशित नवीनतम वैश्विक जलवायु परिवर्तन संकेतक अध्ययन में यह भी पाया कि यदि कार्बन उत्सर्जन वर्तमान स्तर पर रहा तो 2048 तक 2 डिग्री सेल्सियस का कार्बन बजट पार हो सकता है। वैज्ञानिकों ने कहा कि मानवीय गतिविधियों के कारण पिछले एक दशक में हर साल लगभग 53 अरब टन कार्बन डाइऑक्साइड वायुमंडल में छोड़ा गया है।

- वैश्विक तापमान 1.5 डिग्री से. तक सीमित रखने का लक्ष्य, वैज्ञानिकों के अंतर्राष्ट्रीय समूह ने जताई चिंता

साइबर अपराध में दोषी 85 चीनी नागरिकों को किया निर्वासित

कोलंबो। श्रीलंका में साइबर अपराध के मामले में दोषी पाए गए 85 चीनी नागरिकों को देश से निर्वासित कर दिया गया है। कोलंबो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने मध्य प्रांत के कुंदसाले कस्बे में साइबर अपराध गतिविधियों में लिप्त 22 महिलाओं समेत 130 चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया था। इन सभी को टेलडेनिया की मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया था। अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों के कब्जे से 200 से अधिक मोबाइल फोन, 100 से ज्यादा लैपटॉप और अन्य सूचना प्रौद्योगिकी उपकरण जब्त किए गए। अदालत के आदेशानुसार, जब्त उपकरणों को कोलंबो स्थित चीनी दूतावास को सौंपा जाएगा। कुल 130 आरोपियों में से 122 को अदालत के आदेश के बाद आव्रजन हिरासत केंद्र में भेजा गया था।

कीव पर मिसाइल हमले के बाद रूस पर अधिक दबाव बनाने की अपील

- यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा- इस वर्ष राजधानी पर हुआ सबसे घातक हमला

कीव, एजेंसी

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि कीव के नौ मंजिला अपार्टमेंट पर रूसी मिसाइल हमला इस बात का संकेत है कि युद्धविराम के लिए मास्को पर अधिक दबाव डाले जाने की जरूरत है। कीव सैन्य प्रशासन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने बताया कि मंगलवार सुबह कीव पर ड्रोन और मिसाइल से किया गया हमला इस वर्ष राजधानी पर हुआ सबसे घातक हमला है।

इस हमले में 28 लोग मारे गए और 142 अन्य घायल हो गए। जेलेंस्की ने राष्ट्रपति कार्यालय के प्रमुख आंद्रेई यरमक और आंतरिक मंत्री इगोर के साथ गुरुवार सुबह कीव के सोलोमिंस्की जिले में स्थिति इमारत का दौरा किया और वहां हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। जेलेंस्की ने कहा यह हमला दुनिया को यह दिखाता है कि कि रूस युद्धविराम को स्वीकार नहीं करता और हत्या का विकल्प चुनता है। उन्होंने साथ ही रूस पर दबाव डालने के लिए तैयार यूक्रेन के सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने 440 से अधिक ड्रोन और 32 मिसाइलें दागीं जो 24 फरवरी 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद से सबसे बड़ा हमला है।

यूक्रेन के दो शहरों में ड्रोन हमले, एक व्यक्ति की मौत

कीव। रूस ने यूक्रेन के दो शहरों पर ड्रोन हमले किये, जिसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि रूस ने रात में ड्रोन से हमले किये, जिसमें दक्षिणी यूक्रेन के बंदरगाह शहर ओडेसा और उत्तरपूर्वी शहर खारकीव को निशाना बनाया गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि 20 से अधिक ड्रोन हमलों में 17 और 12 वर्ष की दो लड़कियों सहित कम से कम 24 नागरिक घायल हो गए।

ट्रंप को लॉस एंजिलिस में नेशनल गार्ड सैनिकों पर नियंत्रण की अनुमति

एंजिलिस। अमेरिका की एक अपीलीय अदालत ने देश के राष्ट्रपति ट्रंप को आव्रजन संबंधी मामलों में छापेमारी को लेकर हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद लॉस एंजिलिस में तैनात किए गए नेशनल गार्ड के सैनिकों पर नियंत्रण बनाए रखने की अनुमति दे दी। इस निर्णय ने अधीनस्थ अदालत के न्यायाधीश के इस फैसले पर रोक लगा दी है कि कैलिफोर्निया के गवर्नर के विरोध के बावजूद सैनिकों को सक्रिय करके ट्रंप ने गैर कानूनी कार्य किया था। यह 1965 के बाद से पहली बार है जब गवर्नर की अनुमति के बिना किसी राष्ट्रपति ने नेशनल गार्ड को तैनात किया है। नाइंथ यूएस सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स के तीन न्यायाधीशों के पैनल ने सर्वसम्मति से निष्कर्ष निकाला कि ट्रंप ने गार्ड पर नियंत्रण को संघीय मामला बनाकर अधिकार का संभवतः विधिसम्मत इस्तेमाल किया था।

पाकिस्तान में धर्मांतरण के विरोध के बाद तीन हिंदू बहनों को कराया मुक्त

- पुलिस ने चारों को सिंध प्रांत के हैदराबाद से कराया मुक्त

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान पुलिस ने सिंध प्रांत में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय की तीन लड़कियों और उनके चचेरे भाई को मुक्त करा लिया है। तीनों लड़कियों और उनके भाई का जबरन धर्मांतरण कराया जा रहा था जिसका हिंदू समुदाय की ओर से विरोध किए जाने पर पुलिस ने यह कार्रवाई की। हिंदू समुदाय ने 16, 19 और 22 वर्ष की तीन बहनों तथा उनके 13 वर्षीय चचेरे भाई की माताओं की अपील पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिन्होंने दावा किया कि उन्हें जबरन इस्लाम कबूल करवाया गया।

पुलिस ने चारों को हैदराबाद से मुक्त कराया। एसएसपी गुलाम नबी कीरियो ने कहा, हमने उनका धर्मांतरण कराने वाले संदिग्ध को भी गिरफ्तार कर लिया है। कीरियो ने बताया कि तीनों बहनें और उनका चचेरा भाई बुधवार सुबह बिना किसी को बताए घर से चले गए थे। कुछ घंटों बाद उनके वीडियो सामने आए, जिसमें चारों यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि उन्होंने अपनी मर्जी से इस्लाम धर्म अपनाया है। कीरियों के मुताबिक वीडियो में तीनों बहनें और चचेरा भाई अपने परिवार पर उन्हें नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने का आरोप लगाते सुनाई दे रहे थे। इस घटना के बाद उनकी माताओं ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की और कहा कि लड़का सिर्फ 13 साल का है और उसे धर्म की भी समझ नहीं है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद हिंदू पंचायत और कुछ निर्वाचित नेताओं ने पुलिस से कार्रवाई करने का आग्रह किया।

मुनीर ने अमेरिका में क्षेत्रीय शांति के प्रति प्रतिबद्धता जताई

इस्लामाबादः पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने अमेरिका में हुईं मुलाकातों के दौरान क्षेत्रीय शांति व स्थिरता और नियमों पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता जताई। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशंस ने कहा कि मुनीर ने ट्रंप से मुलाकात के बाद वाशिंगटन डीसी में वरिष्ठ स्कॉलर, विश्लेषकों, नीति विशेषज्ञों और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ व्यापक वार्ता की। मुनीर अमेरिकी वैचारिक समूहों और सामरिक मामलों के संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत से प्रमुख क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर पाकिस्तान के सैद्धांतिक रुख को स्पष्ट करने व पाकिस्तान के सामरिक दृष्टिकोण की समझ को बढ़ाने का अवसर मिला।

चिंताजनक | चिल्ड्रन इन आर्म्ड कॉन्फ्लिक्ट की वार्षिक रिपोर्ट में खुलासा, 18 साल से कम उम्र के बच्चों के खिलाफ घोर अपराध 25 % बढ़े

2024 के संघर्षों में बच्चों के खिलाफ अभूतपूर्व स्तर पर पहुंची हिंसा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल विभिन्न जगहों पर संघर्षों के दौरान बच्चों के खिलाफ हिंसा अभूतपूर्व स्तरों पर पहुंच गई। रिपोर्ट के अनुसार, सबसे ज्यादा अपराध गाजा और वेस्ट बैंक, कांगो, सोमालिया, नाइजीरिया और हैती में हुए हैं। गुरुवार देर रात जारी चिल्ड्रन इन आर्म्ड कॉन्फ्लिक्ट नामक वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 की तुलना में 2024 में 18 साल से कम उम्र के बच्चों के खिलाफ घोर अपराध 25 प्रतिशत बढ़े हैं।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस की इस रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में अपराधों में 21 प्रतिशत वृद्धि हुई थी। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कहा कि 2024 में बच्चों को निरंतर जारी रही शत्रुता व अंधाधुंध हमलों का खामियाजा भुगतना पड़ा। वे युद्ध विराम और शांति समझौतों की अवहेलना और गहराते मानवीय संकटों से प्रभावित हुए। उन्होंने युद्ध की रणनीतियों का जिक्र किया जिसमें बच्चों पर हमले, आबादी वाले क्षेत्रों में तेजी से विनाशकारी और विस्फोटक हथियारों की तैनाती, और लड़ाई के लिए बच्चों का व्यवस्थित शोषण शामिल है। संयुक्त राष्ट्र ने बच्चों के खिलाफ 41,370 घोर अपराधों की पुष्टि की है, इनमें से 36,221 अपराध 2024 में और 5,149 उससे पहले किए गए थे, लेकिन ये पिछले साल सत्यापित किए गए। इन अपराधों में बच्चों की हत्या, उन्हें अपंग बनाना, अपहरण, यौन हिंसा, स्कूलों और अस्पतालों पर हमला और युवाओं को मानवीय सहायता तक पहुंच से वंचित करना शामिल है। इजराइली सेना को दूसरे वर्ष भी बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन करने वाले देशों की काली सूची में रखा है।

बच्चों के खिलाफ गंभीर अपराध से स्तब्ध : गुतारेस

गुतारेस ने कहा कि वह कब्जे वाले फलस्तीनी क्षेत्रों और इजराइल में बच्चों के खिलाफ गंभीर अपराध से स्तब्ध हैं और अपराधों में वृद्धि, विशेष रूप से इजराइली बलों द्वारा मारे गए बच्चों की बड़ी संख्या बहुत चिंता की बात है। उन्होंने एक बार फिर इजराइल से अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन करने की अपील की। बच्चों के लिए विशेष सुरक्षा, स्कूलों और अस्पतालों की सुरक्षा, हमलों में लड़ाकों और नागरिकों के बीच अंतर करने तथा नागरिकों को अत्यधिक नुकसान से बचाने की आवश्यकता का अनुपालन करने की बात कही है। संरा ने कांगो में, पिछले साल 3,418 बच्चों के खिलाफ़ 4,043 सत्यापित गंभीर अपराधों की जानकारी दी है। सोमालिया में 1,992 बच्चों के खिलाफ 2,568, नाइजीरिया में 1,037 बच्चों के खिलाफ 2,436, हैती में 1,373 बच्चों के खिलाफ 2,269 सत्यापित गंभीर अपराधों की जानकारी दी गई है।